वर्ष- 13 अंक - 251
लखनऊ, गुरुवार 14 मई, 2026
पृष्ठ- 12 मूल्य- ₹ 3.00
लखनऊ से प्रकाशित

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# समृद्धि न्यूज़

समृद्ध समाज का आधार

samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com



बीडीओ ने सचिवों के साथ बैठककर की विकास कार्यों की समीक्षा 10
प्रधानमंत्री के आह्वान का असर: राज्यसभा सांसद ने वंदे भारत से की यात्रा 04

## सीबीएसई 12वीं का परिणाम घोषित, लड़कियों ने फिर मारी बाजी

▸ 85.20 प्रतिशत विद्यार्थी पास

**एजेंसी, नई दिल्ली।**






केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) ने बुधवार को 12वीं कक्षा का परिणाम घोषित कर दिया। इस वर्ष कुल 85.20 प्रतिशत विद्यार्थी परीक्षा में सफल रहे, जो पिछले साल के मुकाबले 3.19 प्रतिशत कम है। परीक्षा परिणाम में लड़कियों का प्रदर्शन लड़कों से बेहतर रहा है।

बोर्ड द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार, इस वर्ष 17,80,365 विद्यार्थियों ने पंजीकरण कराया था, जिनमें से 17,68,818 विद्यार्थी परीक्षा में शामिल हुए। इनमें 15,07,109 विद्यार्थी सफल घोषित किए गए। पास प्रतिशत में 3.19 प्रतिशत की कमी आई, जो 2025 के 88.39 प्रतिशत से घटकर 2026 में 85.20 प्रतिशत हो गया।

सीबीएसई के अनुसार लड़कियों का पास प्रतिशत 88.86 रहा, जबकि लड़कों का उत्तीर्ण प्रतिशत 82.13 प्रतिशत दर्ज किया गया। इस तरह लड़कियों ने लड़कों से 6.73 प्रतिशत बेहतर प्रदर्शन किया।

क्षेत्रवार प्रदर्शन में त्रिवेंद्रम क्षेत्र सबसे आगे रहा, जहां 95.62 प्रतिशत विद्यार्थी सफल हुए। इसके बाद चेन्नई, बेंगलुरु और विजयवाड़ा क्षेत्र का स्थान रहा। दिल्ली पश्चिम क्षेत्र का परिणाम 92.34 प्रतिशत और दिल्ली पूर्व क्षेत्र का परिणाम 91.73 प्रतिशत रहा। ओवरऑल दिल्ली क्षेत्र का पास प्रतिशत 91.97 प्रतिशत दर्ज किया गया जबकि प्रयागराज में सबसे कम 72.43 प्रतिशत पास प्रतिशत रहा।

विदेश स्थित सीबीएसई स्कूलों का परिणाम 90.50 प्रतिशत रहा। वहीं दिव्यांग (सीडब्ल्यूएसएन) विद्यार्थियों का उत्तीर्ण प्रतिशत 90.16 प्रतिशत दर्ज किया गया।

बोर्ड ने बताया कि इस वर्ष 1,63,800 विद्यार्थियों को कंपार्टमेंट श्रेणी में रखा गया है, जो कुल परीक्षार्थियों का 9.26 प्रतिशत है। इसके अलावा, 90 प्रतिशत या उससे अधिक अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों की संख्या 94,028 रही, जबकि 95 प्रतिशत से अधिक अंक हासिल करने वाले 17,113 विद्यार्थी रहे। स्कूलों के प्रदर्शन की बात करें तो केंद्रीय विद्यालयों (केवी) का परिणाम सबसे बेहतर रहा, जहां 98.55 प्रतिशत विद्यार्थी सफल हुए। जवाहर नवोदय विद्यालयों (जेएनवी) का परिणाम 98.47 प्रतिशत रहा। सरकारी स्कूलों का 89.55 प्रतिशत, सरकारी सहायता प्राप्त स्कूलों का 86.07 प्रतिशत, एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय (ईएमआरएस) का 85.55 और स्वतंत्र स्कूलों का परिणाम 84.22 प्रतिशत दर्ज किया गया है।

सीबीएसई ने कहा कि छात्रों की डिजिटल मार्कशीट, माइग्रेशन सर्टिफिकेट और अन्य दस्तावेज डिजिलॉकर के माध्यम से उपलब्ध कराए गए हैं। विद्यार्थी बोर्ड की आधिकारिक वेबसाइट और डिजिलॉकर प्लेटफॉर्म के जरिए अपना परिणाम देख सकते हैं। उल्लेखनीय है कि सीबीएसई की कक्षा 12 की बोर्ड परीक्षाएं 17 फरवरी से 9 अप्रैल तक आयोजित की गई थीं।

## कोई भी बाहरी दबाव देश को झुकने के लिए मजबूर नहीं कर सकता : मोदी

**एजेंसी, नई दिल्ली।**



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को 1998 के परमाणु पोखरण परीक्षण को याद करते हुए कहा कि इस अभियान ने भारत के अटल संकल्प को प्रदर्शित किया और दुनिया को साबित कर दिया कि कोई भी बाहरी दबाव देश को झुकने के लिए मजबूर नहीं कर सकता।

श्री मोदी ने बुधवार को परमाणु परीक्षणों की वर्षगांठ के अवसर पर सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि 1998 में आज ही के दिन भारत द्वारा किए गए परमाणु परीक्षणों ने दुनिया को दिखाया कि हमारे राष्ट्र का संकल्प कितना अटल है। 11 मई को हुए परीक्षणों के बाद पूरी दुनिया भारत पर दबाव बना रही थी लेकिन हमने दिखा दिया कि कोई भी शक्ति भारत को झुका नहीं सकती।

प्रधानमंत्री की यह टिप्पणी देश द्वारा द्वितीय-पोखरण परीक्षण की एक और वर्षगांठ मनाने के अवसर पर आई है, जिसे ऑपरेशन शक्ति के रूप में भी जाना जाता है। यह भारत के रणनीतिक और रक्षा इतिहास का एक ऐतिहासिक क्षण था जिसने राष्ट्र को एक घोषित परमाणु हथियार संपन्न देश के रूप में स्थापित किया।

### -: सर्राफा बाजार :-

| | | |
|---|---|---|
| गोल्ड | 24 कैरेट | = 1,62,150/10 ग्राम |
| | 22 कैरेट | = 1,48,650/10 ग्राम |
| | 18 कैरेट | = 1,21,650/10 ग्राम |
| चांदी | | = 3,10,000/किग्रा |



### संक्षिप्त समाचार

#### हिंदू होने के लिए मंदिर जाना जरूरी नहीं, घर में दिया जलाना काफी : सुप्रीम कोर्ट

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को सबरीमाला मामले पर सुनवाई के दौरान हिंदू धर्म को लेकर कुछ अहम टिप्पणियां की हैं। 9 जजों की संवैधानिक पीठ ने कहा है कि हिंदू धर्म असल में एक वे ऑफ लाइफ यानी जीवन जीने का एक तरीका है और आस्था साबित करने के लिए मंदिर जाने की कोई जरूरत नहीं है। इस दौरान मुख्य न्यायधीश जस्टिस सूर्यकांत ने जस्टिस बीवी नागरत्ना की बातों पर सहमति जताते हुए यह भी कहा कि अपनी आस्था साबित करने के लिए घर के अंदर दिया जलाना भी काफी है। बता दें कि सीजेआई सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली यह बेंच सबरीमाला मंदिर में महिलाओं के प्रवेश और महिलाओं की धार्मिक स्वतंत्रता से जुड़ी याचिकाओं पर सुनवाई कर रही थी।

#### बेकाबू डंपर की चपेट में आकर चार लोग घायल

**लखनऊ।** राजधानी स्थित मड़ियांव थाना से चन्द कदम की दूरी पर बुधवार सुबह एक बेकाबू डंपर ने सवारी बैठा रहे ई-ऑटो, सीएनजी ऑटो, एक कार सहित एक बाइक को रौंद दिया। सभी गाड़ियां बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गईं। हादसे में इन गाड़ियों के चालक समेत आधा दर्जन लोग बुरी तरह घायल हो गए। हादसा लखनऊ-सीतापुर रोड की सर्विस लेन पर फ्लाईओवर के नीचे चन्द्राढाल पर हुआ। हादसे में मड़ियांव (लखनऊ) के भरतनगर के रामखेलावन के बेटे आशु गौतम (26) का बायां पैर पूरा कट गया। कुशीनगर जिले के घोड़ादेउर पिपराइच के रहने वाले मोहन सिंह के बेटे (22) अभय कुमार सिंह की हालत नाजुक है। सरकारी टीचर निधि (28) दोनों ऑटो चालक पंकज (40) और श्याम सुंदर (49) भी घायल हुए हैं। मड़ियांव थाना शिवानंद मिश्रा ने बताया कि सुबह 7.15 बजे की सूचना है। गंभीर रूप से एक घायल को केजीएमयू ट्रॉमा सेंटर भेजा गया है। दूसरे को जानकीपुरम ट्रॉमा। कुल 4 लोग घायल हुए हैं, जिनमें से एक पंकज की डिटेल पुलिस निकाल रही है। डंपर (यूपी 78 जेटी 3673) के ड्राइवर की तलाश की जा रही है।

## सपा प्रमुख अखिलेश के छोटे भाई प्रतीक का निधन

▸ मुख्यमंत्री योगी समेत तमाम राजनेताओं ने आवास पर पहुंच कर दी श्रद्धांजलि

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**





उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के भाई प्रतीक यादव (38 वर्ष) का बुधवार सुबह निधन हो गया। पुलिस ने शव का किंग जार्ज मेडिकल कॉलेज में पोस्टमार्टम कराया। डॉक्टरों ने मौत की वजह कार्डियेक अरेस्ट बताया है।

पोस्टमार्टम रिपोर्ट में शरीर में किसी प्रकार का चोट का निशान नहीं है और आगे की जांच के लिए विसरा सुरक्षित रख लिया गया है। प्रतीक के निधन की खबर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव समेत तमाम राजनेताओं ने उनके आवास पर पहुंचकर श्रद्धांजलि दी और परिवार को ढांढस बंधाया।

प्रतीक यादव की पत्नी अपर्णा यादव भाजपानेत्री के साथ साथ उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की उपाध्यक्ष हैं और घटना के समय वे प्रदेश से बाहर थीं। वे भी दोपहर बाद आवास पहुंचीं। प्रतीक का अंतिम संस्कार गुरुवार को लखनऊ में होगा।

समाजवादी पार्टी के संस्थापक व पूर्व मुख्यमंत्री स्वर्गीय मुलायम सिंह यादव और उनकी दूसरी पत्नी स्वर्गीय साधना गुप्ता के बेटे प्रतीक यादव की बुधवार सुबह लगभग छह बजे किचेन में गिरने से अचानक तबियत बिगड़ गई। परिजन उन्हें लेकर सिविल अस्पताल हजरतगंज पहुंचे। जाँच के बाद डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने उनके शव का किंग जार्ज मेडिकल कॉलेज में पोस्टमार्टम कराया।

प्रतीक यादव की मृत्यु की खबर फैलते ही लखनऊ से लेकर सैफई तक शोक की लहर दौड़ गयी। सपा प्रमुख अखिलेश यादव छोटे भाई प्रतीक यादव की मौत की खबर पाकर तुरंत पोस्टमार्टम हाउस पहुंचे और दुख जताते हुए पूरे घटनाक्रम की जानकारी ली। उन्होंने प्रतीक को होनहार बताते हुए कहा कि उन्होंने एक अलग क्षेत्र में अपनी पहचान बनाई। उन्होंने कहा कि अगर परिवार किसी प्रकार की जांच चाहता है तो होनी चाहिए। उन्होंने प्रतीक के साथ हुई अपनी मुलाकातों को भी साझा किया। लगभग दो घंटे तक छह डॉक्टरों की टीम ने पोस्टमार्टम किया और जांच के लिए विसरा को सुरक्षित रखा। इसके बाद प्रतीक का पार्थिव शरीर उनके लखनऊ के विक्रमादित्य मार्ग स्थित आवास लाया गया, जहां परिजनों और शुभचिंतकों द्वारा अंतिम दर्शन और श्रद्धांजलि दी। प्रतीक के असामयिक निधन पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गहरा दुख व्यक्त किया। उन्होंने प्रतीक यादव के आवास पहुंच कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। सपा प्रमुख अखिलेश यादव, भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी, भाजपा प्रदेश महामंत्री संगठन धर्मपाल सिंह, वित्त मंत्री सुरेश खन्ना, भाजपा सांसद साक्षी महाराज, समाजवादी पार्टी की सांसद व अखिलेश यादव की पत्नी डिंपल यादव, शिव पाल सिंह यादव, कांग्रेस विधायक दल की नेता आराधना मिश्रा मोना समेत बड़ी संख्या में विभिन्न राजनीतिक दलों के नेता, विधायक, सांसद और पदाधिकारी प्रतीक यादव के आवास पहुंचे और श्रद्धांजलि अर्पित की। प्रतीक का अंतिम संस्कार गुरुवार दोपहर 12.30 बजे पिपराघाट लखनऊ में किया जायेगा। प्रतीक यादव देश के दिग्गज राजनीतिक परिवार से जरूर थे, लेकिन उन्होंने कभी सियासत में दिलचस्पी नहीं दिखायी। एक बार जब मुलायम सिंह यादव ने आजमगढ़ और मैनपुरी दोनों संसदीय सीट से चुनाव जीता था, तब कयास लगाए जा रहे थे कि प्रतीक किसी एक सीट से चुनाव लड़ सकते हैं लेकिन उन्होंने सियासत में जाना उचित नहीं समझा और राजनीति से हटकर व्यवसाय को अपनाया। उन्होंने राजधानी लखनऊ में सबसे बड़ा द फिटनेट प्लेनेट नाम से जिम खोला और रियल स्टेट में निवेश किया। वे पशुप्रेमी थे और पत्नी अपर्णा के साथ गौशाला जाकर नियमित रूप से गौसेवा करते थे। जीव आश्रय नाम से एक संस्था भी चलाते थे।

#### पोस्टमार्टम रिपोर्ट में कार्डियक अरेस्ट से मौत

प्रतीक यादव के शव का पोस्टमार्टम होने के बाद अब रिपोर्ट भी सामने आ गयी है। डॉक्टरों ने कार्डियक अरेस्ट से मौत होने की वजह बतायी है। रिपोर्ट के अनुसार आक्सीजन सप्लाई रुकने से हालात बिगड़ी है। बड़ा ब्लड क्लाट बनने से सांसें रुक गयी थीं जबकि खून के थक्के फेफड़ों की धमनियों में फंस गये थे और इसलिए मौत हुई है। रिपोर्ट में यह भी है कि दिल के दाहिने हिस्से में दबाव अधिक बढ़ गया था। सिविल अस्पताल प्रशासन ने भी मृत्यु के लिए किसी प्रकार के जहर की पुष्टि नहीं की है।

#### बीमारी या सामान्य मौत, सपा विधायक ने की जांच की मांग

प्रतीक यादव की मौत को लेकर लखनऊ के मध्य क्षेत्र से समाजवादी पार्टी के विधायक रविदास मेहरोत्रा ने पूरे मामले की उच्च स्तरीय जांच की मांग की है। मीडिया से बातचीत में उन्होंने कहा कि पोस्टमार्टम करने की वजह पूछने पर डॉक्टरों ने बताया कि मौत संदिग्ध होने पर पीएम किया जाता है, इसलिए प्रतीक यादव के शव का पीएम किया जा रहा है, तो जाहिर सी बात है कि कुछ संदिग्ध है, इसलिए जांच जरूरी है लेकिन प्रतीक के परिजन किसी प्रकार की टिप्पणी नहीं कर रहे हैं। हालांकि कुछ दिन पूर्व प्रतीक लखनऊ के एक निजी अस्पताल में फेफड़े संबंधी उपचार के लिए भर्ती हुए थे और फिर घर आ गये।

#### पत्नी संग रिश्तों में आयी खटास

विवाह के बाद प्रतीक यादव और अपर्णा के रिश्तों में पहले जैसी गर्माहट नहीं थी। बल्कि बीच-बीच में तल्खी होने की खबरें आती रहीं। इस साल कुछ ऐसी भी खबरें सोशल मीडिया में आयी जिनमें प्रतीक यादव ने इंस्टाग्राम पर अपर्णा को लेकर कुछ मनमुटाव वाली बातें कही थीं। एक के बाद एक पोस्ट से रिश्तों में अधिक कड़ुवाहट आयी लेकिन बाद में इस मामले का पटाक्षेप हो गया। इसके बाद दोनों पक्षों में किसी प्रकार के विवाद की खबरें सुर्खियां नहीं बनीं।

#### प्रतीक सपा व अपर्णा भाजपा के साथ

प्रतीक से विवाह के बाद अपर्णा ने समाजवादी पार्टी की राजनीति शुरु की। उन्होंने 2017 में लखनऊ की कैंट विधानसभा से साइकिल चुनाव चिह्न पर चुनाव भी लड़ा, लेकिन भाजपा की रीता बहुगुणा जोशी से वे हार गयीं थी। इसके बाद वर्ष 2022 के चुनाव से पहले उन्होंने भाजपा की ओर रुख किया और भाजपा में शामिल हो गयी। वर्तमान में अपर्णा उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की उपाध्यक्ष हैं। वहीं प्रतीक राजनीतिक तौर पर सक्रिय नहीं थे, लेकिन सपा प्रमुख अखिलेश यादव के समर्थन में ही रहते थे। कभी भी उन्हें सपा के विरोध में बयान देते नहीं सुना गया और न ही ऐसे किसी कार्यक्रम में गये जहां अखिलेश यादव के विरोधी बातें होती हों।

#### प्रतीक और अखिलेश यादव दोनों साथ-साथ

सपा संस्थापक मुलायम सिंह यादव के जीवित रहते ही पार्टी पर वर्चस्व को लेकर खींचतान शुरु हो गयी थी। इसमें अखिलेश यादव एक तरफ तो मुलायम सिंह दूसरी तरफ थे। परिवार भी बंटा हुआ था, लेकिन प्रतीक और अखिलेश यादव के बीच कभी तल्ख बातचीत नहीं हुई । पूर्व मुख्यमंत्री मुलायम सिंह यादव के निधन के बाद भी अखिलेश यादव और प्रतीक यादव ने परिवार की गरिमा हमेशा बनाये रखी और दोनों एक दूसरे के साथ बने रहे।

### खरीफ फसलों के लिए एमएसपी 2026-27 घोषित

## धान पर 72, सूरजमुखी पर बढ़ाए गये 622 रुपये

**एजेंसी, नई दिल्ली।**



केन्द्र सरकार ने खरीफ फसलों के वर्ष 2026-27 के लिए एमएसपी में बढ़ोतरी की है। धान में 72 रुपये, ज्वार में 324 और मक्का पर 10 रुपये प्रति क्वींटर की बढ़ोतरी की गई है। इसके अलावा सूरजमुखी के बीज पर 622 रुपये प्रति क्विंटल की बढ़ोतरी हुई है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में हुई आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति (सीसीईए) ने विपणन सत्र 2026-27 के लिए 14 खरीफ फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) में बढ़ोतरी को मंजूरी दे दी है। सरकार ने किसानों को उनकी उपज का लाभकारी मूल्य सुनिश्चित करने के उद्देश्य से यह फैसला लिया है।

केन्द्रीय मंत्री अश्वनी वैष्णव ने राष्ट्रीय मीडिया केन्द्र में पत्रकार वार्ता में बताया कि सरकार ने वर्ष 2026-27 के विपणन सत्र के लिए खरीफ फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) में वृद्धि की है, ताकि किसानों को उनकी उपज का लाभकारी मूल्य मिल सके। पिछले वर्ष की तुलना में एमएसपी में सबसे अधिक वृद्धि सूरजमुखी के बीज (622 रुपये प्रति क्विंटल), उसके बाद कपास (557 रुपये प्रति क्विंटल), नाइजरसीड (515 रुपये प्रति क्विंटल) और तिल (500 रुपये प्रति क्विंटल) की गई है।

खरीफ विपणन सत्र 2026-27 के लिए धान (कॉमन) के एमएसपी में 72 रुपये की बढ़ोत्तरी कर इसे 2369 रुपये से 2441 रुपये प्रति क्विंटल किया गया है। वहीं धान ग्रेड-ए के एमएसपी में भी 72 रुपये की वृद्धि कर इसे 2389 रुपये से 2461 रुपये प्रति क्विंटल कर दिया गया है।

ज्वार (हाइब्रिड) के एमएसपी में 324 रुपये की बढ़ोत्तरी कर इसे 3699 रुपये से 4023 रुपये प्रति क्विंटल किया गया है, जबकि ज्वार मालदांडी के एमएसपी में 324 रुपये की वृद्धि कर इसे 3749 रुपये से 4073 रुपये प्रति क्विंटल किया गया है। बाजरा के एमएसपी में 125 रुपये की बढ़ोत्तरी कर इसे 2775 रुपये से 2900 रुपये प्रति क्विंटल किया गया है। रागी के एमएसपी में 319 रुपये की वृद्धि कर इसे 4886 रुपये से 5205 रुपये प्रति क्विंटल कर दिया गया है।

#### अरहर-तूर के एमएसपी में 450 रुपये की वृद्धि

मक्का के एमएसपी में 10 रु. की बढ़ोत्तरी कर इसे 2400 रु. से 2410 रु. प्रति क्विंटल किया गया है। अरहर/तूर के एमएसपी में 450 रु. की वृद्धि कर इसे 8000 रु. से 8450 रुपये प्रति क्विंटल किया गया है। मूंग के एमएसपी में 12 रु. की बढ़ोत्तरी कर इसे 8768 रु. से 8780 रु. प्रति क्विंटल किया गया है, जबकि उड़द के एमएसपी में 400 रु. की वृद्धि कर इसे 7800 रु. से 8200 रु. प्रति क्विंटल किया गया है। मूंगफली के एमएसपी में 254 रु. की बढ़ोत्तरी कर इसे 7263 रुपये से 7517 रु. प्रति क्विंटल किया गया है। सूरजमुखी बीज के एमएसपी में 622 रु. की वृद्धि कर इसे 7721 रुपये से 8343 रु. प्रति क्विंटल किया गया है। सोयाबीन (पीला) के एमएसपी में 380 रु. की बढ़ोत्तरी कर इसे 5328 रु. से 5708 रु. प्रति क्विंटल किया गया है। तिल के एमएसपी में 500 रु. की वृद्धि कर इसे 9846 रुपये से 10346 रु. प्रति क्विंटल कर दिया गया है, जबकि नाइजरसीड के एमएसपी में 515 रु. की बढ़ोत्तरी कर इसे 9537 रु. से 10052 रु. प्रति क्विंटल किया गया है। कपास (मध्यम रेशा) के एमएसपी में 557 रुपये की वृद्धि कर इसे 7710 रु. से 8267 रुपये प्रति क्विंटल किया गया है। वहीं कपास (लंबा रेशा) के एमएसपी में भी 557 रुपये की बढ़ोत्तरी कर इसे 8110 रु. से 8667 रु. प्रति क्विंटल कर दिया गया है।

## विजय 'सरकार' ने 144 मतों के साथ जीता विश्वास मत

**144 मत में 27 एआईएडीएमके सदस्यों का भी समर्थन**



**एजेंसी, चेन्नई।** तमिलनाडु विधानसभा में मुख्यमंत्री विजय के नेतृत्व वाली तमिलगा वेत्रि कड़गम (टीवीके) सरकार ने विश्वास मत हासिल कर लिया। विजय को अपना बहुमत साबित करने के लिए 117 विधायकों के समर्थन की आवश्यकता थी, लेकिन उन्हें सदन में 144 विधानसभा सदस्यों का समर्थन मिला। सरकार के पक्ष में एआईएडीएम के 27 सदस्यों ने भी मतदान किया।

## एन रंगासामी ने पुडुचेरी के सीएम के रूप में ली शपथ

**एजेंसी, पुडुचेरी।**



अनुभवी नेता और एआईएनआरसी के संस्थापक एन. रंगासामी ने बुधवार को पांचवीं बार पुडुचेरी के मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली। उनके साथ एआईएनआरसी के मल्लाडी कृष्णा राव और भाजपा के ए. नमशिवायम ने भी मंत्री पद की शपथ ग्रहण की। उपराज्यपाल के. कैलाशनाथन ने राजनिवास में आयोजित शपथ ग्रहण समारोह में सभी नेताओं को पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई।

DR. SARVESH SHUKLA INSTITUTE OF PHARMACY
SITAPUR ROAD, SABLAPUR- BAHRAICH (271825) U.P.
Approved by PCI, Govt. of India| Affiliated to AKTU, BTE UP Lucknow
A Unit of SKS Group of Institutions
FACULTY REQUIREMENTT

| Department | Professor | Associate /Assistant Professor |
|---|---|---|
| PHARMACOLOGY | 01 | 01 |
| PHARMACEUTICS | 01 | 01 |
| P' CHEMISTRY | 01 | 01 |
| P' QUALITY ASSURANCE | - | 01 |

LAB. TECHNICIAN-06 POST (Eligibility D.PHARMACY/B.PHARMACY)
• Eligibility Criteria and Pay Scale are as per PCI norms.
• Last Date For Accepting Application 18/05/2026.
Interested Candidate Must Send Their Application With Detailed Resume In Soft Copy To
Email: ssip.bahraich@gmail.com
With All Relevant Documents
In case of non-availability of a candidate from desired department, vacancy could be filled by other departments.

## वर्तमान वैश्विक परिस्थितियों में ईंधन संरक्षण केवल आर्थिक आवश्यकता नहीं, बल्कि राष्ट्रीय दायित्व भी है : योगी

▸ 50 से अधिक कर्मचारियों वाले संस्थानों में सप्ताह में कम से कम दो दिन 'वर्क फ्राम होम' व्यवस्था लागू करने का निर्देश

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंत्रिमंडल विस्तार के बाद बुधवार को आवास पर पहली बार सभी मंत्रियों की बैठक ली।

बैठक में उन्होंने मंत्रियों से जनता के सामने उदाहरण पेश करने के लिए सप्ताह में कम से कम एक दिन सार्वजनिक परिवहन का उपयोग करने का आह्वान किया। कहा कि मंत्री कम एक दिन मेट्रो, बस, ई-रिक्शा, कारपूलिंग या साइकिल का उपयोग करें। सीएम ने एक दिन पहले मंत्रियों के वाहन फ्लीट को 50 प्रतिशत कम किए जाने के निर्णय से अवगत कराते हुए कहा कि अगले छह महीने अपरिहार्य परिस्थितियों को छोड़कर विदेश यात्राओं से परहेज करें।

सीएम योगी ने कहा कि वर्तमान वैश्विक परिस्थितियों में ईंधन संरक्षण केवल आर्थिक आवश्यकता नहीं, बल्कि राष्ट्रीय दायित्व भी है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अपील को धरातल पर उतारने के लिए सबसे पहले मंत्रिमंडल को आदर्श प्रस्तुत करना होगा। मंत्रीगण सप्ताह में एक निर्धारित सार्वजनिक परिवहन का प्रयोग करेंगे तो समाज में सकारात्मक संदेश जाएगा। इससे आमजन भी प्रेरणा लेंगे। उन्होंने अंतरजनपदीय बैठकें, प्रशिक्षण कार्यक्रम, विधानसभा और विधान परिषद की स्टैंडिंग कमेटियों की बैठकें वर्चुअल मोड में करें। मुख्यमंत्री ने सचिवालय और निदेशालय में एसी का तापमान 24 से 26 डिग्री सेल्सियस के बीच रखने का निर्देश दिया। वहीं दोनों स्थानों पर लिफ्ट का प्रयोग कम करने की अपील की। सीएम ने 50 से अधिक कर्मचारियों वाले संस्थानों में सप्ताह में कम से कम दो दिन 'वर्क फ्रॉम होम' व्यवस्था लागू करने का निर्देश दिया। मुख्यमंत्री ने सौर ऊर्जा को लेकर रिहायशी कॉलोनियों, विद्यालयों और महाविद्यालयों में जागरुकता अभियान चलाने का निर्देश दिया। प्रदेश में इलेक्ट्रिक वाहनों के लिए नई नीति तैयार करने का निर्देश दिया।



# मासूम की गला रेत कर की हत्या, झाड़ियों में मिला शव

- पुरानी रंजिश के चलते खुन्नस में आरोपियों ने बेटे को मौत के घाट उतारा: मां
- पड़ोस की शादी में शामिल होने गया था मासूम





**कैसरगंज, बहराइच समृद्धि न्यूज़।**

जिले के कैसरगंज थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत मंझारा तौकली के मजरे दयाल पुरवा में 8 वर्षीय बालक धनंजय पुत्र लक्ष्मण की गला रेतकर बेरहमी से हत्या कर दी गई। बालक का शव बुधवार सुबह घर से महज 100 मीटर की दूरी पर स्थित मूंजा की झाड़ियों में बरामद हुआ है। इस जघन्य हत्याकांड से पूरे क्षेत्र में सनसनी फैल गई है और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। मृतक की मां का कहना है कि बीती रात गांव में एक शादी का कार्यक्रम था। वहां बज रहे डीजे और सांस्कृतिक प्रोग्राम को देखने के लिए उनका बेटा धनंजय गया था। जब वह देर रात तक वापस नहीं लौटा, तो परिजनों को चिंता हुई। पूरी रात खोजबीन की गई, लेकिन बालक का कहीं पता नहीं चला। बुधवार सुबह घर के पास ही झाड़ियों में उसका लहूलुहान शव मिलने से कोहराम मच गया। मृतक की मां ने गांव के ही कुछ लोगों पर हत्या का सीधा आरोप लगाया है। उनका कहना है कि परिवार की पुरानी रंजिश चल रही थी और उसी खुन्नस में आरोपियों ने उनके बेटे को मौत के घाट उतार दिया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस विभाग में हड़कंप मच गया। मामले की संवेदनशीलता को देखते हुएपुलिस अधीक्षक विश्वजीत श्रीवास्तव ने आला अधिकारियों संग तत्काल घटनास्थल का दौरा किया। फॉरेंसिक टीम ने मौके से साक्ष्य जुटाए हैं ताकि कातिलों तक पहुंचा जा सके।

मासूम की निर्मम हत्या के बाद गांव में तनाव और शोक का माहौल है। मौके पर शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया गया है। वन विभाग की टीम ने भी अपनी जांच पूरी कर ली है ताकि यह स्पष्ट हो सके कि इसमें किसी जंगली जानवर की भूमिका तो नहीं है, हालांकि प्राथमिक दृष्टि से मामला रंजिश और हत्या का ही प्रतीत हो रहा है। थानाध्यक्ष राजेश कुमार शुक्ला ने बताया कि पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है घटना की जांच की जा रही है।

मीडिया से बात करते हुए एसपी विश्वजीत श्रीवास्तव ने कहा कि 'घटना के हर पहलू की बारीकी से जांच की जा रही है। साक्ष्य संकलन के लिए फॉरेंसिक टीम को लगाया गया है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। घटना के सफल अनावरण के लिए पुलिस की कई टीमें गठित कर दी गई हैं। जल्द ही हत्यारों को सलाखों के पीछे भेजा जाएगा। किसी भी कीमत पर दोषियों को बख्शा नहीं जाएगा।

# भारत-नेपाल सीमा पर चरस के साथ तस्कर गिरफ्तार

- 2.5 करोड़ रुपए की चरस बरामद, भेजा गया जेल



**बहराइच समृद्धि न्यूज़।** भारत-नेपाल सीमा से सटे रूपईडीहा इलाके में सशस्त्र सीमा बल और स्थानीय पुलिस की संयुक्त टीम ने एक नेपाली मादक पदार्थ तस्कर को गिरफ्तार किया है। उसके पास से करोड़ों रुपये मूल्य की चरस बरामद की गई है। रूपईडीहा थाना प्रभारी रमेश रावत को मुखबिर से सूचना मिली थी कि नेपाल के बांके जिले का निवासी जाबिर नामक युवक बड़ी मात्रा में मादक पदार्थ लेकर रूपईडीहा के मॉल गोदाम रोड की ओर आया है। इस सूचना पर उपनिरीक्षक अब्दुल कादिर, आरक्षी सोविंद्र यादव, अभिषेक सिंह और एसएसबी के उपनिरीक्षक देवेंद्र सिंह, अशोक कुमार व राहुल कुमार की टीम ने घेराबंदी की। टीम ने जाबिर को राजू किराना स्टोर के पास से हिरासत में लिया। तलाशी के दौरान उसके थैले में छिपाकर रखी 4 किलो 665 ग्राम चरस बरामद हुई। थाना प्रभारी रमेश सिंह रावत ने बताया कि बरामद चरस की अंतरराष्ट्रीय बाजार में अनुमानित कीमत 2 करोड़ 50 लाख रुपये है।

# ठाकुर भगौती सिंह किसान इंटर कॉलेज में उत्कृष्ट स्थान पाने वाले छात्र-छात्राओं को किया गया सम्मानित

**जरवलरोड, बहराइच समृद्धि न्यूज़।**



जरवल रोड स्थित ठाकुर भगौती सिंह किसान इण्टर कालेज में हाईस्कूल एवं इण्टरमीडिएट परीक्षा में जनपद तथा विद्यालय स्तर पर उत्कृष्ट स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं एवं उनके अभिभावकों को समारोह पूर्वक सम्मानित किया गया। अध्यक्षता विद्यालय के प्रबंधक भूपेंद्र प्रताप सिंह ने की तथा संचालन प्रवक्ता संजय कुमार शुक्ला द्वारा किया गया। समारोह का शुभारंभ विद्यालय के संस्थापक एवं स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्वर्गीय ठाकुर भगौती सिंह की प्रतिमा पर मुख्य अतिथित द्वारा माल्यार्पण के साथ हुआ। विद्यालय प्रबंध समिति की ओर से प्रधानाचार्य विनोद कुमार मिश्रा एवं शिक्षकों ने उपस्थित अतिथियों का माल्यार्पण कर स्वागत किया। इण्टरमीडिएट परीक्षा में जनपद में आठवां स्थान प्राप्त करने वाले छात्र अमन वर्मा सहित अन्य मेधावी छात्र-छात्राओं को मैडल, प्रशस्ति पत्र एवं मालाएं प्रदान कर सम्मानित किया गया। वहीं उनके अभिभावकों को अंगवस्त्र भेंट कर विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए आईपीएल चीनी मिल प्रबंधक टी पीएस राणा प्रबंध समिति के वरिष्ठ सदस्य कृष्ण पाल मिश्रा, डॉ. अवधेश कुमार शर्मा एवं अल्ताफ हुसैन एडवोकेट ने विशेष स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों के साथ-साथ विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाओं की भी सराहना की। इस अवसर पर आईपीएल चीनी मिल द्वारा उपलब्ध कराए गए फर्नीचर को भूगोल कक्ष हेतु विद्यालय को समर्पित किया गया। समारोह में आईपीएल चीनी मिल के गन्ना प्रबंधक संजीव कुमार चौधरी, शेषनारायन यादव,पीटीए अध्यक्ष पवन कुमार सिंह, भाजपा नेता ओम प्रकाश अवस्थी, उपप्रधानाचार्य अशोक कुमार, ललित कुमार दीक्षित, कुंवर आनन्द प्रताप सिंह, महेंद्र पाल करम हुसैन, राजेश कुमार ओमप्रकाश गुप्ता धर्मानंद वर्मा मनोज भारती मोहम्मद लाम ज्ञानेश कुमार अवध बिहारी , पूनम वर्मा सहित सभी शिक्षक, अभिभावक एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारी आदि उपस्थित रहे।

## बाल कृष्णा द्विवेदी रघुकुल विद्यापीठ से 92% नंबर पाकर उत्तीर्ण



**गोंडा, समृद्धि न्यूज़।**

पिता राजेश द्विवेदी एवं माता पदमा द्विवेदी राजेश द्विवेदी श्री गांधी विद्यालय इंटर कॉलेज रेलवे कॉलोनी बड़गांव गोंडा के प्रधानाचार्य हैं और उनके सुपुत्र बालकृष्ण द्विवेदी जो रघुकुल विद्यापीठ के छात्र हैं और इन्होंने 92% अंक लाकर अपने परिवार और माता-पिता का मान बढ़ाया इतने अच्छे नंबरों से उत्तीर्ण होने की खुशी में इनकी माता पदमा द्विवेदी एवं पिता राजेश द्विवेदी ने मिठाई खिलाकर बधाई दी।

# आदर्श समाज सहयोग जैसी संस्थाओं को आगे आना चाहिए: धनंजय

- चिकित्सा शिविर जैसे आयोजन वंचित बस्तियों में भी होने चाहिए



**बहराइच समृद्धि न्यूज़।** आदर्श समाज सहयोग समिति के तत्वाधान में एक वृहद चिकित्सा शिविर का आयोजन शहर के ममता कंपलेक्स में आयोजित हुआ। शिविर में लगभग आधा दर्जन से अधिक चिकित्सकों ने मरीज का स्वास्थ्य परीक्षण किया एवं उन्हें दवाएं भी उपलब्ध कराई। शिविर के मुख्य अतिथि धनन्जय सिंह एडवोकेट जिलाध्यक्ष हिंदू जागरण मंच ने शिविर का फीता काटकर शुभारंभ किया। इस दौरान समिति की अध्यक्ष किरण मिश्रा एवं सचिव बेबी श्रीवास्तव ने मुख्य अतिथि को अंग वस्त्र व माला पहनकर एवं बैच लगाकर उनका स्वागत किया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य आर्थिक रूप से कमजोर लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण कराकर उन्हें उपचार प्रदान किया जाना रहा। मुख्य अतिथि धनन्जय सिंह ने कहा कि ऐसे आयोजन समाज के संपन्न लोगों को आयोजित करने चाहिए जिससे समाज के दबे कुचले व आर्थिक रूप से कमजोर लोगों को बेहतर स्वास्थ्य परीक्षण के बाद बेहतर चिकित्सा मिल सके उन्होंने कहा कि मुझे यहां आकर अत्यंत प्रसन्नता का भाव उत्पन्न हो रहा है। मैं समिति के सभी जिम्मेदारों के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित करना चाहता हूं इस दौरान लगभग सैकड़ो मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। उन्हें दवाएं आदि उपलब्ध कराई गई। चिकित्सा शिविर में डॉक्टर आफाक अहमद के नेतृत्व में डॉक्टर सहाबुद्दीन, डॉक्टर अकरम, डॉक्टर सैयद जफर हुसैन संक्रामक रोग विशेषज्ञ, मकबूल हैदर जाफरी चिकित्सा अधिकारी, सुधीर पांडे फार्मासिस्ट, अब्दुल रहीम ऑप्टोमेटिक, उमेश चंद्र, अमरजीत गुप्ता ने उपस्थित मरीज का बेहतर ढंग से स्वास्थ्य परीक्षण किया। इस दौरान समिति की अध्यक्ष किरण मिश्रा, सचिव व कोषाध्यक्ष बेबी श्रीवास्तव रीता श्रीवास्तव, सृष्टि श्रीवास्तव, रामेश जायसवाल, मुस्कान गुप्ता, संतोष दिक्षित, अमन सहित दर्जनों कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## खबरें एक नजर में

### बढ़ती भीड़, बढ़ती जरूरतें और अब भी अधूरी 'सुलभ' व्यवस्था

**समृद्धि न्यूज़, उतरौला (बलरामपुर)।** उतरौला नगर में विकास के दावे भले ही लगातार किए जा रहे हों, लेकिन जमीनी हकीकत कई बार इन दावों पर सवाल खड़े करती नजर आती है। नगर के सबसे व्यस्त और महत्वपूर्ण स्थलों में शामिल डॉ. भीमराव अंबेडकर चौराहा इसका एक प्रमुख उदाहरण बनता जा रहा है, जहां आज भी सार्वजनिक सुलभ शौचालय जैसी मूलभूत सुविधा का अभाव बना हुआ है। यह समस्या केवल सुविधा की कमी भर नहीं, बल्कि महिलाओं की गरिमा, यात्रियों की परेशानी और नगर की व्यवस्थागत चुनौतियों से जुड़ा गंभीर विषय बन चुकी है। डॉ. भीमराव अंबेडकर चौराहा उतरौला नगर का प्रमुख संपर्क केंद्र माना जाता है। यही चौराहा उतरौला बाजार को बलरामपुर जिला मुख्यालय तथा पड़ोसी जनपद गोंडा से जोड़ता है। इसके साथ ही उतरौला-मनकापुर मार्ग और उतरौला-डुमरियागंज मार्ग का आवागमन भी इसी चौराहे से होकर गुजरता है। दिनभर यहां वाहनों, यात्रियों, व्यापारियों और स्थानीय लोगों की भारी आवाजाही बनी रहती है। दूरदराज क्षेत्रों से आने वाले लोग इसी मार्ग से होकर तहसील, बाजार, अस्पताल, बैंक और अन्य आवश्यक कार्यों के लिए नगर में प्रवेश करते हैं। इस चौराहे की सामाजिक और धार्मिक महत्ता भी कम नहीं है। यहां स्थित बाबा श्री फक्कड़ दास मंदिर लंबे समय से श्रद्धालुओं की आस्था का प्रमुख केंद्र बना हुआ है। शांत और रमणीय वातावरण के कारण यह स्थल छोटे वैवाहिक कार्यक्रमों के लिए भी लोगों की पहली पसंद माना जाता है। वर-वधू की छिकाई, वरक्षा, पारिवारिक मिलन तथा अन्य सामाजिक कार्यक्रमों में बड़ी संख्या में महिलाएं, पुरुष, बुजुर्ग और बच्चे शामिल होते हैं। ऐसे आयोजनों के दौरान घंटों लोगों की उपस्थिति बनी रहती है, लेकिन सार्वजनिक शौचालय न होने के कारण विशेष रूप से महिलाओं और किशोरियों को भारी असुविधा का सामना करना पड़ता है। स्थानीय व्यापारियों और रेडी-पटरी दुकानदारों का कहना है कि चौराहे पर प्रतिदिन सैकड़ों लोग आते-जाते हैं, लेकिन शौचालय की सुविधा न होने से लोगों को इधर-उधर भटकना पड़ता है। कई बार बाहरी यात्रियों को शर्मिंदगी तक झेलनी पड़ती है। दुकानदारों का मानना है कि यदि यहां एक व्यवस्थित सुलभ शौचालय का निर्माण हो जाए तो इससे आम जनता, व्यापारियों और राहगीरों सभी को राहत मिलेगी। नगरवासियों का यह भी कहना है कि स्वच्छता अभियान, स्मार्ट नगर और जनसुविधाओं के बड़े-बड़े दावे किए जाते हैं, लेकिन वास्तविक जरूरत वाले स्थान आज भी बुनियादी सुविधाओं से वंचित हैं। जिस चौराहे से प्रतिदिन हजारों लोगों का आवागमन होता हो, वहां सार्वजनिक शौचालय का न होना प्रशासनिक प्राथमिकताओं पर प्रश्नचिह्न खड़ा करता है। विशेषज्ञों की मानें तो किसी भी नगर की पहचान केवल सड़क और भवनों से नहीं, बल्कि वहां उपलब्ध जनसुविधाओं से होती है। सार्वजनिक शौचालय जैसी व्यवस्थाएं स्वास्थ्य, स्वच्छता और महिला सुरक्षा से सीधे जुड़ी होती हैं। खासकर बाजार और धार्मिक स्थलों के आसपास इन सुविधाओं की उपलब्धता अत्यंत आवश्यक मानी जाती है।



# आपसी विवाद में युवक को मारी गोली, गंभीर रूप घायल

पारिवारिक विवाद में पट्टीदारों पर आरोप, जिला अस्पताल रेफर



**बहराइच समृद्धि न्यूज़।** जिले के नानपारा कोतवाली क्षेत्र के लीलापुरवा गांव में पारिवारिक विवाद के चलते एक युवक को गोली मार दी गई। घायल युवक की पहचान 30 वर्षीय विनोद यादव के रूप में हुई है। परिजनों ने पट्टीदारों पर गोली मारने का आरोप लगाया है। घायल विनोद यादव ने बताया कि वह शाम करीब 6 बजे अपने घर की दीवार पर पानी डाल रहा था। इसी दौरान दो आरोपी धारदार हथियार लेकर आए और उसे दौड़ाया। इसके बाद उन्होंने कट्टे से गोली मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। गोली लगने के बाद परिजन घायल विनोद को कोतवाली ले गए, जहां से उसे प्राथमिक उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) नानपारा भेजा गया। सीएचसी के चिकित्सक संतोष यादव ने बताया कि घायल को अत्यधिक रक्तस्राव हो रहा था, प्राथमिक उपचार के बाद उसे जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया गया है। एक्स-रे के बाद ही उसकी सही स्थिति स्पष्ट हो पाएगी। सीओ नानपारा पहुप सिंह ने बताया कि घायल अवस्था में युवक कोतवाली आया था, जिसे तत्काल सीएचसी भेजा गया। उन्होंने आश्वासन दिया कि तहरीर मिलने पर मुकदमा दर्ज कर आगे की जांच की जाएगी। घटना की सूचना मिलते ही अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण डी पी तिवारी भी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे और घायल विनोद से घटना के संबंध में जानकारी ली।

# दो आरोपी चढ़े पुलिस के हत्थे, लाखों के जेवर-नकदी बरामद

- झपटमारी का पुलिस ने किया खुलासा, 25 हजार का एक इनामी सहित दो गिरफ्तार



**बहराइच समृद्धि न्यूज़।** कैसरगंज पुलिस ने लगभग एक महीनें पहले हुई झपटमारी की घटना का खुलासा 12 मई को किया है। इस मामले में 25 हजार रुपए के एक इनामी बदमाश सहित दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने उनके पास से चोरी का माल और अवैध हथियार भी बरामद किए हैं। यह कार्रवाई एसपी विश्वजीत श्रीवास्तव के निर्देश, एएसपी नगर आयुष विक्रम सिंह और सीओ कैसरगंज डी. के. श्रीवास्तव के पर्यवेक्षण में की गई। थाना अध्यक्ष राजेश शुक्ला और उनकी टीम ने अपराध एवं अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत यह सफलता हासिल की। झपटमारी की यह घटना 13 अप्रैल 2026 की रात कैसरगंज थाना क्षेत्र के पीपल वाली गली में हुई थी।

सुरेश पुत्र हनुमान प्रसाद चौहान अपनी दुकान से घर लौट रहे थे, तभी दो अज्ञात बाइक सवारों ने उन्हें टक्कर मारकर गिरा दिया। बदमाशों ने उनका बैग छीन लिया, जिसमें लगभग 50 हजार रुपये नकद और सोने-चांदी के जेवर थे। इसी दौरान, पीछे से आए दो अन्य बदमाशों ने उनका मोबाइल फोन और बाइक की डिग्गी से टिफिन भी छीन लिया और फरार हो गए। इस संबंध में थाना कैसरगंज में मुकदमा दर्ज कर पुलिस टीम गठित की गई थी। लगातार छानबीन और मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया। इनकी पहचान सूरज तिवारी पुत्र जगदम्बा प्रसाद तिवारी निवासी वारसड़ी दरियला नकहा, थाना कटरा बाजार, जनपद गोंडा, और शुभम तिवारी उर्फ शिवम पुत्र सुशील तिवारी निवासी पिपरी माझा, थाना कटरा बाजार, जनपद गोंडा के रूप में हुई है।

पुलिस के अनुसार, गिरफ्तार शुभम तिवारी उर्फ शिवम पर 25 हजार रुपये का इनाम घोषित था।

आरोपियों के कब्जे से चोरी और झपटमारी से संबंधित सोने-चांदी के आभूषण, नकदी, मोबाइल फोन, एक स्टील का टिफिन, एक अवैध तमंचा 315 बोर और एक जिंदा कारतूस बरामद किया गया है।

# बर्दिया गांव में आपदा प्रबंधन का प्रैक्टिकल डेमो



- जीसीओवाई 79 वाहिनी ने ग्रामीणों को दिया प्रशिक्षण, आपदा से बचाव के उपकरणों का किया प्रदर्शन

**बहराइच समृद्धि न्यूज़।**

ग्राम बर्दिया में बुधवार सुबह जी कंपनी 79 वाहिनी द्वारा आपदा प्रबंधन पर एक विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसका उद्देश्य ग्रामीणों को आपदा की स्थिति से निपटने के लिए जागरूक करना था। सुबह 09:30 बजे से 11:00 बजे तक चले इस कार्यक्रम का नेतृत्व निरीक्षक हिमांशु शेखर ने किया। उनकी टीम में उप निरीक्षक ज्ञानानंद, दीपक थापा और सहायक उप निरीक्षक मृदुल गोगोई सहित कुल 15 जवान शामिल थे। टीम ने ग्रामीणों के सामने आपदा से बचाव के आधुनिक उपायों और उपकरणों का सीधा प्रदर्शन किया। प्रशिक्षण के दौरान भूकंप, बाढ़ और आगजनी जैसी आपदाओं में सुरक्षित रहने के तरीके तथा प्राथमिक उपचार (फर्स्ट-एड) देने का प्रायोगिक अभ्यास कराया गया। इस अवसर पर ग्राम प्रधान श्याम लाल चौधरी, स्थानीय स्कूल के प्रधानाचार्य पंकज कुमार, अध्यापक प्रशांत दुबे और हेमसिंह सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे। ग्रामीणों ने जवानों के इस प्रयास की सराहना की। जी कंपनी 79 वाहिनी के मुख्य आरक्षी पुष्पेंद्र सिंह (एसीएन) ने बताया कि सीमावर्ती और संवेदनशील क्षेत्रों में ऐसे जागरूकता अभियान भविष्य में भी जारी रहेंगे।

# हजारों मामलों की सुनवाई प्रभावित, अपर सिविल जज की नियुक्ति की मांग

**उतरौला (बलरामपुर)।** उतरौला तहसील क्षेत्र में न्यायिक व्यवस्था इन दिनों अतिरित दबाव का सामना कर रही है। अपर सिविल जज जूनियर डिवीजन का पद रित हो जाने से हजारों मुकदमों के निस्तारण पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है, जिससे वादकारियों को भारी परेशानी उठानी पड़ रही है। न्यायालय में मामलों की बढ़ती संया और न्यायिक अधिकारियों की कमी को लेकर अधिवता संघ उतरौला ने चिंता व्यत करते हुए उच्च न्यायालय प्रशासन से तत्काल नियुति की मांग की है। जानकारी के अनुसार, सिविल जज जूनियर डिवीजन उतरौला का स्थानांतरण जनपद अमरोहा हो जाने के बाद उच्च न्यायालय द्वारा अपर सिविल जज जूनियर डिवीजन उतरौला सिद्धार्थ सोलंकी को सिविल जज जूनियर डिवीजन उतरौला के पद पर स्थानांतरित कर दिया गया। इसके बाद अपर सिविल जज जूनियर डिवीजन का पद रित हो गया, जिससे न्यायिक कार्य प्रभावित होने लगे हैं। अधिवता संघ उतरौला के अध्यक्ष प्रहलाद यादव ने उच्च न्यायालय के प्रशासनिक न्यायाधीश तथा जिला जज बलरामपुर को भेजे गए मांग पत्र में बताया कि अपर सिविल जज जूनियर डिवीजन न्यायालय में लगभग 600 सिविल वाद लंबित हैं।

**अदालती सूचना**

**तारीख पेशी 21. 5. 2026 हेतु एफ.सी.जे. फॉर्म नं. 33 भाग, 7 धारा 117 उत्तर प्रदेश राजस्व संहिता 2006 हेतु संदर्शित करने की सूचना (साधारण प्रारूप)**

**न्यायालय श्रीमान उपजिलाधिकारी महोदय न्यायिक गोला जिला खीरी।**

**वाद संख्या........ सन 2026**

**वादी..........बलकार सिंह बनाम बलराम आदि**

**प्रतिवादी को**

बलराम पुत्र राम भरोसे निवासी मो. पूर्वी लखपेडा मोहम्मदी पर. व तहसील मोहम्मदी जिला खीरी।

**बनाम**

चूंकि उपरोक्त नामांकित वादी में इस न्यायालय में यह आवेदन किया है कि बलराम अत एवं आपको एतद् द्वारा चेतावनी दी जाती है कि आप उस आवेदन के खिलाफ हेतु संदर्शित करने के लिए 20 26 के ..05.21 दिवस को 10 बजे पूर्वान्ह में स्वयं या सम्पर्क रूपेण अनुदिष्ट अपने अधिवक्ता द्वारा उपसजात हो और ऐसा करने में असफल रहने पर उक्त आवेदन एक पक्षीय रूप से सुना जाएगा व अवधारित किया जाएगा।

मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुहर सहित आज 2026-05 के 13 दिवस को निकली गयी।

**न्यायालय की आज्ञा से**
**उपजिलाधिकारी**
**न्यायिक**
**13.05.2026**

# सिफारिशें हड़प रही हैं उपभोक्ताओं के हिस्से की रसोई गैस

**गोंडा, समृद्धि न्यूज़।** नियमों के जाल में उलझकर रह गए हैं रसोई गैस उपभोक्ता




ओटीपी व्यवस्था, घटती आपूर्ति और बढ़ती सिफारिशों ने बढ़ाई मुसीबत, एजेंसियों पर रोज बन रहा तनाव का माहौल घंटों लाइन में खड़े रहने के बाद भी खाली हाथ लौट रहे लोग, आम उपभोक्ता खुद को ठगा हुआ महसूस कर रहे रसोई गैस उपभोक्ताओं की परेशानी अब केवल घरेलू असुविधा तक सीमित नहीं रह गई है, बल्कि यह एक बड़ी जनसमस्या का रूप लेती जा रही है। गैस वितरण प्रणाली में लगातार बढ़ते नियम-कायदे, ओटीपी सत्यापन की अनिवार्यता, मांग के अनुरूप गैस सिलेंडरों की आपूर्ति में भारी कमी और सिफारिशों के बढ़ते दबाव ने आम उपभोक्ताओं की मुश्किलें कई गुना बढ़ा दी हैं। हालात ऐसे बन गए हैं कि सुबह से एजेंसियों के बाहर लगने वाली लंबी कतारें अब रोजमर्रा का दृश्य बन चुकी हैं। गर्मी, उमस और घंटों इंतजार के बावजूद जब उपभोक्ताओं को गैस नहीं मिलती, तो उनका गुस्सा एजेंसी कर्मियों पर फूट पड़ता है। कई स्थानों पर तीखी नोकझोंक, हंगामा और विवाद जैसी स्थितियां भी सामने आने लगी हैं। एजेंसी संचालक और कर्मचारी भी खुद को असहाय महसूस कर रहे हैं, क्योंकि मांग अधिक होने के बावजूद उन्हें पर्याप्त गैस उपलब्ध नहीं हो पा रही

**ओटीपी व्यवस्था बनी हुई है बड़ी मुसीबत**

तकनीकी खामियों और नेटवर्क समस्या से उपभोक्ता हो रहे परेशान, गैस वितरण प्रक्रिया में पारदर्शिता लाने के उद्देश्य से लागू की गई ओटीपी व्यवस्था अब उपभोक्ताओं के लिए सिरदर्द बनती जा रही है। सिलेंडर प्राप्त करने के लिए उपभोक्ताओं के मोबाइल पर आने वाला ओटीपी कई बार समय पर नहीं पहुंचता। ग्रामीण क्षेत्रों में नेटवर्क समस्या के कारण उपभोक्ता घंटों इंतजार करते रहते हैं, जबकि एजेंसी कर्मी नियमों के चलते बिना ओटीपी गैस देने में असमर्थ रहते हैं। कई बुजुर्ग उपभोक्ता और अशिक्षित परिवार तकनीकी प्रक्रिया को समझ नहीं पा रहे हैं। ऐसे में उन्हें बार-बार एजेंसी के चक्कर लगाने पड़ रहे हैं। उपभोक्ताओं का कहना है कि व्यवस्था को सरल बनाने के बजाय और अधिक जटिल बना दिया गया है।

**रसोई गैस की है मांग अधिक, मगर आपूर्ति कम**

सीमित स्टॉक के कारण एजेंसियों पर बढ़ रहा दबाव, गैस एजेंसियों का कहना है कि वर्तमान समय में मांग की तुलना में बहुत कम सिलेंडर उपलब्ध कराए जा रहे हैं। रोजाना सैकड़ों उपभोक्ता गैस लेने पहुंच रहे हैं, लेकिन एजेंसियों के पास सीमित स्टॉक होने के कारण सभी को सिलेंडर देना संभव नहीं हो पा रहा। कई एजेंसियों में स्थिति यह हो गई है कि सुबह पहुंचे लोगों को ही गैस मिल पाती है, जबकि देर से आने वाले उपभोक्ताओं को अगले दिन आने की सलाह देकर वापस भेजना पड़ता है। इससे लोगों में आक्रोश बढ़ रहा है। एजेंसी संचालकों का कहना है कि उपभोक्ताओं का गुस्सा उन्हें झेलना पड़ रहा है, जबकि आपूर्ति व्यवस्था उनके नियंत्रण से बाहर है।

## नर्स सेवा, समर्पण और करुणा की जीवंत मिसाल हैं

**गोन्डा, समृद्धि न्यूज़।** मंगलवार को देर शाम अंतरराष्ट्रीय नर्स दिवस के अवसर पर मारवाड़ी युवा मंच, गोंडा शाखा द्वारा श्री श्याम हॉस्पिटल, ददुआ बाजार, गोंडा में उपस्थित समस्त महिला नर्सों के साथ यह दिवस अत्यंत सम्मान, आत्मीयता एवं गरिमामयी वातावरण में मनाया गया। इस अवसर पर नर्सिंग स्टाफ के प्रति आभार व्यक्त करते हुए उनके सेवा भाव, अनुशासन, धैर्य एवं मानवता को नमन किया गया। कार्यक्रम के दौरान केक काटकर सभी उपस्थित नर्सों को उपहार एवं चॉकलेट प्रदान कर समाज के प्रति उनके अतुलनीय योगदान हेतु धन्यवाद ज्ञापित किया गया। कार्यक्रम में श्री श्याम हॉस्पिटल के प्रबंधक डॉ. डी.एन. अग्रवाल एवं डॉ. नमन अग्रवाल को मंच द्वारा उन्हें दुपट्टा पहनाकर एवं बुके भेंट कर सम्मान प्रकट किया गया। नर्सें हर परिस्थिति में अपने कर्तव्यों का निर्वहन निष्ठा, धैर्य एवं समर्पण के साथ करती हैं। उनसे हमें सेवा भावना, समय की महत्ता एवं मानवता की प्रेरणा प्राप्त होती है, कार्यक्रम के दौरान मारवाड़ी युवा मंच के शाखा अध्यक्ष राम मनोहर अग्रवाल, मंत्री पवन अग्रवाल, कोषाध्यक्ष वैभव अग्रवाल, सचिन खेमका, विकास अग्रवाल, गोपाल भावसिंहका सहित अन्य लोग मौजूद रहे। और मारवाड़ी युवा मंच देवीपाटन महिला मंडल शाखा द्वारा भी नर्सों को सम्मानित किया गया। महिला मंडल में, सलोनी मोदी, ज्योति गर्ग, सीमा सोमानी, अनीता नहारिया, एवं वर्षा भावसिंहका सहित अन्य लोग मौजूद रही।



A MEDIA SOLUTION INITIATIVE



**स्व. विपिन अग्रवाल,**
**संस्थापक एवं प्रेरणास्त्रोत**

# कैंब्रिज कॉन्वेंट स्कूल पुवायां की पावनी ने पाया जिले में दूसरा स्थान

## - बायोलॉजी और पेंटिंग में पाए 100 में 100 अंक, रुपनदीप ने दूसरा और अर्नव सिंह ने पाया तीसरा स्थान

**पुवायां (शाहजहांपुर)।** कैंब्रिज कॉन्वेंट ने सीबीएसई के 12वीं के परीक्षा परिणाम में एक बार फिर अपनी श्रेष्ठता साबित की है। स्कूल की छात्रा पावनी अग्रवाल ने जिले की टॉप टेन सूची में दूसरा स्थान प्राप्त कर स्कूल और परिवार का नाम रोशन किया है। पावनी अग्रवाल ने 97.6 प्रतिशत अंको के साथ स्कूल में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। पावनी ने बायोलॉजी और पेंटिंग में 100 में 100 अंक लाने का कीर्तिमान रचा है। पावनी की सफलता पर परिजन काफी खुश हैं। सीबीएसई 10वीं का रिजल्ट पहले ही घोषित हो चुका है। 12वीं के रिजल्ट का बच्चे बेसब्री से इंतजार कर रहे थे। 12 मई को रिजल्ट आने की सूचना पर कई बच्चे स्कूल भी पहुंचे थे, बाद में पता चला कि रिजल्ट 13 मई को जारी होगा। बुधवार को कक्षा 12 का परीक्षा परिणाम घोषित होते ही विद्यार्थियों, अभिभावकों और शिक्षकों में खुशी और उत्साह का माहौल देखने को मिला। छात्र ही नहीं बल्कि अभिभावक, शिक्षक और स्कूल प्रबंधन भी परीक्षा परिणाम को लेकर उत्सुक थे परीक्षा परिणाम आते छात्र-छात्राओं के मन में एक उत्सव का माहौल बन गया। जैसे ही बोर्ड द्वारा परिणाम जारी किए गए, कैंब्रिज कॉन्वेंट स्कूल में विद्यार्थी अति उत्साहित नजर आए। कैम्ब्रिज कॉन्वेंट ने विगत वर्षों की भांति जीत का परचम लहराया। छात्र छात्राओं की अच्छा परीक्षा परिणाम आते ही कैंब्रिज कॉन्वेंट स्कूल प्रांगण तालियों की गूंज और बधाई संदेशों से चहक उठा। सफल हुए छात्र-छात्राओं को शिक्षकों



रिजल्ट आने के बाद खुशी मनाते बच्चे, अभिभावक और स्कूल प्रबंधन और शिक्षक

ने तिलक लगाकर और मिष्ठान खिलाकर भविष्य में इसी तरह आगे बढ़ने का आशीर्वाद प्रदान किया खुशी के इस मौके पर छात्र-छात्राओं ने एक दूसरे को गले मिलकर और पटाखे छुड़ाकर खुशी का इजहार प्रकट किया। अच्छा परिणाम देख बच्चों के साथ-साथ उनके माता-पिता भी हर्षोल्लाह से भर गए। इस बार बेहतर परिणाम को लेकर विद्यार्थियों में अच्छा खास उत्साह देखने को मिला। परीक्षा परिणाम को लेकर छात्राओं में खुशी की लहर दौड़ गई। अच्छा परिणाम देखकर छात्र छात्राओं के साथ कई अभिभावकों भी स्कूल पहुंचे और स्कूल प्रबंधन को अच्छे परिणाम के लिए धन्यवाद दिया। अभिभावकों ने कहा कि कैंब्रिज कॉन्वेंट में शिक्षा के अच्छे वातावरण और बच्चों के सर्वांगीण विकास को लेकर किए जा रहे कार्य से बेहतर परीक्षा परिणाम प्राप्त हुआ है। छात्र छात्राओं ने भी स्कूल प्रबंधन, प्रधानाचार्य और शिक्षकों की सराहना की। कुछ विद्यार्थियों ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता और शिक्षकों को देते हुए कहा कि उन्होंने यह मुकाम उनके निरंतर सहयोग, विश्वास, अथक प्रयास तथा कुशल मार्गदर्शन से प्राप्त हुआ है। परिणाम आने के बाद विद्यार्थियों में अपने भविष्य को लेकर नई ऊर्जा और आत्मविश्वास देखने को मिला।



## पावनी, रुपनदीप और अर्नव का प्रथम तीन स्थान पर कब्जा

स्कूल की जीत की माला में पहला मोती पावनी अग्रवाल ने 97.6 प्रतिशत अंक लाकर जोड़ा। रुपनदीप 95.4 प्रतिशत अंकों के साथ स्कूल में दूसरे और अर्नव सिंह ने 93.29 प्रतिशत अंकों के साथ तीसरे स्थान पर रहे। इसके अलावा कई छात्र छात्राओं ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त कर परिवार और स्कूल की खुशियां बढ़ाईं। उत्कृष्ट अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को स्कूल के डायरेक्टर डॉ. रचित अग्रवाल और विनायक अग्रवाल ने फूल मालाएं पहनाकर तथा मिठाई खिलाकर सम्मानित किया। विद्यार्थियों ने एक दूसरे को गले लगाकर बधाइयां दीं और अपनी सफलता की खुशी साझा की।



"कैम्ब्रिज कॉन्वेंट स्कूल के लिए यह अत्यंत गर्व और सम्मान का विषय है कि हमारे विद्यार्थियों ने कक्षा 12वीं की परीक्षा में शानदार प्रदर्शन कर विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया है। यह सफलता विद्यार्थियों की कड़ी मेहनत, शिक्षकों के समर्पण और अभिभावकों के सहयोग का परिणाम है। मैं सभी सफल विद्यार्थियों को हार्दिक बधाई देता हूँ और उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ देता हूँ। हमें विश्वास है कि हमारे छात्र आगे भी इसी प्रकार उत्कृष्ट उपलब्धियाँ प्राप्त कर अपने परिवार, विद्यालय और देश का नाम रोशन करेंगे।"

**रचित अग्रवाल**
**डायरेक्टर,** कैम्ब्रिज कॉन्वेंट स्कूल



"आज का यह परिणाम केवल अंकों की सफलता नहीं, बल्कि हमारे विद्यार्थियों की मेहनत, आत्मविश्वास और निरंतर प्रयास का प्रतीक है। कक्षा 12वीं के छात्रों ने जिस उत्कृष्ट प्रदर्शन के साथ विद्यालय का नाम रोशन किया है, वह पूरे कैम्ब्रिज कॉन्वेंट स्कूल परिवार के लिए गर्व का क्षण है। मैं सभी विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं अभिभावकों को इस शानदार उपलब्धि के लिए हार्दिक बधाई देता हूँ। हमें विश्वास है कि हमारे छात्र जीवन के हर क्षेत्र में इसी तरह सफलता प्राप्त करेंगे और अपने सपनों को नई ऊँचाइयों तक पहुँचाएंगे। विद्यालय सदैव विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य के निर्माण हेतु प्रतिबद्ध रहेगा।"

**विनायक अग्रवाल**
**सह-डायरेक्टर,** कैम्ब्रिज कॉन्वेंट स्कूल



**अलंकृत अग्रवाल**
स्कूल इंचार्ज



**राहुल देव**
प्रिंसिपल



जिले में दूसरा स्थान प्राप्त करने वाली पावनी अग्रवाल को मिठाई खिलाती दादी राधा अग्रवाल और परिजन

### डाक्टर बनकर देश की सेवा करना चाहती है पावनी

पुवायां। कैंब्रिज कॉन्वेंट स्कूल की टॉपर पावनी ने अपनी सफलता का श्रेय अपने गुरुजन, अपने बाबा स्व. विपिन कुमार अग्रवाल एवं अपने माता-पिता को दिया। पावनी ने कहा कि उनका सपना डॉक्टर बनने का है और इसके लिए वह गुरुजनों और पिता-मां के निर्देशन में पढ़ाई कर रही हैं। पावनी ने कहा कि यदि लक्ष्य तय है और कड़ी मेहनत की जाए तो कोई भी लक्ष्य प्राप्त किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि जिस क्षेत्र में जाना हो और जिस वियष् में रुचि हो उसकी पढ़ाई करनी चाहिए। अभिभावकों को भी बच्चे की इच्छानुसार पढ़ाई करने देना चाहिए। पावनी ने कहा कि वह डॉक्टर बन कर समाज और देश की सेवा करना चाहती हैं।



स्कूल में तीसरा स्थान प्राप्त करने वाले अनर्व को मिठाई खिलाती मां स्नेह सिंह

### इंजीनियर बनना चाहते हैं अनर्व

तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले अर्नव सिंह ने कहा कि वह इंजीनियर बनकर अपने स्कूल एवं परिवार का नाम रोशन करना चाहते हैं। अर्नव ने सफलता का श्रेय स्कूल प्रबंधन, शिक्षकों, पिता-मां को दिया है। उनका कहना है सफलता का कोई शार्टकट नहीं होता है। सफलता प्राप्त करने के लिए कठिन परिश्रम और विषय को समझकर पढ़ना चाहिए और गुरुजनों के बताए अनुसार पढ़ाई करनी चाहिए। मोबाइल से दूरी बहुत जरुरी है। मोबाइल को पढ़ाई का साधन बना सकते हैं, लेकिन गेम आदि से दूर रहें।



स्कूल में दूसरा स्थान प्राप्त करने वाले रुपनदीप कौर को मिठाई खिलाती मां गुरजीत कौर -पिता जगजीत सिंह

### आईएएस बनकर देश की सेवा करना चाहती है रूपनदीप

पुवायां। कैंब्रिज कॉन्वेंट स्कूल में दूसरे स्थान पर रही रुपनदीप ने अपनी सफलता पर हर्ष व्यक्त करते हुए कहा यह सफलता हमारे शिक्षकों के मार्गदर्शन एवं माता पिता के आशीर्वाद से मिली है। रूपनदीप कौर पुत्री जगजीत सिंह गुरजीत कौर निवासी बिलसंडा पैरेंट्स, टीचर और स्कूल को सफलता का श्रेय। आगे चलकर अभी तय नहीं है। आईएएस बनना चाहती है। टीचर जो बताते है उसे गभीरता से सुनना और अमल करना चाहिए।



आध्या वाजपेयी और आशी दीक्षित को मिष्ठान खिलाते स्कूल के डॉयरेक्टर डॉ. रचित अग्रवाल

विद्यालय के डायरेक्टर डॉ. रचित अग्रवाल ने बच्चों के भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी और बच्चों से कहा कि यह आपके लिए भविष्य का प्रथम पड़ाव है। यहां से आप सब आगे बढ़ें और सदैव सफलता की सीढ़ियां चढ़ें। अपने क्षेत्र, अपने विद्यालय अपने शिक्षकों व माता-पिता का नाम रोशन करिए। हमें आप पर गर्व है और हम सदैव आपके साथ हैं।

## ★★★ ★★★ कैम्ब्रिज कॉन्वेंट स्कूल, पुवायां के होनहार छात्र/ छात्राएं ★★★ ★★★


ओजस्वी


रवनीत कौर


दिव्यांशी


पायल शुक्ला


हरमनदीप कौर


अरमान सिंह


सिमरन कौर


अर्चिता वर्मा


गोपाल कुमार


अभिनव मिश्रा


अनुरुप


खुशी


शिखर पांडे


अनुष्का शर्मा


अरमन कौर


अक्षरा


अर्शदीप कौर


आर्यन वर्मा


गौरव मिश्रा


हरमनदीप


इकरा


कनिष्का


हर्षित मिश्रा


शेखर शुक्ला


श्रृष्ठि

शाहजहांपुर में बड़ा हादसा

# स्कूल बस और ट्रैक्टर-ट्रॉली की टक्कर में 21 घायल

- 15 लोगों को किया गया मेडिकल कालेज रेफर, चार की हालत गंभीर
- स्कूली बस में शिक्षक, शिक्षिकाओं के साथ बैठे थे स्कूली बच्चे









**निगोही, शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

निगोही-शाहजहांपुर रोड पर सोमवार सुबह सुभद्रादेवी महेशचंद्र इंटर कॉलेज की स्कूल बस और ओवरलोड ट्रैक्टर-ट्रॉली की आमने-सामने भीषण टक्कर हो गई। हादसे में बस में सवार स्कूल स्टाफ और चालक 21 लोग घायल हो गए। जिसमें 15 लोगों की हालत गंभीर है। जिन्हें मेडिकल कालेज रेफर किया गया है। मौके पर पहुंची पुलिस फोर्स ने सभी घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया। सीएमओ और एआरटीओ ने मौके पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया। घटना के बाद मौके पर कोहराम मच गया।

निगोही शाहजहांपुर रोड पर हमजापुर चैराहे के पास भीषण सड़क हादसा हो गया। जिसमें एक ओवर लोड ट्रैक्टर-ट्राली और स्कूली बस की जोरदार टक्कर हो गयी। जिसमें स्कूल के स्टाफ और बच्चों के साथ 21 लोग घायल हो गए। जिसमें 15 को मेडिकल कालेज रेफर कर दिया गया। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बस का अगला हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। चीख-पुकार सुनकर आसपास के लोग मौके पर दौड़े और घायलों को बस से बाहर निकाला। सूचना मिलते ही पूर्व विधायक रोशन लाल वर्मा मौके पर पहुंचे और घायलों की मदद में जुट गए। उन्होंने तत्काल एंबुलेंस बुलवाई और पुलिस को सूचना दी। इसके बाद सीओ ट्रैफिक और एआरटीओ मौके पर पहुंचे और हालात का जायजा लिया। पुलिस ने सभी घायलों को एंबुलेंस से जिला अस्पताल भिजवाया, जहां कई की हालत गंभीर बनी हुई है। पूर्व विधायक रोशन लाल वर्मा भी अस्पताल पहुंचे और डॉक्टरों से बेहतर इलाज के लिए कहा। हादसे के बाद मौके पर चीख पुकार मच गया। पुलिस ने घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया। हालांकि किसी के जनहानि की खबर नही आई हैं। हादसे के बाद मौके पर भारी सख्या में भीड़ एकत्र हो गयी। शाहजहांपुर में लगातार हो रहे सड़क हादसे परिवहन विभाग की कार्यशैली पर सवालियां निशान अवश्य लगा रहे हैं। तमाम जागरूकता अभियान, चेकिंग के बाद भी ओवरलोड़ वाहनों पर अंकुश नही लग पा रहा हैं। एसडीएम तिलहर ने भी अस्पताल पहुंचकर घायलों का हाल जाना और कहा कि दोषियों पर सख्त कार्रवाई होगी, ओवरलोडिंग किसी कीमत पर बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सीओ ट्रैफिक संजय कुमार सिंह ने बताया कि प्रारंभिक जांच में ओवरलोड ट्रैक्टर-ट्रॉली की तेज रफ्तार हादसे की वजह मानी जा रही है। सीओ ने कहा कि ट्रैक्टर के कागजात और लोडिंग की जांच की जा रही है। ट्रैक्टर चालक मौके से फरार है, पुलिस तलाश में जुटी है।

**हादसे में ये लोग हुए घायल** 1. अलमाज पुत्री मुजीहूद, निवासी शाहजहांपुर, 2. टि्वंकल पुत्री रामलडेते, निवासी शाहजहांपुर, 3. अर्जुन पुत्र सुरेंद्र कुमार, निवासी शाहजहांपुर, 4. अंकुर सिंह पुत्र द्रोनपाल सिंह, निवासी मिसरीपुर, 5. वंशिका सिंह पुत्री चंद्रकांत श्रीवास्तव, निवासी बलेली, 6. सरिता सिंह पत्नी अवधेश सिंह, निवासी मिसरीपुर, 7. सृष्टि सिंह पुत्री अवधेश सिंह, निवासी मिसरीपुर, 8. प्रियंका श्रीवास्तव पत्नी चंद्रकांत श्रीवास्तव, निवासी बलेली, 9. पुष्पेंद्रि पुत्री रामभजन गौतम, निवासी वैदापुर, 10. पल्लवी यादव पुत्री जयवीर सिंह, निवासी कजरीनूरपुर, 11. सीतु यादव पुत्री जयवीर सिंह, निवासी गदियाना चुंगी, 12. मनु पुत्री राजाराम, निवासी पचदेवरा, 13. सुनैना शर्मा पुत्री अवधेश शर्मा, निवासी हसौआ, 14. बबिता यादव पुत्री शिशुपाल सिंह, निवासी कजरीनूरपुर, 15. प्रिंस पुत्र सोनू, निवासी बलेली, उम्र 14 वर्ष, 16. बँश पुत्र सोनू ग्राम बलेली थाना निगोही, 17 . उबैस खा पुत्र बबन खा शाहजहांपुर जलालनगर, 18 . अनुराग यादव पुत्री सुन्दर सिंह गदियान चुगी, 19 . सुसोमन पत्नी मोहित ग्राम राघोपुर, 20 . पूर्णिमा वर्मा पत्नी अदित्य निवासी गिरगिचा थाना निगोही, 21 . लता पत्नी प्रबीण कुमार निवासी सुभाष नगर शाहजहांपुर।

# बिजली तार चोर गिरोह के 11 शातिर गिरफ्तार

- 6 कुंतल सरकारी तार, 2 लाख नकदी और अवैध असलहे बरामद

"यह एक संगठित गिरोह था। जिसमे 6 चोरी करने वाले 5 खरीदने वाले आरोपी शामिल है। टीम ने न सिर्फ गिरोह को पकड़ा बल्कि उनके पास से चोरी के माल की बरामदगी भी की है। जिसमे कुछ आरोपियों का पहले से ही अपराधिक इतिहास भी रहा है। फिलहाल सभी आरोपियों को जेल भेजा जा रहा है।"
–दीक्षा भंवरे अरूण, एसपी ग्रामीण

**जलालाबाद, शाहजहांपुर।** पुलिस ने बुधवार की रात विद्युत उपकेंद्रों और नलकूपों से तार चोरी करने वाले एक बड़े अंतरजनपदीय गिरोह का पर्दाफाश किया है। पुलिस ने गिरोह के 11 शातिर सदस्यों को गिरफ्तार कर उनके पास से करीब 6 क्विंटल बिजली का तार, 2 लाख रुपये की नकदी और चोरी में प्रयुक्त दो पिकअप वाहन व एक बुलेट बरामद की है। पकड़े गए बदमाशों के पास से अवैध तमंचे और कारतूस भी मिले हैं। एसपी सौरभ दीक्षित के निर्देश पर अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत जलालाबाद पुलिस को मुखबिर से सटीक सूचना मिली थी। सूचना थी कि तार चोर गिरोह पाल धर्मकांटा हीरानगर के पास एक गोदाम में चोरी का माल ठिकाने लगाने और अगली वारदात की योजना बना रहा है। प्रभारी निरीक्षक अरविंद सिंह चैहान के नेतृत्व में पुलिस टीम ने घेराबंदी कर दबिश दी और मौके से 11 अभियुक्तों को दबोच लिया। पूछताछ में पता चला कि इस गिरोह ने बीते 4/5 मई की रात मदनापुर विद्युत उपकेंद्र से जलालाबाद जा रही 33 केवी लाइन के 12 पोलों से भारी मात्रा में डॉग कंडक्टर (तार) चोरी किया था। बदमाशों ने वारदात के दौरान 5 पोल भी क्षतिग्रस्त कर दिए थे। इसके अलावा, गिरोह ने इलाके के कई निजी नलकूपों को भी निशाना बनाया था। गिरफ्तार आरोपियों में रंजीत वर्मा (16 मुकदमे), रचित सिंह उर्फ देवा (12 मुकदमे) और पंकज मिश्रा (11 मुकदमे) का पुराना आपराधिक इतिहास है। रंजीत वर्मा पर पहले से ही गैंगस्टर एक्ट और लूट जैसे गंभीर मामले दर्ज हैं। गिरोह के अन्य सदस्यों में राहुल गुप्ता, देवांश, नसरुद्दीन, अब्दुल रहीम, विनीश, विपिन, संजीव और रोहित पाल शामिल हैं। पुलिस ने सभी आरोपियों के विरुद्ध विधिक कार्रवाई करते हुए उन्हें न्यायालय के समक्ष पेश किया है।

## खबरें एक नजर में

### प्रधानमंत्री के आह्वान का असर: राज्यसभा सांसद ने वंदे भारत से की यात्रा



**शाहजहांपुर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान को शिरोधार्य करते हुए राज्यसभा सांसद मिथिलेश कुमार कठेरिया ने लखनऊ से शाहजहाँपुर तक का सफर वंदे भारत एक्सप्रेस से तय किया। उनकी यह यात्रा न केवल एक सफर थी, बल्कि नए भारत की बदलती कार्यशैली का एक सशक्त संदेश भी रही। यात्रा के दौरान मीडिया और सह-यात्रियों से संवाद करते हुए सांसद श्री कठेरिया ने कहा कि सार्वजनिक परिवहन का उपयोग करना समय की मांग है। सांसद मिथिलेश कुमार कठेरिया ने समस्त देशवासियों से अपील की है कि वे प्रधानमंत्री के इस आग्रह का अनुसरण करें। उन्होंने कहा कि सार्वजनिक परिवहन का अधिक से अधिक उपयोग कर हम न केवल अपनी यात्रा को सुगम बना सकते हैं, बल्कि राष्ट्र के विकास और पर्यावरण की रक्षा में अपना सीधा योगदान भी दे सकते हैं।

### आज महिला आयोग की सदस्य करेंगी जनसुनवाई

**शाहजहांपुर।** उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग सदस्य सुजीता कुमारी द्वारा बृहस्पतिवार प्रातः 11 विकास भवन सभागार में जनसुनवाई एवं जलालाबाद ब्लॉक पर अपराह्न 3.00 बजे जागरूकता चैपाल का आयोजन किया जाएगा। राज्य महिला आयोग द्वारा महिलाओं की शिकायतों एवं समस्याओं के समाधान के लिए 14 मई को सुबह 11 बजे विकास भवन सभागार में जनसुनवाई का आयोजन किया जा रहा है। इस जनसुनवाई में आयोग की सदस्य सुजीता कुमारी एवं संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहेंगे। इस जनसुनवाई का उद्देश्य महिलाओं को त्वरित न्याय दिलाना तथा उनकी समस्याओं का समाधान सुनिश्चित करना है। आयोग महिलाओं के अधिकारों एवं सुरक्षा से जुड़े मामलों, घरेलू हिंसा, कार्यस्थल पर उत्पीड़न, दहेज प्रताड़ना, संपत्ति विवाद, मानसिक उत्पीड़न आदि विषयों पर शिकायतों की सुनवाई करेगा। यदि किसी महिला को कोई शिकायत दर्ज करानी हो तो वह अपने प्रार्थना पत्र एवं आवश्यक दस्तावेजों के साथ जनसुनवाई में उपस्थित हो सकती हैं।

### तीन सीओ का कार्यक्षेत्र बदला

**शाहजहांपुर।** एसपी सौरभ दीक्षित ने कानून व्यवस्था को और सुदृढ करने के लिए तीन सीओ का कार्य क्षेत्र बदला है। सीओ ज्योति यादव का तिलहर से जलालाबाद तबादला किया गया, वहीं इशिका सिंह को सीओ तिलहर बनाया गया। इसके अलावा जलालाबाद में तैनात सीओ अजय राय लाइन में भेजा गया है।

# महुआ पाठक गांव के मेन सड़क की पुलिया टूटी

- जल भराव आवागमन में राहगीरों को काफी दिक्कत



**सिंधौली, शाहजहांपुर।** थाना क्षेत्र सिंधौली के गांव महुआ पाठक से पटई अनावा जाने वाले मार्ग पर बनी पुलिया टूट जाने से राहगीरों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। पुलिया क्षतिग्रस्त होने के कारण आए दिन वाहन फंस रहे हैं, जिससे लोगों को आवागमन में दिक्कतें उठानी पड़ रही हैं। महुआ पाठक की साप्ताहिक बाजार के दिन राहगीरों के वाहन फंसे लगा जाम। जिससे लोगों को भारी दिक्कत का सामना करना पड़ा। काफी लोग दूसरे रास्तों से काफी दूरी घूम कर निकलते नजर आए।स्थानीय लोगों का कहना है कि पुलिया लंबे समय से टूटी हुई है, लेकिन अब तक इसकी मरम्मत नहीं कराई गई है। ग्रामीणों ने बताया कि सड़क से होकर प्रतिदिन बड़ी संख्या में लोग गुजरते हैं। पुलिया टूटने के कारण दोपहिया और चारपहिया वाहन चालकों को काफी सावधानी बरतनी पड़ रही है। कई बार वाहन पुलिया में फंस चुके हैं, जिन्हें स्थानीय लोगों की मदद से बाहर निकाला गया। बारिश होने पर समस्या और अधिक बढ़ सकती है तथा दुर्घटना का खतरा बने रहने की संभावना है। प्रियांशु, अंकुर शुक्ला, सूरज तिवारी, नईम खान, अमित तिवारी, पुष्कर, हरिराम, पप्पू, नानक, जलील खान, कपिल तिवारी और परविंदर समेत अन्य ग्रामीणों ने पुलिया की मरम्मत कराने की मांग की है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि समय रहते पुलिया सही नहीं कराई गई तो कोई बड़ा हादसा हो सकता है। स्थानीय लोगों ने संबंधित विभाग के अधिकारियों से मार्ग का निरीक्षण कर जल्द निर्माण कार्य शुरू कराने की अपील की है, ताकि क्षेत्र के लोगों को आवागमन में हो रही परेशानियों से राहत मिल सके।

# सपा प्रवक्ता के बयान पर सियासी तूफान, ब्राह्मण समाज में आक्रोश

- कोतवाली सदर बाजार में दी तहरीर, मुकदमा दर्ज करने की मांग

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



समाजवादी पार्टी के प्रवक्ता राजकुमार भाटी के आपत्तिजनक बयान ने सियासत में तीखा भूचाल ला दिया है। ब्राह्मण समाज के प्रति की गई टिप्पणी को लेकर जनपद में आक्रोश व्याप्त है और विभिन्न सामाजिक संगठनों ने इसे न केवल निंदनीय, बल्कि सामाजिक समरसता के लिए घातक बताया है।

इसी क्रम में आक्रोशित ब्राह्मण समाज के लोग कोतवाली सदर बाजार पहुंचे, जहां उन्होंने पुलिस को तहरीर सौंपते हुए संबंधित प्रवक्ता के विरुद्ध तत्काल प्रभाव से मुकदमा दर्ज कर कड़ी कार्रवाई की मांग उठाई। ब्राह्मण समाज के प्रदेश महामंत्री हरिशरण बाजपेई ने तहरीर के माध्यम से आरोप लगाया कि 12 मई 2026 को आयोजित एक प्रेस वार्ता के दौरान सपा प्रवक्ता द्वारा ब्राह्मण समाज के विरुद्ध अत्यंत अमर्यादित एवं अपमानजनक शब्दों का प्रयोग किया गया, जिससे पूरे समाज की भावनाएं गहराई से आहत हुई हैं। उन्होंने कहा कि सार्वजनिक मंचों से इस प्रकार की भाषा का प्रयोग न केवल अशोभनीय है, बल्कि यह सामाजिक सौहार्द और आपसी भाईचारे को भी गंभीर क्षति पहुंचाने वाला है। उन्होंने प्रशासन से मांग की कि प्रकरण की निष्पक्ष जांच कर शीघ्र ही विधिक कार्रवाई सुनिश्चित की जाए, ताकि भविष्य में इस प्रकार की पुनरावृत्ति पर प्रभावी अंकुश लगाया जा सके। साथ ही उन्होंने चेताया कि यदि समय रहते ठोस कदम नहीं उठाए गए तो जनाक्रोश और व्यापक रूप ले सकता है। इस दौरान राजेश अवस्थी, नीरज बाजपेई, अजय मिश्रा, रवि मिश्रा बंटू, गोविंद मिश्रा, अभय मिश्रा, आलोक शुक्ला सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# जनगणना-2027 में उत्कृष्ट कार्य करने वाले सुपरवाइजर व प्रगणक एवं लिपिक सम्मानित



**शाहजहांपुर।** जनगणना-2027 के अंतर्गत स्वगणना अभियान में उत्कृष्ट कार्य करने वाले सुपरवाइजर, प्रगणक एवं लिपिकों को जिलाधिकारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह ने सम्मानित किया। कलेक्ट्रेट परिसर में आयोजित कार्यक्रम में नगर पालिका परिषद तिलहर एवं तहसील पुवायां ग्रामीण क्षेत्र के उन कर्मचारियों को शॉल ओढ़ाकर एवं स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया, जिन्होंने अपने आवंटित एचएलबी क्षेत्र के शत-प्रतिशत घरों में जाकर स्वगणना का कार्य पूर्ण कराया।

सम्मानित होने वालों में नगर पालिका परिषद तिलहर के सुपरवाइजर हरीशकांत भारद्वाज एआरपी, प्रगणक आयुषी द्विवेदी सहायक अध्यापक, आदेश कुमार अनुदेशक, लिपिक मुकेश बाबू तथा तहसील पुवायां ग्रामीण क्षेत्र के सुपरवाइजर मनोज कुमार सहायक अध्यापक, प्रगणक ममता शुक्ला एवं सुखवंती कौर शिक्षामित्र शामिल रहे।

जिलाधिकारी ने कहा कि सभी सम्मानित कर्मियों ने अपने-अपने क्षेत्रों में घर-घर जाकर स्वगणना अभियान को सफल बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। उन्होंने घोषणा की कि सम्मानित सुपरवाइजर एवं प्रगणकों के विद्यालयों को अलग से धनराशि उपलब्ध कराई जाएगी, जिससे विद्यालयों में आवश्यक कार्य कर बेहतर विकास सुनिश्चित किया जा सके। उन्होंने यह भी कहा कि जो भी प्रगणक अपने-अपने एचएलबी क्षेत्र में शत-प्रतिशत सेल्फ एन्यूमरेशन पूर्ण करेंगे, उन्हें भी सम्मानित किया जाएगा। जिलाधिकारी ने बताया कि सेल्फ एन्यूमरेशन की प्रक्रिया `म.बमदेने.हवअ.पद पोर्टल पर 7 मई 2026 से संचालित है, जो 21 मई 2026 तक चलेगी। उन्होंने जानकारी दी कि अब तक जनपद शाहजहांपुर में 71 हजार परिवारों द्वारा स्वगणना की जा चुकी है और जनपद पूरे प्रदेश में पांचवें स्थान पर पहुंच गया है।

जिलाधिकारी ने 14 मई 2026 को जनपद के समस्त सरकारी, गैर-सरकारी, मान्यता प्राप्त, निजी विद्यालयों एवं महाविद्यालयों में पैरेंट्स मीटिंग आयोजित कर अभिभावकों को स्वगणना के प्रति जागरूक करने के निर्देश दिए। वहीं 15 मई 2026 को सभी 1068 ग्राम पंचायतों में पंचायत घरों पर ग्राम प्रधान, पंचायत सचिव, पंचायत सहायकों एवं जनप्रतिनिधियों की बैठक आयोजित कर ग्रामीणों को सेल्फ एन्यूमरेशन के लिए प्रेरित किया जाएगा। इसके अतिरिक्त 16 मई 2026 को जनपद के समस्त कोटेदारों के माध्यम से अंत्योदय एवं पात्र गृहस्थी राशन कार्ड धारकों की बैठक कर स्वगणना अभियान को शत-प्रतिशत पूर्ण कराने के निर्देश दिए गए हैं। वहीं 18 मई 2026 को समस्त प्राथमिक सहकारी समितियों पर भी सेल्फ एन्यूमरेशन अभियान चलाया जाएगा। जिलाधिकारी ने सभी जनपद वासियों से अपील की है कि वह सेल्फ एन्यूमरेशन कर जनगणना कार्य में योगदान दें। इस दौरान अपर जिलाधिकारी प्रशासन रजनीश कुमार मिश्र, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अरविंद कुमार, अतिरिक्त मजिस्ट्रेट प्रियंका चैधरी मौजूद रहीं।

# तेज रफ्तार बाइक-डग्गामार वाहन की लापरवाही से मची अफरा-तफरी



**खुदागंज, शाहजहांपुर।** नगर के मुख्य चैराहे पर बुधवार को उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब तेज रफ्तार से आ रही एक मोटरसाइकिल और चैराहे पर खड़े डग्गामार वाहन की लापरवाही के चलते बड़ा हादसा होते-होते बच गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, मुख्य चैराहे पर एक ऑटो खड़ा था, तभी पास में खड़े डग्गामार वाहन चालक ने बिना ध्यान दिए ऑटो को अचानक आगे बढ़ा दिया। उसी दौरान तेज गति से आ रही मोटरसाइकिल ऑटो के बेहद करीब पहुंच गई। स्थिति इतनी गंभीर हो गई कि कुछ क्षणों के लिए लोगों की सांसें थम गईं। हालांकि बाइक चालक ने सूझबूझ दिखाते हुए किसी तरह वाहन को नियंत्रित कर लिया, जिससे बड़ा हादसा टल गया। घटना के बाद चैराहे पर मौजूद लोगों ने डग्गामार वाहनों की अव्यवस्थित पार्किंग और तेज रफ्तार वाहनों पर नाराजगी जताई। स्थानीय लोगों का कहना है कि खुदागंज मेन चैराहे पर आए दिन डग्गामार वाहन सड़क किनारे अव्यवस्थित तरीके से खड़े रहते हैं, जिससे जाम और दुर्घटनाओं का खतरा लगातार बना रहता है। लोगों ने प्रशासन से चैराहे पर यातायात व्यवस्था दुरुस्त कराने और नियमों का उल्लंघन करने वालों पर कार्रवाई की मांग की है। वहीं थाना प्रभारी राकेश कुमार मौर्य ने बताया कि सड़क किनारे गलत तरीके से वाहन खड़े करने वालों के खिलाफ अभियान चलाकर सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि यातायात व्यवस्था बाधित करने वाले और नियमों की अनदेखी करने वालों को किसी भी हाल में बख्शा नहीं जाएगा।

# खुशी ने कुश्ती प्रतियोगिता में जीता कांस्य पदक

**पुवायां, शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**




नगर के क्रिकेट कोच की बहन ने गोंडा में आयोजित कुश्ती प्रतियोगिता में मेडल जीत कर अपने जनपद का मान बढ़ाया। उनके पदक जीतने पर क्षेत्र में खुशी की लहर दौड़ गई। वही दूरसंचार माध्यम से लोगों ने खुशी की जीत पर शुभकामनाएं प्रेषित की।

नगर के मारवाह मॉडर्न स्कूल में संचालित चैधरी क्रिकेट एकेडमी के हेड कोच अमित चैधरी की बहन पहलवान खुशी चैधरी ने जनपद गोंडा के नंदिनी नगर में आयोजित सीनियर नेशनल कुश्ती ओपन रैंकिंग सीरीज में आयोजित 59 किलोग्राम कुश्ती में कांस्य पदक अपने नाम किया। खुशी चैधरी जनपद शाहजहांपुर की तहसील तिलहर के अगरौली नवादा मोड़ की रहने वाली है। जो 6 वर्ष से सोनीपत के राठधाना में कोच राजेश सरोहा से कुश्ती के गुण सीख रही है। खुशी ने कुश्ती में मेडल जीत कर अपने जनपद और अपने माता पिता का नाम रोशन किया। इस दौरान पहलवान खुशी चैधरी की माता सुनीता देवी एवं पिता रामफल ने बेटी की सफलता पर हर्ष जताते हुए उनकी सफलता का श्रेय उनके गुरुजनों एवं उनकी मेहनत और लगन को दिया। क्रिकेट कोच अमित चैधरी ने बहन खुशी की सफलता पर हर्ष व्यक्त करते हुए उसके उज्जवल भविष्य की कामना की। उन्होंने बताया कि खुशी इससे पूर्व भी कुश्ती प्रतियोगिताओं में कई मेडल अपने नाम कर चुकी है। वही जनपद की बेटी की सफलता पर जनपदवासियों एवं क्षेत्रवासियों में खुशी की लहर दौड़ गई। विभिन्न माध्यमों से लोगों ने खुशी को शुभकामनाएं प्रेषित की।

# तेज आंधी व पानी में कई जगह पेड़ व बिजली पोल हुए धराशाई

- भेद सराय गांव में दीवार ढहने से किशोर हुआ घायल

**तिलहर-शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

लगातार दूसरे दिन बुधवार को भी तेज आंधी के साथ पानी की बौछार चलते कई जगह भारी भरकम पेड़ जड़ से उखड़ गए। दर्जनों बिजली पोल गिर जाने से नगर व ग्रामीण अंचल की बिजली व्यवस्था खासी प्रभावित हो गई। बुधवार दोपहर 12 बजे तेज आंधी के साथ बड़ी बड़ी बूंदों की बौछार गिरने से मौसम खुशगवार हो गया। लेकिन नगर व ग्रामीण क्षेत्र में पेड़ तथा बिजली पोल धराशाई होने से जन जीवन खासा प्रभावित हो गया।

नगर की नवीन मंडी स्थल में व्यापारी नेता सौरभ गुप्ता रवि की आढ़त के सामने भारी भरकम पाकड़ का पेड़ धराशाई हो गया । गनीमत रही कि इस दौरान पेड़ के नीचे कोई बैठा नहीं था। जबकि गर्मी में धूप से बचने के चलते दर्जनों लोग इसकी छांव में अक्सर बैठे रहते हैं। लेकिन दुर्घटना के समय कोई यहां पर मौजूद नहीं था। जिससे एक बड़ा हादसा टल गया। वहीं हाईवे पर भी कई पेड़ जड़ सहित उखाड़ कर धराशाई हुए तो कई की डंगालें फट गई।नेशनल हाईवे स्टेट गांव धनेला में नेशनल हाईवे के किनारे खड़ा विशाल कंजी का पेड़ गिरकर धराशाई हो गया। हालांकि इस दौरान कोई राहगीर गिरने के चलते



चोटिल नहीं हुआ है। डिप्टी रेंजर अजय सिंह ने बताया कि हाईवे पर गिरे हुए पेड़ों की छटाई कर उन्हें हटाया जा रहा है जिससे कि यातायात में कोई दिक्कत ना हो तेज आंधी के चलते क्षेत्र की विद्युत व्यवस्था फिर एक बार चरमरा कर रह गई। विद्युत अधिकारियों ने कहा कि कर्मचारी काम पर लगा दिए गए हैं। लगातार दूसरे दिन की आंधी में बिजली पोल और लाईनें टूटने से नगर सहित ग्रामीण क्षेत्र की बिजली आपूर्ति बुरी तरह से प्रभावित हुई। नगर के मोहल्ला बहादुरगंज, मौजमपुर, दातागंज, बिरियागंज, नजरपुर, उम्मरपुर आदि में विद्युत सप्लाई बाधित हुई। वही ग्राम गुरगंवा, अजीजपुर नौगाई, गोबरसंडा, हटा दलेलपुर, गैसरा आदि दर्जनों गांव में बिजली आपूर्ति प्रभावित हो गई। ज्ञात रहे कि मंगलवार को भी तेज आंधी और बूंद की बौछार के चलते नगर सहित ग्रामीण क्षेत्र की विद्युत सप्लाई बुरी तरह से बाधित हो गई थी जिसके चलते दर्जनों की संख्या में विद्युत पोल और लाइन टूट कर गिर गए थे।

उधर तेज आंधी के कारण गांव भैद सरायं में तेज आंधी के दौरान एक टीन उड़ गई थी, जिसे ठीक करने के लिए कुंवर पाल छत पर चढ़े थे।उनका छोटा भाई शेर सिंह सीढ़ी पकड़े नीचे खड़ा था। इसी दौरान तेज हवा के झोंके से अचानक दीवार ढह गई। जिसके मलबे में दबकर शेर सिंह गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजनों ने मलवे में दबे शेर सिंह को बाहर निकाला। और तिलहर सीएचसी लाया गया। जहां से उसकी गंभीरावस्था में उसे मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया।

## तेज आंधी से कोतवाली में शिशु गृह पर गिरा पेड़, बाल-बाल बचे फरियादी



**पुवायां, शाहजहांपुर।** बुधवार को तेज आंधी व पानी के चलते कोतवाली में खड़ा नीम का पेड़ फटकार शिशु बल ग्रह, बैरक की छत पर गिर गया। उस समय तकरीबन बहुत संख्या में फरियादी उसी कमरें में मौजूद रहे। लेकिन कमरे के भीतर बैठे फरियादी एकदम सन्न रह गए। गनीमत रही कि उस समय बाइक नही खड़ी थी नही तो बाइक छतिग्रस्त हो सकती थी। पेड़ गिरने से शिशु बल ग्रह की छत क्षतिग्रस्त हो गई। लोगों ने ईश्वर का आभार व्यक्त किया ओर कहा कि वाल वाल बच गए नही तो आज जान पर आ जाती।

## अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**पुवायां, शाहजहांपुर।** थाना क्षेत्र सिंधौली के गांव गोरा रामपुर निवासी राहुल शुक्ला पुत्र विजेंद्र कुमार ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि बुधवार के दोपहर लगभग 11.30 बजे उनके भाई रामबाबू बाइक द्वारा गोरा रामपुर से पुवायां आ रहे थे। जब वह पुवायां के तुलाराम बाबा के निकट पहुंचे तभी अज्ञात वाहन चालक ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। जिससे वह घायल हो गए और बाइक पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। पीड़ित ने पुलिस को तहरीर देकर अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज किए जाने की मांग की।

# सीबीएसई 12वीं में नवांश कुमार बने जिला टापर

### कैम्ब्रिज कान्वेंट ने पाया जिले में दूसरा स्थान

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

सीबीएसई 12वीं का परीक्षा परिणाम घोषित कर दिया गया, जिसमें शहर के तक्षशिला पब्लिक स्कूल के छात्र ने जिला टाप किया है, तो वहीं पुवायां के कैम्ब्रिज कान्वेंट स्कूल के छात्र ने दूसरा स्थान प्राप्त कर स्कूल और माता पिता का नाम रोशन किया है। मेधावी बच्चों का सम्मानित किया गया और उन्हें बधाई दी गई। सीबीएसई के 12 कक्षा का परीक्षा परिणाम बुधवार को जारी कर दिया गया। सीबीएसई में तक्षशिला पब्लिक स्कूल के नवांश कुमार ने 97.8 प्रतिशत अंकों के साथ जिले में टॉप किया है। 97.6 प्रतिशत अंक पाकर कैब्रिंज कांवेंट स्कूल पुवायां की छात्रा पावनी अग्रवाल ने दूसरा स्थान पाया है। श्री शंकर मुमुक्षु विद्यापीठ की छात्रा श्लोक खन्ना ने 92.2 प्रतिशत अंकों के साथ तीसरा मुकाम हासिल किया है। शिक्षकों ने मेधावियों को मिठाई खिलाकर उत्साह बढ़ाया। सीबीएसई की परीक्षा में 39 स्कूलों के 2901 छात्र-छात्राएं शामिल हुए थे। परीक्षा को जिले के नौ केंद्रों पर कराया गया था। सीसी कैमरों की निगरानी के बाद सकुलशल परीक्षा समाप्त हुई। इसके बाद ऑनलाइन ही कॉपियों को जांचा गया था। मंगलवार को दोपहर बाद सीबीएसई ने परीक्षा परिणाम अपनी अधिकारिक वेबसाइट पर जारी कर दिया। स्कूलों में छात्र-छात्राओं को परीक्षा परिणाम दिखाने का इंतजाम किया था। उत्तीर्ण होने पर विद्यार्थी खुशी से झूम उठे। मेधावी बच्चों को स्कूल के डायरेक्टर ने फूलमाला पहनाकर स्वागत किया और मिठाई खिलाकर शुभकामनाएं दी है। रिजल्ट पाने के बाद बच्चों के चेहरे पर मुस्कान देखने को मिली है।




## राना पब्लिक स्कूल के छात्रों ने 12वीं परीक्षा परिणाम में लहराया परचम

### मेधावी बच्चों को स्कूल निदेशक अवतार सिंह ने किया सम्मानित

**पुवायां, शाहजहांपुर।** राना पब्लिक स्कूल पुवायां के विद्यार्थियों ने इस वर्ष 12वीं बोर्ड परीक्षा परिणाम में शानदार प्रदर्शन करते हुए विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया। विद्यालय के छात्र अंश मिश्रा ने 95 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया। विद्यालय के छात्र वैभव त्रिपाठी एवं इकरा ने संयुक्त रूप से 94 प्रतिशत अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान प्राप्त किया। वहीं शरद पटेल ने 91 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त किया। अन्य मेधावी छात्र-छात्राओं में जूही सिंह तोमर 90 प्रतिशत, विक्रमजीत सिंह 90 प्रतिशत, अतिमा सिंह 89 प्रतिशत, आयुष रस्तोगी 88 प्रतिशत, जशनदीप कौर 88 प्रतिशत, सुभप्रीत कौर 87 प्रतिशत, आस्था 87 प्रतिशत, किरणदीप कौर 87 प्रतिशत, नवनीत कौर 87, मानसी शर्मा 87, पवनप्रीत कौर 86, कंचन भास्कर 86 प्रतिशत, अंशदीप कौर 85 प्रतिशत, कुणाल कुमार 84 प्रतिशत, फलक खान 84 प्रतिशत, सुखमणदीप कौर 84 प्रतिशत, आदर्श बाजपेई 84 प्रतिशत, शुभजोत सिंह 84 प्रतिशत, अर्जुन रस्तोगी 83 प्रतिशत, निष्ठा त्रिपाठी 83 प्रतिशत, कोमलप्रीत कौर 82 प्रतिशत, खुशी त्रिपाठी 82 प्रतिशत, शरणदीप कौर 82 प्रतिशत, कृष्णा तिवारी 82 प्रतिशत, प्रिंस कश्यप 82 प्रतिशत, सिमरदीप कौर 82 प्रतिशत, सैजलप्रीत कौर 81 प्रतिशत एवं प्रभजोत सिंह 80 प्रतिशत अंक प्राप्त कर स्कूल और अपने माता पिता का नाम रोशन किया है। बच्चों की इस उपलब्धि पर स्कूल में जश्न का माहौल है। सभी बच्चों को निदेशक अवतार सिंह राना ने मिठाई खिलाकर शुभकामनाएं दी। विद्यालय के निदेशक अवतार सिंह राना ने सभी विद्यार्थियों, अभिभावकों एवं शिक्षकों को बधाई देते हुए कहा कि यह परिणाम विद्यार्थियों की मेहनत, शिक्षकों के समर्पण एवं अभिभावकों के सहयोग का प्रतिफल है। विद्यालय के प्रबंधक प्रदीप पांडे ने छात्रों के उज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि विद्यालय सदैव गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने के लिए प्रतिबद्ध है। विद्यालय के प्रधानाचार्य सत्येंद्र सिंह चौहान ने सभी सफल विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह सफलता आने वाले छात्रों के लिए प्रेरणास्रोत बनेगी। विद्यालय के उपप्रधानाचार्य रुद्रेंद्र पटेल सहित शिक्षकगण लखविंदर सिंह, राम प्रकाश तिवारी, सुनील दीक्षित, मनप्रीत कौर एवं प्रियंका सक्सेना इस अवसर पर उपस्थित रहे और सभी विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दीं। विद्यालय परिवार ने सभी सफल विद्यार्थियों के उज्वल भविष्य की मंगलकामना की।

## रेनेसां एकेडमी की नेहा गंगवार रहीं अव्वल




### काव्या व मंजरी ने हासिल किया क्रमशः दूसरा व तीसरा स्थान

**तिलहर – शाहजहांपुर।** नगर के सीबीएसई रेनेसां एकेडमी स्कूल की इंटर मीडिएट परीक्षा में नेहा गंगवार ने 96.40 प्रतिशत अंक प्राप्त कर कॉलेज टॉप किया है। इसी क्रम में काव्या गंगवार ने 95.60 प्रतिशत पाकर दूसरा तथा मंजरी शर्मा ने 94.60 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तीसरा स्थान हासिल किया है । जबकि छात्रों में वेदांश राज सर्वाधिक 93.60 प्रतिशत अंक पाकर चैथे पायदान पर रहे। एकेडमी प्रशासन व प्रबंध तंत्र ने शिक्षा में बेहतर प्रदर्शन करने वाले मेधावियों को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है।

## सेंट मैरी स्कूल की अक्षरा मिश्रा ने किया कॉलेज टॉप

### सीबीएसई इंटर मीडिएट का रहा शत प्रतिशत रिजल्ट




**तिलहर-शाहजहांपुर।** नगर के सेंट मेरी कॉन्वेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल का (सीबीएसई) इंटर मीडिएट में अक्षरा मिश्रा ने सर्वाधिक 91.40 प्रतिशत अंक प्राप्त कर कॉलेज टॉप किया।

वर्तमान शैक्षणिक सत्र में इंटर मीडिएट में कुल 70 छात्र-छात्राएं थीं। सभी परीक्षा में सम्मिलित हुए और विद्यालय ने अधिकतम उत्तीर्ण परिणाम प्राप्त कर अपनी शैक्षणिक उत्कृष्टता की परंपरा को बनाए रखा। विद्यालय के मेधावियों में अक्षरा मिश्रा 91.40 प्रतिशत प्रथम स्थान प्राप्त किया। जबकि अनुष्का सक्सेना ने 88.60 प्रतिशत पाकर द्वितीय आराध्या मिश्रा ने 87.80 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्रधानाचार्या रेव. सिस्टर पुनीता ने सभी विद्यार्थियों को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन पर बधाई दी तथा छात्रों एवं शिक्षकों की कड़ी मेहनत की सराहना की। उन्होंने विशेष रूप से विद्यालय के मेधावियों की प्रशंसा की और विद्यार्थियों को भविष्य में भी उत्कृष्टता के लिए प्रयासरत रहने हेतु प्रेरित किया। विद्यालय प्रबंधन एवं स्टाफ ने सभी विद्यार्थियों के उज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। यह परिणाम शिक्षकों के समर्पण, अभिभावकों के सहयोग और वर्ष भर विद्यार्थियों के ईमानदार प्रयासों को दर्शाता है।

## मारवाह मार्डन का परीक्षा परिणाम रहा शत-प्रतिशत

**पुवायां, शाहजहांपुर।** मारवाह मार्डन स्कूल का सीबीएसई 12वीं का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा है। परीक्षा परिणाम देखने के लिए बहुत से बच्चे स्कूल पहुंचे और कुछ बच्चों ने घर पर रिजल्ट आनलाइन देखकर खुशी से झूम उठे। स्कूल पहुंचे मेधावी बच्चों को निदेशक तारा सिंह और उप निदेशक कमलजीत सिंह ने मिठाई खिलाकर शुभकामनाएं दी। सीबीएसई 12वीं में अर्थव अग्निहोत्री ने 94 प्रतिशत, असमीत कौर ने 90 प्रतिशत, शैफाली गुप्ता 84 प्रतिशत पाकर स्कूल में प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान प्राप्त किया। मेधावी ने अपनी सफलता का श्रेय स्कूल के शिक्षकों के साथ ही माता पिता को दिया है। उन्होंने कहा पढाई को मन लगाकर करना चाहिए, जिससे सफलता अवश्य मिलती है। मेधावी बच्चों को निदेशक तारा सिंह, उप निदेशक कमलजीत सिंह ने फूलमाला पहनाकर और मिष्ठान खिलाकर स्वागत किया।



## वक्फ सम्पत्तियों से अपलोड की जानकारी, दस्तावेजों सहित उपलब्ध कराएं

**शाहजहांपुर।** सर्वे कमिश्नर वक्फ उत्तर प्रदेश लखनऊ के कार्यालय द्वारा विशेष सचिव अल्पसंख्यक कल्याण एवं वक्फ अनुभाग 1 के पत्र द्वारा प्रधानमंत्री जन विकास कार्यक्रम, पीएम विकास एवं वक्फ से सम्बन्धित प्रकरण की सचिव, अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय भारत सरकार की अध्यक्षता में 23 जनवरी 2026 को सम्पन्न समीक्षा बैठक का कार्यवृत्त उपलब्ध कराते हुये निर्देशित किया गया है कि उम्मीद पोर्टल पर की गयी जानकारी निर्धारित दिशा-निर्देशों के अनुरूप नही है तथा निर्देशित किया गया है कि उक्त अपलोड की गयी जानकारी को एक माह की अवधि के भीतर दुरुस्त किया जाये। इसके अतिरिक्त 50 एकड़ से अधिक भूमि क्षेत्र से सम्बन्धित मामलों पर विशेष ध्यान देने के निर्देश देते हुये केन्द्रीय उम्मीद पोर्टल-2025 पर वक्फ सम्पत्तियों से सम्बन्धित अपलोड की गयी जानकारी- दस्तावेजों के संकलन एवं स्पष्टीकरण हेतु कलेक्ट्रेट कार्यालय में जिलेवार शिविर आयोजन करने के निर्देश दिये गये हैं। जानकारी देते हुए, जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी रोहित कुमार सिंह ने बताया कि उक्त के क्रम में जनपद के समस्त मुतवल्ली,प्रबन्ध समिति, प्रशासकों विशेषकर 50 एकड़ से अधिक भूमि से सम्बन्धित को सूचित किया जाता है कि केन्द्रीय उम्मीद पोर्टल-2025 पर वक्फ सम्पत्तियों से सम्बन्धित अपलोड की गयी जानकारी, दस्तावेजों सहित विवरण कलेक्ट्रेट स्थित कार्यालय कक्ष संख्या 18 सहायक सर्वे वक्फ आयुक्त-जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी में उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें, ताकि उक्त कार्य ससमय पूर्ण कराये जाने में सहयोग प्रदान किया जा सके।

## खबरें एक नजर में

### दूसरे दिन फिर बदला मौसम का मिजाज, दोपहर में चली तेज आंधी के साथ बारिश

**खुदागंज, शाहजहांपुर।** खुदागंज एवं आसपास के क्षेत्रों में लगातार दूसरे दिन मौसम ने अचानक करवट ले ली। मंगलवार को लगभग दोपहर 12 बजे आसमान में काले बादल छा गए और तेज हवाओं के साथ बारिश शुरू हो गई। आंधी इतनी तेज थी कि कई स्थानों पर टिनशेड और पेड़ों की डालियां हिलने लगीं, जिससे लोगों में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। तेज हवा और बारिश के कारण बाजारों में भीड़ कम हो गई और राहगीरों को सुरक्षित स्थानों पर रुकना पड़ा। कई ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली व्यवस्था भी प्रभावित होने की जानकारी सामने आई है। मौसम के अचानक बदले रुख से लोगों को गर्मी से राहत जरूर मिली, लेकिन तेज आंधी के चलते जनजीवन कुछ समय के लिए प्रभावित रहा। स्थानीय लोगों का कहना है कि पिछले दो दिनों से लगातार बदलते मौसम ने किसानों की चिंता भी बढ़ा दी है।

### रोड किनारे खड़े वाहनों से चैराहे पर लगा जाम, एंबुलेंस भी फंसी



**खुदागंज, शाहजहांपुर।** नगर क्षेत्र में सड़क किनारे अव्यवस्थित ढंग से खड़े वाहनों के कारण जाम की समस्या लगातार गंभीर होती जा रही है। मुख्य चैराहों और बाजार क्षेत्रों में आए दिन लगने वाले जाम से आम लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। बताया जा रहा है कि सड़क के दोनों ओर दुकानदारों द्वारा किए गए अतिक्रमण तथा रोड किनारे खड़े दोपहिया और चारपहिया वाहनों की वजह से यातायात व्यवस्था पूरी तरह प्रभावित हो रही है। मंगलवार को मुख्य चैराहे पर लगे जाम में एक एंबुलेंस करीब 10 मिनट तक फंसी रही, जिससे लोगों में नाराजगी देखने को मिली। वहीं डग्गामार वाहन भी सड़क किनारे खड़े रहने से समस्या और बढ़ा रहे हैं। बाजार और व्यस्त इलाकों में स्थिति अधिक चिंताजनक बनी हुई है। थोड़ी-सी भी भीड़ होने पर लंबा जाम लग जाता है, जिससे राहगीरों, स्कूली बच्चों और वाहन चालकों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। जाम के कारण आपातकालीन सेवाएं भी प्रभावित हो रही हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि समय रहते प्रशासन ने इस समस्या पर ठोस कदम नहीं उठाए, तो आने वाले दिनों में हालात और बिगड़ सकते हैं। थाना प्रभारी राकेश कुमार मौर्य ने बताया कि गलत तरीके से सड़क किनारे वाहन खड़े करने वालों के खिलाफ अभियान चलाकर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### जिले में स्थापित होगी बाबा नीम करौली की दिव्य प्रतिमाः विनय



**शाहजहांपुर।** शहर के छोटा चौक स्थित दादी रानी सती के मंदिर में बाबा नीम करौली वाले महाराज की दिव्य प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा होने जा रही है। जिसको लेकर तैयारियां शुरू हो गई है। प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव का कार्यक्रम परी नमकीन के स्वामी विनय अग्रवाल ने बताया कि यह आयोजन 25 जून को संपन्न होगा। उन्होंने बताया कि प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा विधिवत मंत्रोच्चारण के साथ की जाएगी। इस पावन अवसर पर हजारों की संख्या में बाबा के भक्तों के सम्मिलित होने की संभावना है। प्राण प्रतिष्ठा के पश्चात उसी दिन प्रसाद चरण का विशेष कार्यक्रम भी रखा गया है। श्रद्धालुओं के लिए यह अच्छी खबर है, बाबा नीम करौली की यह पहली प्राण प्रतिष्ठा है। आयोजकों का मानना है कि शहर में बाबा के भक्तों की संख्या निरंतर बढ़ रही है, लेकिन किन्हीं कारणों से जो भक्त बाहर स्थित बाबा के दरबार में हाजिरी नहीं लगा पाते, वे अब इसी मंदिर प्रांगण में दर्शन कर पुण्य लाभ कमा सकेंगे। इस दौरान दिनेश अग्रवाल, कुनाल अग्रवाल, विक्रांत सक्सेना, नेहा सक्सेना आदि मौजूद रहे।

### कन्नौज से पीलीभीत पहुंचे मृतकों के शव, मचा कोहराम

**पीलीभीत।** जीटी रोड पर कन्नौज में हुए दर्दनाक सड़क हादसे में जान गंवाने वाले ललौरीखेड़ा क्षेत्र के गांव प्यास के दो श्रमिकों के शव बुधवार को गांव पहुंच गए। शवों के पहुंचते ही पूरे गांव में कोहराम मच गया और मातम की लहर दौड़ गई। परिजन रो-रोकर बिलख पड़े।मृतकों की पहचान निरंजन लाल (पुत्र तुलाराम) और गंगाराम (पुत्र तेजराम) के रूप में हुई है। गांव के सात लोग 5 मई को रेलवे के एक ठेकेदार के साथ कन्नौज में काम करने गए थे।हादसा कैसे हुआ?सोमवार शाम को सभी मजदूर पिकअप वाहन में जेनसेट बांधकर सिकंदराराऊ से कानपुर की तहसील बिल्हौर जा रहे थे। जेवां टोल प्लाजा से मात्र एक किलोमीटर पहले अचानक जेनसेट खुल गया। निरंजन लाल, गंगाराम, महेंद्र पाल और कृष्ण कुमार इसे दोबारा बांधने के लिए सड़क पर उतरे। तभी तेज रफ्तार से आ रही एक डीसीएम ने चारों को अपनी चपेट में ले लिया।हादसे में निरंजन लाल की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि गंगाराम को अस्पताल ले जाते समय रास्ते में दम तोड़ दिया। महेंद्र पाल, कृष्ण कुमार और डीसीएम चालक राम रतन घायल हैं और उनका इलाज अस्पताल में चल रहा है।दोनों शवों का पोस्टमार्टम पूरा होने के बाद बुधवार को गांव प्यास लाया गया। शवों को देखकर परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल था। महिलाएं करुण स्वर में रो रही थीं।ग्रामीणों ने हादसे को पूरी तरह लापरवाही का नतीजा बताया है। उन्होंने जेनसेट को ठीक से न बांधने और वाहन की ओवरलोडिंग पर ठेकेदार व परिवहन व्यवस्था पर सवाल उठाए हैं।परिवार अब मृतकों के आश्रितों को उचित मुआवजा और सरकारी सहायता दिए जाने की मांग कर रहे हैं। स्थानीय प्रशासन ने शवों के गांव पहुंचने पर किसी भी अप्रिय घटना को रोकने के लिए पर्याप्त पुलिस बल तैनात किया था।यह हादसा मजदूरों की सुरक्षा को लेकर एक बार फिर सवाल खड़ा कर गया है।

## चिन्हित स्थलों के अलावा घरों में कुर्बानी की आड़ में मांस कारोबार कहां तक उचित

**मनोज प्रबल**

**तिलहर-शाहजहांपुर।** ईद उल अजहा के अवसर पर नगर क्षेत्र में कुर्बानी को लेकर चिन्हित स्थलों के अलावा कई घरों में कुर्बानी के नाम पर बड़े जनवरों के मांस की बिक्री किए जाने को लेकर प्रशासन से शिकायतें की जाती रही हैं । पूर्व में निर्धारित स्थलों पर ही कुर्बानी किए जाने के निर्देश जारी किए जाते हैं। इसके बावजूद स्थानीय स्तर पर कई कसाब घरों और मोहल्लों में सामूहिक रूप से कुर्बानी कराने का कारोबार करते हैं। इससे प्रशासनिक व्यवस्था पर सवाल खड़े होना स्वाभाविक है। जानकारी के अनुसार नगर के कई मोहल्लों में बाहरी और स्थानीय कसाई घर-घर जाकर अथवा एक स्थान पर कई लोगों की सामूहिक कुर्बानी करते नजर आते हैं। जबकि प्रशासन स्पष्ट निर्देश रहते हैं कि केवल चिन्हित एवं निर्धारित स्थलों पर ही कुर्बानी की जाए। जिससे स्वच्छता एवं कानून व्यवस्था के साथ ही आमजन की भावनाओं का ध्यान रखा जा सके। इसके बावजूद कुछ लोग खुलेआम नियमों की अनदेखी करते रहे हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि घरों में सामूहिक कुर्बानी के दौरान अवशेषों का उचित निस्तारण नहीं हो पाता। जिससे गंदगी फैलने और संक्रमण का खतरा बना रहता है। वहीं कई स्थानों पर सार्वजनिक स्थानों के आसपास कुर्बानी किए जाने से लोगों में नाराजगी भी देखी जाती है। प्रशासनिक सूत्रों के अनुसार नगर पालिका , पुलिस एवं राजस्व विभाग की संयुक्त टीमें लगातार निगरानी करती रही हैं। तथा निर्देशों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध कार्रवाई की चेतावनी भी दी जाती है। इस बार प्रशासन ने लोगों से अपील की है कि धार्मिक परंपराओं का पालन शांतिपूर्ण एवं प्रशासन द्वारा निर्धारित नियमों के अंतर्गत ही करें। बकरा ईद करीब आ रही है। इसके चलते कारोबारियो ने अपना जाल बिछाना शुरू कर दिया है। बाजारों से जानवर लाना प्रारंभ कर दिए हैं। सूत्र बताते हैं कि बड़े जानवर में 6 हजार से लेकर 7 हजार तक हिस्से की कीमत रखी गई है। नगर के बुद्धिजीवियों एवं सामाजिक संगठनों ने भी प्रशासन से मांग की है। कि निर्धारित स्थलों के अतिरिक्त कहीं भी सामूहिक कुर्बानी कराने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाए। ताकि त्योहार सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हो सके। लोगों का कहना है पूर्व निर्धारित कुर्बानी स्थल पर पशु चिकित्सक की देखरेख में जानवरों की कुर्बानी होनी चाहिए।

## आंधी में हुए हादसों में दो महिलाएं गंभीर घायल, जिला मेडिकल कॉलेज रेफर

**तिलहर-शाहजहांपुर।** आंधी पानी के दौरान एक घर में उड़कर गिरी तीन से महिला घायल हो गई । वहीं छत से कूदे उतरने गई महिला हवा के तेज झोंके से अंग में जा गिरी और गम्भीर रूप से घायल हो गई। दोनों को सीएचसी लाया गया। जहां से जिला मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। बुधवार दोपहर तेज आंधी के दौरान कस्बे से सटे गांव शेरगढ़ में शकुंतला आंधी आने के दौरान छत के ऊपर सूखने के लिए पड़े कपड़े उतारने के लिए गई थी। इसी दौरान नीचे उतरते समय अचानक हवा के झोंके से वह छत से नीचे आंगन में आ गिरी। गंभीर रूप से घायल हो गई। जबकि दूसरी घटना नगर के मोहल्ला भख्शी में हुई। यहां तेज आंधी आने की वजह से पड़ोस की एक टीन उड़कर याकूब के घर जाकर गिरी। हादसे में उनकी पत्नी कमर जहां टीन के नीचे दबने से गंभीर रूप से घायल हो गई।

## शाहजहांपुर पहुंचे सपा के पूर्व प्रदेशाध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल



### मिर्जापुर पहुंचकर पूर्व ब्लाक प्रमुख के निधन पर अर्पित की श्रद्धांजलि

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

समाजवादी पार्टी के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल शाहजहांपुर पहुंचे। जलालाबाद में मिर्जापुर ब्लाक की पूर्व प्रमुख सुमनलता यादव के स्वर्गवास उपरांत उनके समाधि स्थल पर पहुंचकर श्रद्धा सुमन अर्पित किए। जलालाबाद में समाजवादी पार्टी के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य नीरज मिश्रा ने अपने गाड़ियों के काफिले एवं अनेक कार्यकर्ताओं के साथ पूर्व प्रदेशाध्यक्ष की अगवानी की। इसके बाद नीरज मिश्रा को उन्होंने अपनी गाड़ी में बैठाकर मिर्जापुर रवाना हुए। रास्ते में पार्टी के जिला उपाध्यक्ष जीवेंद्र वाजपेयी के इंटर कालेज में रूककर जलपान किया गया और उनके परिवार से नरेश उत्तम पटेल ने मुलाकात की। इसके बाद श्री पटेल मिर्जापुर में श्री संतनपाल मेडिकल कालेज स्थित समाधि स्थल पर पहुंचे और सुमनलता यादव के चित्र पर पुष्पमाला चढाकर श्रद्वांजलि अर्पित की। इस दौरान एमएलसी अमित यादव, लोकसभा प्रत्याशी रहीं ज्योत्सना कश्यप, सै. रिजवान अहमद, सूरजपाल यादव, रामकुमार भोजपाल, उत्पल यादव, धनंजय सिंह, नीरज कुशवाह, रामजी गुप्ता, आशुतोष तिवारी, रामवीर यादव आदि मौजूद रहे। इस दौरान युवा नेता राहुल पाल ने पूर्व प्रदेश अध्यक्ष को लौह पुरूष सरदार पटेल जी का चित्र भेंट कर स्वागत किया। इसके बाद सपा नेता नीरज मिश्रा और जीवेंद्र वाजपेयी ने श्री पटेल को लखनउ आगवन के लिए गंगा एक्सप्रेसवे पर विदाई दी। इसके बाद सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के छोटे भाई प्रतीक यादव के निधन पर सपा नेताओं ने दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की।

## मौके पर जाकर पुलिस ने 25 का शिकायतों का किया निस्तारण

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



जनशिकायतों के निस्तारण में तेजी व पारदर्शिता, निष्पक्षता हेतु एसपी सौरभ दीक्षित द्वारा चलाये जा रहे विशेष अभियान के अन्तर्गत पुलिस द्वारा शिकायतकर्ताओं के मौके पर जाकर कुल 25 शिकायतों का निस्तारण किया गया। एसपी सौरभ दीक्षित के निर्देशन व अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण,नगर के पर्यवेक्षण में जनपद में आईजीआरएस के माध्यम से प्राप्त होने वाली जनशिकायतों के समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु चलाया जा रहा है विशेष अभियान में इस अभियान के नोडल अधिकारी अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण को नामित किया गया है। विशेष अभियान के अन्तर्गत जनपद के समस्त क्षेत्राधिकारी एवं समस्त थाना प्रभारियों द्वारा शिकायतकर्ता के मौके पर जाकर शिकायतों का निस्तारण किया जा रहा है। प्रत्येक क्षेत्राधिकारी अपने सर्किल के थाना क्षेत्र में कम से कम 1 स्थान व थाना प्रभारी अपने क्षेत्र में कम से कम 2 स्थानों पर प्रतिदिन मौके पर निस्तारण करेंगे। बुधवार को चलाये गये विशेष अभियान के अन्तर्गत जनपद के समस्त थानों पर प्राप्त शिकायतों में से कुल 25 शिकायतों का निस्तारण किया गया। विशेष अभियान के अन्तर्गत शिकायतकर्ता को अपनी शिकायत के निस्तारण हेतु परेशान नहीं होना पडेगा। पुलिस शिकायतकर्ता के घर मौके पर स्थलीय निरीक्षण कर शिकायत का कर रही है समाधान व दोनों पक्षों का फीडबैक लेकर शिकायत के समाधान के सम्बंध में सन्तुष्ट किया जा रहा है। शिकायतकर्ता को बार-बार थाने अथवा उच्चाधिकारियों के पास पुलिस ऑफिस आने की आवश्यकता नहीं पडेगी, उसकी शिकायत का निस्तारण और बेहतर तरीके से मौके पर किया जा रहा है।

## अवैध शस्त्र फैक्ट्री का भंडाफोड़, एक गिरफ्तार



**शाहजहांपुर।** पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में जनपद में अपराध और अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना सिंधौली पुलिस ने ग्राम तेरा के जंगल में चल रही अवैध शस्त्र फैक्ट्री का भंडाफोड़ करते हुए एक शातिर अपराधी को गिरफ्तार किया है। 13 मई 2026 को उपनिरीक्षक सचिन कुमार मय टीम क्षेत्र में गश्त और चेकिंग कर रहे थे। इसी दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि ग्राम तेरा थाना सिंधौली के जंगल में अवैध शस्त्र बनाए जा रहे हैं। सूचना पर पुलिस टीम ने मौके पर दबिश दी, जहां से अतीक अहमद पुत्र सदीक अहमद निवासी ग्राम तेरा को गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तार आरोपी के कब्जे से 2 तमंचे 315 बोर चालू हालत में, 2 अधबने तमंचे 315 बोर, 2 जिंदा व 2 खोखा कारतूस 315 बोर, 1 जिंदा कारतूस 12 बोर तथा तमंचा बनाने के उपकरण बरामद किए गए हैं। पुलिस के मुताबिक अतीक अहमद शातिर किस्म का अपराधी है और पूर्व में भी अवैध शस्त्र निर्माण के मामले में जेल जा चुका है। उसके खिलाफ कई अन्य मुकदमे भी दर्ज हैं। इस संबंध में थाना पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। मामले की विवेचना उपनिरीक्षक हनुमान यादव द्वारा की जा रही है। पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार अभियुक्त को न्यायालय में पेश किया गया।

## नैनो यूरिया एवं नैनो डीएपी के प्रयोग की विधि बताई




### मिट्टी की जांच के लिए किसानों को किया जागरूक

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

ददरौल साधन सहकारी समिति पर मृदा परीक्षण अभियान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. संतोष कुमार सिंह उप महाप्रबंधक इफको लखनऊ रहे। रामरतन सिंह क्षेत्र अधिकारी इफको शाहजहांपुर ने उपस्थित किसानों को रासायनिक उर्वरकों के कम प्रयोग तथा नैनो यूरिया एवं नैनो डीएपी के प्रयोग की विधि एवं लाभों के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि नैनो डीएपी से बीज शोधन कर बुवाई करने तथा फसल की 30-35 दिन की अवस्था पर एक बोतल नैनो डीएपी का छिड़काव करने से रासायनिक डीएपी की मात्रा में 25 से 50 प्रतिशत तक कमी की जा सकती है। भावेश त्रिपाठी टीएमई इफको-एमसी ने फसलों में लगने वाले रोगों एवं कीटों की रोकथाम के बारे में किसानों को जानकारी दी। मुख्य अतिथि उप महाप्रबंधक ने सभी किसानों को मिट्टी की जाँच कराने के लिए जागरूक किया तथा इससे होने वाले लाभों के बारे में विस्तार से बताया। किसानों को इफको जैव उर्वरक एनपीके कंसोर्टिया 500 एमएल से बीज शोधन करने एवं सड़ी गोबर की खाद के साथ मिलाकर प्रयोग करने की सलाह दी गई। बताया गया कि इसके प्रयोग से रासायनिक उर्वरकों का उपयोग कम कर उपज में वृद्धि की जा सकती है। कार्यक्रम में दिनेश दीक्षित, सचिव ददरौल समिति, सचेंद्र वर्मा, एमडीई एक्का एग्री तथा दुर्गेश पाण्डेय, इफको सहित लगभग 70 किसानों ने प्रतिभाग किया।

**संबंध विच्छेद**

मैंने अपने पुत्र नीलकमल मिश्रा, पुत्रवधू सेजल उर्फ नीशू को गलत आचरण के कारण अपनी चल अचल संपत्ति से बेदखल करके संबंध विच्छेद कर लिए हैं। वे अपने कृत्यों के स्वयं जिम्मेदार होंगे। **मनोज कुमार मिश्रा पुत्र हनुप्रसाद मिश्रा नि.ग्रा. मरेना, थाना व तह. पुवायां, शाहजहांपुर।**

## प्रधानमंत्री की अपील

प्रधानमंत्री मोदी ने जिस तरह देश से अपील की है और कुछ हिदायतें भी दी हैं, उनसे स्पष्ट है कि संकट गहरा रहा है। हालात सामान्य की परिधि से बाहर निकल चुके हैं। ईरान युद्ध का बेहद गंभीर असर भारत पर भी महसूस होने लगा है। प्रधानमंत्री ने कोरोना वैश्विक महामारी के दौरान जैसी अपील कई बार की थी, उसी तरह वह अब कह रहे हैं कि कारपूलिंग करें, सार्वजनिक परिवहन का इस्तेमाल करें, जहां मेट्रो उपलब्ध है, वहां उसी से सफर करें और अधिक से अधिक विद्युत वाहनों का उपयोग करें। प्रधानमंत्री को यहां तक हिदायत देनी पड़ी है कि 'वर्क फ्रॉम होम' करें, ऑनलाइन बैठकें करें। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग आज फिर 'जरूरत' बन गई है। गैर-जरूरी यात्राएं न करें और कमोबेश 1 साल के लिए विदेश में छुट्टी मनाने, घुमक्कड़ी करने और शादियां करने को स्थगित कर दें। यह देशहित में होगा। चाहे कोई भी त्योहार या घरेलू समारोह हो अथवा निवेश के मद्देनजर सोने की खरीद भी न करें। इससे विदेशी मुद्रा बचेगी, लिहाजा यह भी देशहित में होगा। बेशक प्रधानमंत्री मोदी की चिंताएं समझ में आ रही हैं। ईरान युद्ध समाप्त नहीं हो पा रहा है। युद्धविराम के ढोंग में जो हमले किए जा रहे हैं, वे युद्ध ही हैं। अमरीका और ईरान की अपनी-अपनी नाकेबंदी के वैश्विक प्रभाव सामने आ रहे हैं। अमरीका में ही पेट्रोल के दाम 7.5 फीसदी बढ़ गए हैं, जबकि अमरीका में तेल संकट नहीं है। ब्रिटेन में डीजल के दाम 33 फीसदी बढ़ाने पड़े हैं और घर को गरम रखने के लिए एलपीजी का उपयोग बंद कर दिया गया है। दक्षिण कोरिया में नहाने में शॉर्ट शॉवर, सप्ताहांत में ही वाशिंग मशीन चलाने और सरकारी दफ्तरों में लिफ्ट बंद करने जैसी कुछ व्यवस्थाएं देश पर लागू की गई हैं। चीन, फ्रांस, स्पेन, इटली जैसे देशों को भी पेट्रोल-डीजल और गैस के दाम बढ़ाने पड़े हैं। प्रधानमंत्री मोदी भी आम उपभोक्ता के लिए पेट्रोल, डीजल, गैस के दाम बढ़ाने की भूमिका तैयार कर रहे हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा है कि भारत में कच्चे तेल के बड़े-बड़े कुएं नहीं हैं। हमें तेल आयात करना ही पड़ेगा। युद्ध के कारण और कच्चा तेल लगातार महंगा होने के कारण भारत की तेल कंपनियों को 30,000 करोड़ रुपए माहवार का घाटा झेलना पड़ रहा है। हररोज का औसतन घाटा 1600 करोड़ रुपए का है। सरकार ने पेट्रोल-डीजल पर जो टैक्स घटाया था, उससे ही सरकार को हर माह 14,000 करोड़ रुपए का नुकसान हो रहा है। भारत को तेल, गैस आदि विदेशों से आयात करने पड़ते हैं। अभी देश 93 लाख करोड़ रुपए का आयात कर रहा है। हमारा व्यापार घाटा भी करीब 11.3 लाख करोड़ रुपए सालाना है। आर्थिक और कारोबारी हालात, ईरान युद्ध के कारण, बदतर होते जा रहे हैं, लिहाजा प्रधानमंत्री को कोरोना महामारी जैसी अपील करनी पड़ी है। प्रधानमंत्री ने एक बार फिर यह हिदायत दोहराई है कि हर घर में तेल की मात्रा कम करें। ऐसा करने से स्वस्थ रहेंगे और देश पर भी खाद्य तेल आयात करने का बोझ नहीं बढ़ेगा। प्रसंगवश याद दिला दें कि हमारे दर्जन भर जहाज, टैंकर अब भी होर्मुज के समंदर पर फंसे हैं। हमारे कुछ नाविक मारे गए हैं और घायल भी हुए हैं। ईरान और अमरीका धमकियां दे रहे हैं और होर्मुज जलमार्ग का नाजायज फायदा उठा रहे हैं। भारत ऐसा देश है, जहां 2025-26 में 6.40 लाख करोड़ रुपए का सोना आयात किया गया। हम विदेश यात्राओं पर ही 3.65 लाख करोड़ रुपए खर्च कर देते हैं। यदि इन पर कुछ रोक लगाएंगे, तो विदेशी मुद्रा बचेगी। 2025-26 में हमने कच्चे तेल के आयात पर 10.35 लाख करोड़ रुपए खर्च किए। चूंकि ईरान युद्ध के कारण कच्चा तेल 50 फीसदी महंगा हो गया है, लिहाजा अब हमें तेल के आयात पर करीब 17 लाख करोड़ रुपए खर्च करने पड़ेंगे। बोझ देश की अर्थव्यवस्था पर ही पड़ेगा। विश्व बैंक का आकलन है कि युद्ध के कारण 2026 में ऊर्जा की कीमतों में 24 फीसदी तक बढ़ोतरी होगी और वस्तुओं के दामों में 16 फीसदी तक की वृद्धि हो सकती है। विश्व मंदी के कगार पर है, क्योंकि लगभग सभी देशों की आर्थिक गति धीमी हो गई है। प्रधानमंत्री साफ करें कि भविष्य में क्या होने वाला है। आम आदमी को भविष्य की चिंता सता रही है।

# उ.प्र. स्टेट डाटा सेन्टर : डिजिटल सुशासन की मजबूत आधारशिला




*अभिषेक सक्सेना*

प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ जी के नेतृत्व में उ0प्र0 डिजिटलीकरण की ओर तेजी से बढ़ रहा है। आज हर कार्य कंप्यूटर इंटरनेट के जरिए ऑनलाइन किये जा रहे है। आज के डिजिटल युग में सरकारी विभागों की बढ़ती ऑनलाइन सेवाओं, विशाल डाटा के सुरक्षित संरक्षण, विभिन्न विभागों की एप्लीकेशन्स के केंद्रीकृत संचालन तथा नागरिकों तक त्वरित एवं पारदर्शी सेवाएं पहुंचाने की चुनौती लंबे समय से सामने रही है। अलग-अलग सर्वरों एवं बिखरी हुई तकनीकी व्यवस्थाओं के कारण डाटा सुरक्षा, सेवा निरंतरता एवं प्रभावी प्रबंधन सुनिश्चित करना कठिन हो रहा था। इसी चुनौती के समाधान के रूप में उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा नेशनल ई-गवर्नेन्स प्लान के अंतर्गत उ.प्र. स्टेट डाटा सेन्टर (यूपीएसडीसी) की स्थापना की गई, जो आज राज्य की ई-गवर्नेन्स व्यवस्था का एक सशक्त और विश्वसनीय आधार बन गया है।

यूपीएसडीसी के माध्यम से राज्य के विभिन्न विभागों की जी-टू-सी (Government to Citizen) तथा जी-टू-जी (Government to Government) सेवाओं को इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से प्रभावी ढंग से संचालित किया जा रहा है। इसके तहत विभागों के डाटा एवं एप्लीकेशन सॉफ्टवेयर को केंद्रीकृत रूप से सुरक्षित रखा जाता है, जिससे नागरिकों तक सेवाओं की त्वरित एवं पारदर्शी पहुंच सुनिश्चित हो रही है।

प्रदेश सरकार की नीति के तहत वर्तमान में लगभग 65 विभागों की 265 से अधिक विभिन्न एप्लीकेशन्स एवं वेबसाइट्स यूपीएसडीसी पर होस्टेड हैं। यह प्लेटफॉर्म विभागों की बढ़ती आवश्यकताओं के अनुरूप निरंतर विस्तार प्राप्त कर रहा है तथा विभिन्न विभागों को उनकी वेबसाइट एवं एप्लीकेशन होस्टिंग के लिए आवश्यक स्पेस उपलब्ध करा रहा है। प्रदेश सरकार की महत्वपूर्ण ई-ऑफिस योजना भी यूपीएसडीसी पर सफलतापूर्वक संचालित हो रही है, जिसके माध्यम से शासकीय कार्यप्रणाली में पारदर्शिता, दक्षता और गति आई है। ई-ऑफिस प्रणाली ने सरकारी कार्यालयों में फाइलों के डिजिटल निस्तारण को बढ़ावा देते हुए पेपरलेस प्रशासन की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बढ़ाया है।

डाटा सेन्टर की क्षमता वृद्धि एवं भविष्य की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए इसके विस्तारीकरण का कार्य भी किए गए हैं। विस्तारीकरण के अंतर्गत नॉन-आईटी उपकरणों की स्थापना में 36 नवीन रैक्स लगाए गए हैं, जिनकी विद्युत भार क्षमता 14 किलोवाट से 21 किलोवाट तक है। इसके अतिरिक्त 2200 केवीए के 02 ट्रांसफार्मर, 1250 केवीए के 03 जेनसेट, 400 केवीए के 06 यूपीएस, एच.टी./एल.टी. पैनल सहित अन्य सहवर्ती उपकरणों की स्थापना कर यूपीएसडीसी को और अधिक सक्षम एवं सुरक्षित बनाया गया है।

विस्तारीकरण योजना के द्वितीय चरण में वर्ष 2024-25 के दौरान आईटी कम्पोनेन्ट्स के अंतर्गत अत्याधुनिक नेटवर्किंग उपकरणों, सर्वर एवं स्टोरेज सिस्टम की आपूर्ति एवं स्थापना का कार्य भी कराया गया है। इससे डाटा प्रोसेसिंग क्षमता, नेटवर्क सुरक्षा तथा एप्लीकेशन संचालन की दक्षता में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है।

उत्तर प्रदेश स्टेट डाटा सेन्टर राज्य में डिजिटल परिवर्तन की दिशा में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर साबित हो रहा है। यह न केवल सरकारी सेवाओं को तकनीकी रूप से मजबूत बना रहा है, बल्कि नागरिकों को तेज, सुरक्षित और पारदर्शी सेवाएं उपलब्ध कराने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है।

*सहायक पर्यवेक्षक अधिकारी*

## गांव से शासन तक तेज, सुरक्षित और निर्बाध कनेक्टिविटी से मजबूत हुई ई-गवर्नेन्स सेवाएं

प्रदेश में लंबे समय तक सरकारी कार्यालयों के बीच समन्वय, सूचनाओं के आदान-प्रदान और ऑनलाइन सेवाओं के संचालन में नेटवर्क कनेक्टिविटी की कमी एक बहुत बड़ी चुनौती रही। जनपद, तहसील और विकास खण्ड स्तर पर इंटरनेट एवं डेटा संचार की कमजोर व्यवस्था के कारण ई-गवर्नेन्स सेवाओं का प्रभावी संचालन प्रभावित होता था, जिससे आम नागरिकों को समयबद्ध सेवाएं प्राप्त करने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता था। इन्ही समस्याओं के समाधान हेतु सूचना प्रौद्योगिकी एवं इलेक्ट्रॉनिक्स विभाग, उत्तर प्रदेश द्वारा यू.पी. स्टेट वाइड एरिया नेटवर्क (यूपीस्वान) जैसी महत्वाकांक्षी योजना को विकसित किया गया, जिसने प्रदेश के प्रशासनिक ढांचे को डिजिटल रूप से सशक्त बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय (माईटी), भारत सरकार द्वारा वित्त पोषित नेशनल ई-गवर्नेन्स एक्शन प्लान के अंतर्गत प्रदेश में यूपीस्वान का संचालन प्रारम्भ किया गया। यह नेटवर्क प्रदेश के विभिन्न प्रशासनिक कार्यालयों को एकीकृत डिजिटल प्लेटफॉर्म से जोड़ने की दिशा में एक बड़ा कदम साबित हुआ। प्रारम्भिक चरण में भारत सरकार के सपोर्ट से संचालित इस योजना को जनवरी 2015 के बाद राज्य सरकार द्वारा इस पर व्यय धनराशि का स्वयं वहन किया गया तथा सितंबर 2019 तक इसका संचालन राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केंद्र (एनआईसी) के माध्यम से कराया गया। इसके पश्चात यूपीस्वान-2.0 का क्रियान्वयन ओपेक्स मॉडल पर एमपीएलएस सिस्टम के तहत किए जाने का निर्णय लिया गया। इस हेतु मैनेज्ड सर्विस प्रोवाइडर (सिस्टम इंटीग्रेटर) के रूप में मेसर्स भारती एयरटेल लिमिटेड का चयन किया गया तथा दिनांक 04 अप्रैल 2019 को अनुबंध हस्ताक्षरित किए गए। यूपीस्वान-2.0 का संचालन 01 अक्टूबर 2019 से प्रारम्भ किया गया।

यूपीस्वान-2.0 के अंतर्गत प्रदेशभर में कुल 885 स्वॉन पॉप केन्द्र स्थापित किए गए हैं, जिनमें 1 राज्य मुख्यालय, 75 जनपद, 235 तहसील एवं 574 विकास खण्ड मुख्यालय शामिल हैं। राज्य मुख्यालय प्वाइंट ऑफप्रेजेन्स (पॉप) पर 5 जीबीपीएस तथा शेष 884 पॉप्स पर 10 एमबीपीएस की बैण्डविड्थ उपलब्ध कराई गई है। इस नेटवर्क के माध्यम से प्रदेश के विभिन्न विभागों के जनपद, तहसील एवं विकास खण्ड स्तरीय कार्यालयों को डिजिटल रूप से जोड़ा गया है। वर्तमान समय में यूपीस्वान-2.0 के माध्यम से उपलब्ध कराई जा रही बैण्डविड्थ का उपयोग विभिन्न शासकीय योजनाओं एवं सेवाओं के संचालन में व्यापक रूप से प्रयोग किया जा रहा है।

ई-ऑफिस, ई-डिस्ट्रिक्ट, मनरेगा, भू-लेख, जनसुनवाई, छात्रवृत्ति, कृषि सेवाएं सहित अनेक महत्वपूर्ण ऑनलाइन सेवाएं इसी नेटवर्क के माध्यम से संचालित हो रही हैं। इससे सरकारी कार्यों में पारदर्शिता, गति और दक्षता में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है तथा आम नागरिकों को घर के निकट ही डिजिटल सेवाओं का लाभ मिल रहा है। प्रदेश में नियमित प्रशासनिक कार्यों के अतिरिक्त विशेष परिस्थितियों जैसे चुनाव आदि के दौरान भी संबंधित विभागों द्वारा यूपीस्वान नेटवर्क का प्रभावी उपयोग किया जाता है। यह नेटवर्क प्रशासनिक समन्वय, डेटा ट्रांसफर और सूचनाओं के त्वरित आदान-प्रदान में महत्वपूर्ण आधार के रूप में कार्य कर रहा है।

यूपीस्वान-2.0 योजना की अवधि समाप्त होने तथा इसके बढ़ते उपयोग और जनपदों से प्राप्त विस्तारण संबंधी मांगों को देखते हुए अब यूपीस्वान-3.0 की स्थापना प्रस्तावित की गई है। प्रस्तावित योजना के अंतर्गत प्रदेश के सभी जनपदों, तहसीलों, विकास खण्डों, विकास भवनों एवं मंडलायुक्त कार्यालयों तक नेटवर्क का विस्तार किया जाएगा। इसके लिए आवश्यक प्रशासनिक एवं तकनीकी कार्यवाहियां वर्तमान में प्रक्रियाधीन हैं। सूचना प्रौद्योगिकी एवं इलेक्ट्रॉनिक्स विभाग की यह पहल उत्तर प्रदेश को डिजिटल प्रशासन और ई-गवर्नेन्स के क्षेत्र में नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने की दिशा में महत्वपूर्ण साबित हो रही है। यूपीस्वान ने न केवल सरकारी तंत्र को तकनीकी रूप से मजबूत बनाया है, बल्कि आम नागरिकों तक योजनाओं और सेवाओं की प्रभावी पहुंच सुनिश्चित कर डिजिटल उत्तर प्रदेश के संकल्प को भी साकार करने में अहम योगदान दिया है।

विचार

# पीएम स्वनिधि योजना ने लिखी स्ट्रीट वेंडर राज कुमार मौर्य की आत्मनिर्भरता की इबारत

उत्तर प्रदेश के बदायूं जनपद की गलियों में अपनी मेहनत और ईमानदारी की खुशबू बिखेरने वाले राज कुमार मौर्य की कहानी केवल एक व्यक्ति की सफलता का वृत्तांत नहीं है, बल्कि यह उन लाखों स्ट्रीट वेंडर्स के अटूट साहस का प्रतीक है, जिन्होंने अभावों और दुरूह कठिनाइयों में भी अपनी किस्मत की नई इबारत लिखी है। मोहल्ला मीरा सराय के निवासी राज कुमार पिछले एक दशक से फल एवं सब्जी विक्रेता के रूप में कठोर परिश्रम कर रहे हैं। एक साधारण पृष्ठभूमि से ताल्लुक रखने वाले राज कुमार अपने परिवार के एकमात्र आर्थिक आधार हैं, जिनके कंधों पर उनकी पत्नी और दो मासूम बच्चों जिनमें एक आठ वर्ष का और दूसरा मात्र तीन वर्ष ही है, उनके भविष्य की जिम्मेदारी भी है।

एक समय था जब उनका जीवन एक सहज गति से चल रहा था, लेकिन वैश्विक महामारी कोविड-19 के आगमन ने उनके जीवन की धुरी को पूरी तरह हिलाकर रख दिया। देशव्यापी लॉकडाउन के कारण जब बाजार पूरी तरह बंद हो गए और सड़कों पर सन्नाटा पसर गया, तब राज कुमार जैसे रेहड़ी-पटरी वालों के सामने अस्तित्व का संकट खड़ा हो गया। आय का स्रोत पूरी तरह ठप होने के कारण परिवार का भरण-पोषण करना एक चुनौतीपूर्ण कार्य बन गया था। ऐसी विकट परिस्थितियों में जब उनके सामने गहरी निराशा छा गयी थी, वहीं प्रदेश सरकार और केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं ने उनके लिए आशा की एक नई किरण दिखाई।

राज कुमार मौर्य को 'पीएम स्वनिधि योजना' (PM Street Vendor's AtmaNirbhar Nidhi) के बारे में जानकारी प्राप्त हुई, जिसे भारत सरकार द्वारा विशेष रूप से स्ट्रीट वेंडर्स को वित्तीय संबल प्रदान करने के लिए तैयार किया गया है। इस योजना की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि यह बिना किसी गारंटी (collateral-free) के कार्यशील पूंजी उपलब्ध कराती है, जिससे छोटे व्यापारियों को साहूकारों के ऊंचे ब्याज दर के चंगुल से मुक्ति मिलती है।

राज कुमार ने इस योजना के तहत प्रथम चरण में रुपये 10,000 का ऋण प्राप्त किया। इस छोटी सी लगने वाली राशि ने उनके ठप्प पड़े व्यवसाय में संजीवनी फूंकने का काम किया। उन्होंने पुनः अपना फल और सब्जी का ठेला लगाना शुरू किया और पूरे समर्पण के साथ काम में जुट गए। योजना के प्रावधानों के अनुसार, जब उन्होंने प्रथम ऋण की किस्तों का समय पर भुगतान किया, तो न केवल उनकी बैंकिंग साख (credit history) मजबूत हुई, बल्कि उन्हें द्वितीय चरण के तहत रुपये 20,000 और फिर तृतीय चरण के तहत रुपये 50,000 का ऋण भी सुगमता से प्राप्त हो गया। जिला प्रशासन के सहयोग और बैंकिंग प्रणाली की पारदर्शिता के कारण उन्हें पूंजी के अभाव का सामना नहीं करना पड़ा।




आज राज कुमार मौर्य बदायूं के व्यस्त पंजाबी मार्केट में भगत जी समोसा कॉर्नर के समीप अपना व्यवसाय गरिमा के साथ संचालित कर रहे हैं। उनके जीवन में आया यह बदलाव केवल आर्थिक ही नहीं बल्कि सामाजिक भी है। आज वे अपने परिवार को एक बेहतर जीवन स्तर प्रदान करने में सक्षम हैं और उनके बड़े बेटे की शिक्षा अब शहर के प्रतिष्ठित सिटी पब्लिक स्कूल में निर्बाध रूप से चल रही है। पीएम स्वनिधि योजना ने उन्हें केवल ऋण ही उपलब्ध नहीं कराया, बल्कि इसमें मिलने वाली 7 प्रतिशत की वार्षिक ब्याज सब्सिडी (जो सीधे डीबीटी के माध्यम से खाते में आती है) ने उनके आर्थिक बोझ को काफी कम कर दिया। साथ ही, डिजिटल लेनदेन (यूपीआई) को अपनाने पर मिलने वाले कैशबैक के माध्यम से उन्हें आधुनिक बैंकिंग प्रणाली से जुड़ने का प्रोत्साहन भी मिला। यह योजना वर्तमान में मार्च, 2030 तक विस्तारित कर दी गई है, जिससे राज कुमार जैसे अनगिनत वेंडर्स को दीर्घकालिक सुरक्षा का अनुभव हो रहा है। वर्तमान में राज कुमार ने योजना के अंतर्गत क्रेडिट कार्ड के लिए भी आवेदन किया है, जिससे वे अपने व्यापार का और अधिक विस्तार करने की योजना बना रहे हैं। सरकार की यह मंशा रही है कि समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति को विकास की मुख्यधारा से जोड़ा जाए। पीएम स्वनिधि योजना इसी दिशा में एक क्रांतिकारी कदम सिद्ध हुई है। इस योजना की पात्रता को भी अत्यंत सरल रखा गया है ताकि अधिक से अधिक जरूरतमंद इसका लाभ उठा सकें। 24 मार्च, 2020 या उससे पहले से शहरी क्षेत्रों में वेंडिंग करने वाले लोग, जिनके पास स्थानीय निकाय द्वारा जारी वेंडिंग सर्टिफिकेट या पहचान पत्र है, वे इस सहायता के पात्र हैं। राज कुमार मौर्य जैसे प्रदेश के अनेक युवाओं ने सरकार की इस योजना का लाभ उठाकर अपने व्यवसाय को गति दी है। सरकार की नीतियां जन-केंद्रित हों और लाभार्थी के भीतर कुछ कर गुजरने का जज्बा हो, तो बड़ी से बड़ी बाधा भी घुटने टेक देती है। आज बदायूं जिला प्रशासन के प्रयासों और सरकार की कल्याणकारी नीतियों के समन्वय से राज कुमार मौर्य आज अन्य स्ट्रीट वेंडर्स को भी प्रेरित कर रहें हैं।

साहित्य

### राजनीति का आईना



**संजय एम तराणेकर**

**सत्ता की गलियों में चलता, वक्त हैं बड़ा बलवान,**
**कल जिनके जयकारे गूंजे, आज वही अनजान।**
**नेहरू की विरासत थी, जिस पर देश इतराता था,**
**इंदिरा का दृढ़ साहस, हिंदुस्तान आगे जाता था।**

**यूं राजीव के सपनों ने भी, नई दिशा दिखलाई थी,**
**राजनीति की आँधी ने, हर तस्वीर बदलवाई थी।**
**राहुल-प्रियंका नाम बड़े, जनता मन पढ़ना होगा,**
**सिर्फ विरासत से नहीं, संघर्षों में भी बढ़ना होगा।**

**मीडिया के मंचों पर चाहे, चेहरे क्यों चमकाए जाएँ,**
**जनता केवल कर्म देखती, वादें कब बहलाए जाएँ।**
**लोकतंत्र का यही उसूल है, जनमत सबसे ऊपर है,**
**जो जनता के दर्द समझे, वही असली नेता सुपर है।**



## राशिफल

**मेष:-** कोई छोटी बात भी परिवार में तनाव का कारण बन सकती है। महत्वपूर्ण प्रयत्न की सार्थकता हेतु नये उत्साह का संचार होगा। भावनात्मक अभिव्यक्ति से संबंध मधुरत होंगे।

**वृषभ:-** हर घटना से आपको सीख लेने की जरूरत है। नये क्षेत्र में निवेश से पूर्व जानकार लोगों से विचार-विमर्श करें। नये व्यावसायिक यात्राओं का योग है।

**मिथुन:-** निकट संबंधों में मधुर संवाद से अपनी सुंदर छवि बनायें। कुछ महत्वपूर्ण अभिलाषाओं की पूर्ति होने के आसार हैं। घर में खुशहाली होगी।

**कर्क:-** भविष्य संबंधी कुछ चिंताएं उत्पन्न होंगी। किसी कार्य को छोटा-बड़ा समझने के बजाए अपने कर्त्तव्यों का सही ढ़ंग से निर्वहन करें। वर्तमान कार्य से मन असंतुष्ट रहेगा। जरूरी कार्य में आलस्य का त्याग करें।

**सिंह:-** पारिवारिक दायित्वों की पूर्ति हेतु चिंता उत्पन्न होगी। अपने स्वास्थ्य के प्रति लापरवाही न बरतें एवं जीवन साथी के स्वास्थ्य के प्रति भी ध्यान दें। किसी बड़े आयोजन हेतु समुचित साधन लिए मन प्रयत्नशील होगा।

**कन्या:-** परिवार की छोटी-छोटी बातों बाहरी लोगों से न कहें। भावना से उद्वेलित मन संबंधियों के सुख-दुख के प्रति चिंतित होगा। रोजगार में व्यस्तता रहेगी।

**तुला:-** समय के साथ समझौता करके चलने का प्रयास करें। कार्यक्षेत्र को ही अपनी पूजा समझें और स्वयं को उसी ओर केंद्रित करें। रोजगार में लाभकारी स्थिति रहेगी।

**वृश्चिक:-** स्वयं को सही दिशा और लक्ष्य की ओर केंद्रित करें तभी जीवन में सही प्रगति कर सकते हैं। किसी पुराने संबंध के प्रति विशेष निकटता की अनुभूति करेंगे।

**धनु:-** किसी भी प्रयास में आर्थिक अभाव अवरोधक होगा। साहस व बुद्धित्ता से पुरानी समस्याओं पर विजय प्राप्त कर सुख की अनुभूति करेंगे। विषम स्थितियों के मध्य परिश्रम व लगन से प्रगति की ओर अग्रसर होंगे।

**मकर:-** बुद्धिमत्ता व परिश्रम का मिले-जुले संयोग का भरपूर लाभ उठाएंगे। आर्थिक क्षेत्र में लाभ के अवसर प्राप्त होंगे। सफलताएं आंतरिक क्षमताओं का एहसास कराएंगी। संतान संबंधी दायित्वों की पूर्ति होगी।

**कुंभ:-** शासन-सत्ता में व्यस्तता बढ़ेगी। मन आर्थिक सुदृढ़ता हेतु चिंतित होगा। परिजनों के सुख-दुख के प्रति मन चिंतित होगा।

**मीन:-** महत्वाकांक्षी अभिलाषाएं मन में असन्तुिष्ट पैदा करेंगी। तामसिक विचारों को मन से दूर ही रखें। भौतिक आकांक्षाओं की पूर्ति में व्यय अपेक्षित है।

# संकल्प से सिद्धि तक : आधुनिक भारत के लिए योगी मॉडल की अनिवार्यता



*राहुल कुमार गुप्ता*

आधुनिक भारत के राजनैतिक क्षितिज पर जब हम न्याय, सुचिता और सुशासन के संगम की तलाश करते हैं, तो उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का नाम एक स्वतः स्फूर्त भरोसे के रूप में उभरता है। विपक्ष और आमजन द्वारा नीट परीक्षा जैसी विसंगतियों पर उठाए गए सवाल दरअसल उस व्यवस्थागत सड़ांध की ओर इशारा करते हैं, जहां मेहनत करने वाले युवाओं के सपनों की बलि चढ़ा दी जाती है। जब देश का युवा खुद को ठगा हुआ महसूस करता है, जब उसे लगता है कि उसकी रातों की नींद और सालों की तपस्या भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गई है, तब उसे एक ऐसे नेतृत्व की दरकार होती है जो केवल सांत्वना न दे, बल्कि वज्र प्रहार करे। यहीं पर योगी आदित्यनाथ का यूपी मॉडल एक राष्ट्रीय विकल्प और आशा की किरण बनकर चमकता है। एक राष्ट्र प्रमुख के रूप में योगी जी की कल्पना मात्र से ही उन तत्वों के मन में भय व्याप्त हो जाता होगा जो देश की जड़ों को खोखला कर रहे हैं। उत्तर प्रदेश, जिसे कभी बीमारू और अपराध की शरणस्थली माना जाता था, वहां योगी जी ने यह सिद्ध कर दिया कि यदि नेतृत्व की इच्छाशक्ति हिमालय जैसी अडिग हो, तो व्यवस्था को न केवल सुधारा जा सकता है, बल्कि उसे आदर्श बनाया जा सकता है। भर्तियों में पारदर्शिता की बात हो या पेपर लीक करने वाले माफियाओं के घरों पर बुलडोजर चलाने का साहस, योगी जी ने राजनीति को ड्राइंग रूम से निकालकर धरातल पर न्याय की तराजू पर खड़ा किया है।

जब हम भविष्य के एक प्रधानमंत्री के रूप में उनके व्यक्तित्व का विश्लेषण करते हैं, तो सबसे पहली छवि एक निर्णायक रक्षक की उभरती है। आज देश जिन चुनौतियों से जूझ रहा है, चाहे वह आंतरिक सुरक्षा हो, प्रशासनिक ढिलाई हो या परीक्षाओं में सेंधमारी! इन सबका समाधान केवल कड़े कानूनों में नहीं, बल्कि उन कानूनों को बिना किसी तुष्टिकरण के लागू करने में निहित है। योगी जी के शासन की सबसे बड़ी शक्ति समान न्याय है। उन्होंने यह संदेश साफ दिया है कि अपराधी की कोई जाति या धर्म नहीं होता, अपराधी केवल अपराधी होता है। यदि यही दृष्टि राष्ट्र स्तर पर लागू हो, तो नीट जैसी परीक्षाओं में धांधली करने वाले सिंडिकेट का अस्तित्व चंद दिनों में समाप्त हो जाए। नीट धांधली को लेकर जनता का क्षोभ स्वाभाविक है, क्योंकि जब संरक्षक ही संदिग्धों को प्रश्रय देने लगें तो लोकतंत्र की नींव हिलने लगती है। ऐसे में योगी आदित्यनाथ का चरित्र एक ऐसे तपस्वी का है जिसे न तो सत्ता का लोभ है और न ही परिवारवाद का मोह। उनकी निष्ठा केवल राष्ट्र और उसकी जनता के प्रति है। एक ऐसा नेता जिसके पास खोने के लिए कुछ नहीं है, वह बड़े से बड़ा निर्णय लेने में कभी संकोच नहीं करते। यह उत्तर प्रदेश में उन्होंने कर दिखाया है।अगर नियति ने चाहा तो भविष्य में व्यावहारिक राष्ट्र प्रमुख के तौर पर उनकी यही निर्भीकता भारत को वैश्विक मंच पर एक सशक्त और अनुशासित शक्ति के रूप में स्थापित करेगी।

उत्तर प्रदेश में भर्ती प्रक्रियाओं को जिस तरह से उन्होंने शुचिता के दायरे में लाया है, वह पूरे देश के लिए एक केस स्टडी है। परीक्षा केंद्रों के चयन से लेकर प्रश्नपत्रों की सुरक्षा और परिणामों की पारदर्शिता तक, उन्होंने तकनीक और कठोर दंड विधान का ऐसा जाल बुना है कि भ्रष्टाचारी उसमें फंसने से डरते हैं। राष्ट्र के युवाओं को आज मुफ्त की योजनाओं से ज्यादा अवसर की समानता की भूख है। वे चाहते हैं कि अगर वे योग्य हैं, तो उन्हें उनका हक मिले। योगी जी इस हक की लड़ाई के सबसे बड़े सेनापति नजर आते हैं। आज उत्तर प्रदेश में हर एक योग्य अभ्यर्थी योगी मॉडल की पारदर्शिता का लाभ उठा रहा है। अब भर्तियों में न तो सेंधमारी हो पा रही और न ही जाति, धर्म, धन, सिफारिश, भाई भतीजावाद का चलन रह गया। इन सबके बिना ही अब हर एक योग्य को उसकी मंजिल मिल रही है। कानून-व्यवस्था के मामले में उन्होंने जो कीर्तिमान स्थापित किए हैं, उसने न केवल निवेश के दरवाजे खोले हैं बल्कि आम नागरिक के मन में सुरक्षा का भाव भी जगाया है। जिस देश में बेटियां रात को बाहर निकलने से डरती हों या किसान अपनी जमीन पर कब्जे से सहमा हो, वहां योगी जैसा सख्त प्रशासक ही रामराज्य की अवधारणा को चरितार्थ कर सकता है। उनके शासन में जीरो टॉलरेंस का मतलब केवल एक नारा नहीं, बल्कि एक हकीकत है जिसे उत्तर प्रदेश की सड़कों पर महसूस किया जा सकता है।

एक प्रभावी राष्ट्र प्रमुख केवल वह नहीं होता जो आर्थिक आंकड़े बेहतर करे, बल्कि वह होता है जो देश के नैतिक पतन को रोक सके। आज भ्रष्टाचार और भाई-भतीजावाद एक सामाजिक बुराई से बढ़कर एक प्रशासनिक शिष्टाचार बनते जा रहे हैं। इसे जड़ से उखाड़ने के लिए एक ऐसे सन्यासी की आवश्यकता है जो व्यवस्था को अपनी व्यक्तिगत महत्वाकांक्षाओं से ऊपर रखे। योगी आदित्यनाथ का जीवन और उनकी कार्यशैली इसी दर्शन पर आधारित है। वे घंटों काम करते हैं, हर फाइल की तह तक जाते हैं और सीधे जनता से संवाद करते हैं। उनकी सक्रियता केवल भाषणों तक सीमित नहीं है, बल्कि संकट के समय वे खुद मोर्चे पर खड़े नजर आते हैं। यदि भारत को विश्वगुरु बनना है, तो हमें एक ऐसे नेतृत्व की आवश्यकता है जो आंतरिक रूप से कठोर और बाह्य रूप से संवेदनशील हो। योगी जी के हृदय में पीड़ितों के लिए अपार करुणा है, लेकिन राष्ट्र के दुश्मनों और भ्रष्टाचारियों के लिए वे काल के समान हैं। यही संतुलन उन्हें एक असाधारण प्रधानमंत्री की गरिमा तक पहुंचा सकता है।

नीट पेपर लीक को लेकर विपक्ष के बयानों में जो पीड़ा है, वह देश के लाखों बेरोजगारों की पीड़ा है, लेकिन उस पीड़ा का उपचार केवल आलोचना में नहीं, बल्कि योगी आदित्यनाथ जैसे नेतृत्व के क्रियान्वयन में है। आज पूरा देश उत्तर प्रदेश की ओर देख रहा है कि कैसे एक मुख्यमंत्री ने अपनी कार्यकुशलता से असंभव को संभव कर दिखाया। उनकी कार्यसंस्कृति ने नौकरशाही को जवाबदेह बनाया है और पुलिस बल को जनता का मित्र। राष्ट्र प्रमुख के रूप में योगी जी के आने से पूरे देश में एक नई प्रशासनिक चेतना का संचार होगा। फाइलों के अंबार नहीं लगेंगे, बल्कि समाधान की गति बढ़ेगी। युवाओं को यह विश्वास होगा कि उनकी मेहनत व्यर्थ नहीं जाएगी और किसी प्रभावशाली व्यक्ति का हस्तक्षेप उनके भविष्य को अंधकारमय नहीं करेगा। न्याय केवल अदालतों में नहीं, बल्कि सड़कों पर, दफ्तरों में और परीक्षा केंद्रों में भी दिखना चाहिए, और योगी जी इस दृश्य न्याय के सबसे मुखर प्रतीक हैं।

राजनीति संभावनाओं का खेल हो सकती है, लेकिन राष्ट्रनीति सिद्धांतों का मार्ग है। योगी आदित्यनाथ ने अपने राजनीतिक सफर में सिद्धांतों से कभी समझौता नहीं किया। उनके विचार स्पष्ट हैं, उनकी राह निष्कंटक है और उनका लक्ष्य केवल लोक कल्याण है। आज जब देश के युवाओं का भरोसा व्यवस्था से उठने लगा है, तब योगी जी का न्याय मॉडल एक संजीवनी की तरह है। वे केवल उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री नहीं, बल्कि करोड़ों भारतीयों की उस दबी हुई आकांक्षा का नाम हैं जो एक अपराध मुक्त, भ्रष्टाचार मुक्त और न्यायप्रिय भारत का सपना देखते हैं। यदि नियति उन्हें देश की कमान सौंपती है, तो इसमें कोई संदेह नहीं कि भारत की समस्याओं का समाधान उतनी ही तेजी से होगा जितनी तेजी से उनके आदेश पर अपराधियों के किले ढहते हैं। योगी आदित्यनाथ केवल एक नेता नहीं, बल्कि आधुनिक भारत के पुनर्जागरण के पुरोधा हैं, जिनके नेतृत्व में हर युवा सुरक्षित है, हर मेहनत का सम्मान है और हर अन्याय का अंत निश्चित है। एक शानदार प्रधानमंत्री के रूप में वे देश के इतिहास में स्वर्ण अक्षरों में दर्ज होंगे, क्योंकि वे राजनीति करने नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माण के लिए समर्पित हैं।

**स्वामी, मुद्रक व प्रकाशक:** जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। **सम्पादक जितेन्द्र सिंह***
(इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी) समाचार से संबंधित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा। आरएनआई UPHIN/2013/55887
**पत्राचार एवं व्यवसायिक कार्यालय : 5/295, विपुल खण्ड-5, गोमती नगर, लखनऊ-226010, मो. 9305748833, 7985738649, 9451244788, 9554964672,**
**For News :** samradhinewslko@gmail.com, samradhinews@gmail.com **For Official :** chiefeditorsamriddhinews@gmail.com

## खबरें एक नजर में

### सीबीएसई कक्षा 12 में आरएसएक्सेल विद्यालय के छात्र उवैश रजा ने किया टॉप



**फतेहपुर।** आज केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) द्वारा बारहवीं का परिणाम घोषित किया गया जिसमें शहर के आरएस एक्सेल इंगलिश अकेडमी के छात्रो ने सफलता के झंडे गाड़ दिये। विद्यालय के छात्र उवैश रजा ने 96% अंक प्राप्त किये, अश्विन 95.6%, महक 93.8% अंक तथा आचमन श्रीवास्तव 91.8% प्राप्त किये। विषयवार साईकोलोजी में अश्विन ने 100 अंक, उवैश रजा ने 100 अंक, आचमन श्रीवास्तव 100 अंक के साथ कुल ग्यारह छात्रों ने विभिन्न विषयों मे सौ मे सौ अंक प्राप्त किये। उल्लेखनीय है कि विद्यालय ने नए कौशल विषयों की ओर छात्रों को उन्मुख मुख किया जिससे बेहतर परिणाम मिला। यह जानकारी विद्यालय के प्रधानाचार्य धर्मेन्द्र कुमार श्रीवास्तव द्वारा दी गई। साथ ही उन्होंने आने वाले समय में छात्रों को विद्यालय में बोर्ड परीक्षा में बेहतर परिणाम के लिए तैयार करने का संकल्प दोहराया। विद्यालय के प्रबंधक मयूर गुप्ता ने सभी विद्यार्थियों का मुँह मीठा कर बधाई तथा अच्छे भविष्य की कामना की। इस अवसर पर वीना श्रीवास्तव प्रधानाचार्या सिविल लाइन परिसर, संयोजिका अर्चना मिश्रा, परीक्षा प्रभारी सत्येन्द्र श्रीवास्तव, अनीता सिंह, वरिष्ठ शिक्षक नीती श्रीवास्तव, अमित कुमार, रविन्द्र प्रसाद द्विवेदी, मो. सैफअस्लम, अंकित तिवारी, अनुपम सिंह, अभ्युदय शुक्ला, श्वेता सिन्हा, आनंद अग्निहोत्री एवं अन्य सभी शिक्षको ने उपस्थित रहकर बधाई दी।

### खाद्य विभाग ने दो प्रतिष्ठानों पर छापा मारकर सुपारी का भरा नमूना



**उरई (जालौन)।** बुधवार को जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय के आदेशानुसार सहायक आयुक्त (खाद्य) जालौन डॉ. जतिन कुमार सिंह के नेतृत्व में आमजन को शुद्ध एवं सुरक्षित खाद्य सामग्री उपलब्ध कराने के उद्देश्य से खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन जनपद जालौन की टीम द्वारा मिलावटी खाद्य पदार्थों विशेषकर तम्बाकू मिश्रित सुपाड़ी की रोकथाम के लिए विभागीय टीम ने क्रमशः दो प्रतिष्ठानों पर छापामर कार्यवाही को अंजाम देकर वहां पर भारी मात्रा में रखी सुगंधित सुपाड़ी का सैम्पुल भरकर जांच के लिये भेजने की बात कही। उक्त जानकारी जैसे ही गुटखा कारोबारियों को पता चली तो वह अपने ठिकानों में तालाबंदी कर रफूचक्कर हो गये। सबसे पहले खाद्य विभाग की टीम ने अजनारी बाईपास लल्लाधाम के पास श्री बालाजी ट्रेडर्स प्रो. मनोज कुमार अग्रवाल के प्रतिष्ठान से सुगन्धित सुपाड़ी (ब्राण्ड महाशिव गोल्ड) का नमूना संग्रहित किया गया तथा स्थान कुईया रोड़ उरई पर प्रो. संजय राजपूत के प्रतिष्ठान से खाद्य पदार्थ स्वादिष्ट सुपाड़ी (ब्राण्ड भोला शंकर) का नमूना संग्रहित कर परीक्षण हेतु प्रयोगशाला भेजा गया। जांच रिपोर्ट प्राप्त होने के उपरांत दोषी पाए जाने पर खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 के अंतर्गत विधिक कार्यवाही की जाएगी। विभागीय टीम द्वारा यह अभियान लगातार जारी है और जिले के विभिन्न बाजारों में निरीक्षण चलता रहेगा। इस अवसर पर सहायक आयुक्त (खाद्य) जतिन कुमार सिंह, मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी विनोद कुमार राय, खाद्य सुरक्षा अधिकारी कन्हैया लाल यादव, सुनील कुमार उपस्थित रहें।

### गैंगस्टर एक्ट का आरोपी कुठौंद पुलिस की गिरफ्त में फंसा




**कुठौंद (जालौन)।** अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत कुठौंद पुलिस को एक बड़ी सफलता हाथ लगी। पुलिस अधीक्षक विनय कुमार सिंह के निर्देशन में चलाए जा रहे अभियान के क्रम में लंबे समय से फरार चल रहे गैंगस्टर एक्ट के वांछित आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया गया। यह कार्रवाई अपर पुलिस अधीक्षक डॉ. ईशान सोनी के पर्यवेक्षण तथा क्षेत्राधिकारी जालौन शैलेंद्र बाजपेई के निर्देशन में प्रभारी निरीक्षक कुठौन्द जगदम्बा प्रसाद दुबे के नेतृत्व में की गई। पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर कार्रवाई करते हुए शिवम पुत्र मलखान सिंह चौहान निवासी ग्राम कुकरगांव, कोतवाली उरई जनपद जालौन को जालौन–औरैया मार्ग स्थित कस्बा कुठौंद के मिहोना तिराहे से गिरफ्तार किया। गिरफ्तार शिवम पर थाना कुठौंद में दर्ज मुकदमा अपराध संख्या 25/2026 धारा 2/3 गैंगस्टर एक्ट में लंबे समय से वांछित चल रहा था। पुलिस ने आरोपी को हिरासत में लेकर आवश्यक विधिक कार्रवाई पूर्ण करते हुए न्यायालय के समक्ष पेश किया। पुलिस के अनुसार उसके विरुद्ध विभिन्न थानों में कई गंभीर मुकदमे दर्ज हैं। इनमें चोरी, लूट, आपराधिक षड्यंत्र तथा आर्म्स एक्ट से संबंधित धाराएं शामिल हैं। थाना कुठौंद, गोहन और जालौन में उसके खिलाफकई मुकदमे पंजीकृत हैं। लगातार बढ़ती आपराधिक गतिविधियों को देखते हुए आरोपी के विरुद्ध गैंगस्टर एक्ट की कार्रवाई की गई थी। गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम में उप निरीक्षक हर्षवर्धन त्रिपाठी एवं कांस्टेबल 897 विल्लू राना थाना कुठौन्द शामिल रहे। पुलिस अधीक्षक ने टीम के कार्य की सराहना करते हुए अपराधियों के खिलाफअभियान को आगे भी लगातार जारी रखने की बात कही है।

### उरई-झांसी लिंक एक्सप्रेस-वे परियोजना को मिली रफ्तार, 231 हेक्टेयर भूमि अधिग्रहण प्रक्रिया तेज



**उरई (जालौन)।** सदर तहसील क्षेत्र में प्रस्तावित लिंक एक्सप्रेस–वे परियोजना को लेकर भूमि अधिग्रहण कार्य तेजी से आगे बढ़ रहा है। यह महत्वपूर्ण परियोजना बुंदेलखंड औद्योगिक विकास प्राधिकरण क्षेत्र झांसी से शुरू होकर जालौन जनपद के ग्राम टिमरों तक विकसित की जा रही है। परियोजना के तहत जनपद जालौन के किसानों की लगभग 231 हेक्टेयर भूमि का अधिग्रहण किया जा रहा है। उक्त जानकारी एक भेंट के दौरान तहसीलदार उरई श्रीश मिश्रा ने दी। उन्होंने बातचीत के दौरान बताया कि उरई तहसील क्षेत्र के कुल 11 गांवों में भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया चल रही है, जिनमें से केवल 3 गांवों में कुछ दस्तावेजी औपचारिकताओं के कारण कार्य फिलहाल लंबित है। शेष गांवों में किसानों से लगातार संपर्क कर रजिस्ट्री कराने का कार्य किया जा रहा है। प्रशासन द्वारा किसानों को मुआवजा राशि शीघ्र उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया गया है। तहसीलदार उरई श्रीश मिश्रा के अनुसार अब तक 15 रजिस्ट्रियां पूरी हो चुकी हैं और किसानों को तय मुआवजा राशि भी उपलब्ध कराई जा रही है। ग्रामीण क्षेत्र में किसानों को सर्किल रेट का चार गुना तथा शहरी क्षेत्र में दो गुना मुआवजा दिया जा रहा है। प्रशासन का कहना है कि रजिस्ट्री के लगभग 15 दिनों के भीतर किसानों के खातों में भुगतान की धनराशि ट्रांसफर कर दी जा रही है। परियोजना से जुड़े गांवों में कोटरा, नंदा, गुरतु, गोरन, बरसार, रून टिमरो, फूलपुरा और काबिलपुरा सहित कई गांव शामिल हैं। किसानों से अपील की जा रही है कि वे आवश्यक दस्तावेज पूर्ण कर जल्द रजिस्ट्री प्रक्रिया पूरी कराएं ताकि परियोजना का निर्माण कार्य समय से शुरू हो सके। तहसीलदार सदर श्रीश मिश्रा ने बताया कि सरकार की प्राथमिकता किसानों को पारदर्शी तरीके से उचित मुआवजा उपलब्ध कराते हुए परियोजना को तेजी से आगे बढ़ाना है। इस एक्सप्रेस–वे के निर्माण से क्षेत्र में औद्योगिक विकास, बेहतर यातायात व्यवस्था और रोजगार के नए अवसर उत्पन्न होने की उम्मीद है।

# सीपीएस की श्रेया श्रीवास्तव बनीं जिला टॉपर

**फतेहपुर, समृद्धि न्यूज़।**



सीबीएसई 12वीं बोर्ड परीक्षा में शहर के स्थानीय चिल्ड्रेन पब्लिक स्कूल की श्रेया श्रीवास्तव फतेहपुर जिले में 97.4% अंक प्राप्त कर जिला टॉपर बनने का गौरव हासिल किया। श्रेया श्रीवास्तव ने केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की 12वीं बोर्ड परीक्षा 2026 में शानदार प्रदर्शन करते हुए 97.4 प्रतिशत अंक प्राप्त किए हैं। उन्होंने ह्यूमैनिटीज संकाय में जिला टॉपर बनकर अपने विद्यालय, परिवार और पूरे जिले का नाम रोशन किया है। श्रेया की इस उपलब्धि से विद्यालय परिसर एवं क्षेत्र में खुशी और गर्व का माहौल है। विद्यालय के प्रबंधक सुनील श्रीवास्तव, संजय श्रीवास्तव, डायरेक्टर प्राची श्रीवास्तव प्रधानाचार्या पूनम श्रीवास्तव, शिक्षकों एवं अभिभावकों ने उनकी सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए माला पहनाकर मुँह मीठा कराया और उसके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। श्रेया ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता, गुरुजनों और नियमित अध्ययन को दिया। उन्होंने कहा कि निरंतर मेहनत, अनुशासन और आत्मविश्वास ही सफलता की कुंजी है। भविष्य में वह उच्च शिक्षा प्राप्त कर समाज एवं देश के लिए सकारात्मक योगदान देना चाहती हैं। विद्यालय प्रबंधन ने कहा कि श्रेया की यह उपलब्धि अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणास्रोत बनेगी। उनकी मेहनत और समर्पण यह सिद्ध करता है कि लगन और सही मार्गदर्शन से कोई भी लक्ष्य हासिल किया जा सकता है। विद्यालय का परीक्षा परिणाम 100 प्रतिशत रहा। इस अवसर पर क्षेत्र के गणमान्य लोगों एवं शुभचिंतकों ने भी श्रेया श्रीवास्तव को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर विद्यालय की रीना शुक्ला सहित शिक्षकगण मौजूद रहे। तो राधानगर स्थित श्रेया श्रीवास्तव के आवास में भी खुशी का माहौल रहा पिता राहुल श्रीवास्तव व माता दीपिका श्रीवास्तव ने मिष्ठान खिलाकर श्रेया को बधाई दिया वहीं श्रेया ने कहा कि वह भविष्य में जज बनकर देश की सेवा करना चाहती है इस दौरान श्रेया को बधाई देने वालों का ताता लगा रहा।

### सेंट ज़ेवियर्स कक्षा 12 के विद्यालय की छात्रा आन्या मौर्या ने किया टॉप



**फतेहपुर।** सेंट ज़ेवियर्स में कक्षा 12 का परीक्षा परिणाम घोषित होते ही विद्यालय परिसर में खुशी की लहर दौड़ गई। विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया। इस वर्ष विद्यालय के अनेक विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट अंक प्राप्त कर सफलता का नया कीर्तिमान स्थापित किया। विद्यालय की छात्रा आन्या मौर्या ने 96.2 प्रतिशत अंको के साथ विद्यालय टॉपर बनी। विद्यालय की प्रधानाचार्या डॉ. प्रियंका गुप्ता ने सभी सफल विद्यार्थियों को शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि यह परिणाम विद्यार्थियों की मेहनत, शिक्षकों के मार्गदर्शन एवं अभिभावकों के सहयोग का प्रतिफल है। उन्होंने कहा कि विद्यालय सदैव विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास हेतु प्रतिबद्ध है तथा भविष्य में भी इसी प्रकार उत्कृष्ट परिणाम देने के लिए प्रयासरत रहेगा। विद्यालय के प्रबंधक नितीश कुमार ने विद्यार्थियों को उज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि अनुशासन, परिश्रम और आत्मविश्वास ही सफलता की कुंजी हैं। उन्होंने सभी शिक्षकों एवं अभिभावकों को भी इस सफलता के लिए बधाई दी। विद्यालय परिवार ने सभी विद्यार्थियों की सफलता पर हर्ष व्यक्त करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## ऑपरेशन मुस्कान से घर में लौटी मासूम की मुस्कान



**महोबा।** कोतवाली नगर महोबा क्षेत्रांतर्गत चौकी सुभाष क्षेत्र में चौसियापुरा के पास लगभग 3 वर्षीय एक मासूम बच्चा संदिग्ध अवस्था में अकेला घूमता हुआ मिला। सूचना प्राप्त होते ही चौकी प्रभारी सुभाष उपनिरीक्षक प्रवीण सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा तत्काल संवेदनशीलता एवं तत्परता दिखाते हुए बच्चे को सुरक्षित संरक्षण में लिया गया। पुलिस अधीक्षक शशांक सिंह के निर्देशन में जनपद पुलिस द्वारा संचालित ऑपरेशन मुस्कान अभियान के अंतर्गत पुलिस टीम ने बच्चे की पहचान एवं उसके परिजनों की खोजबीन हेतु त्वरित प्रयास प्रारम्भ किए। स्थानीय लोगों से पूछताछ, विभिन्न माध्यमों से सूचना प्रसारित करने एवं सतत खोजबीन के फलस्वरूप करीब 2 घंटे के अथक प्रयास के बाद बच्चे की पहचान प्रिंस पुत्र प्रेमचंद्र के रूप में सुनिश्चित करते हुए उसके माता-पिता को खोज लिया गया। तत्पश्चात पुलिस टीम द्वारा बच्चे को सकुशल उसके परिजनों के सुपुर्द किया गया। अपने मासूम बच्चे को सुरक्षित पाकर परिजनों के चेहरे पर खुशी लौट आई तथा उन्होंने भावुक होकर जनपद पुलिस का हृदय से आभार व्यक्त किया। यह कार्यवाही महोबा पुलिस की संवेदनशीलता, मानवीय दृष्टिकोण एवं जनसेवा के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाती है।

## केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड 12वीं की परीक्षा में महर्षि की छात्रा अर्पिता धवन ने किया टॉप

**फतेहपुर, समृद्धि न्यूज़।**



केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड नई दिल्ली ने आज 12वीं का परीक्षा परिणाम घोषित किया। महर्षि विद्या मन्दिर सीनियर सेकेण्ड्री स्कूल की अर्पिता धवन ने 96.6 प्रतिशत अंक पाकर जनपद एवं विद्यालय का नाम रोशन किया। इसी विद्यालय की छात्रा शबाहत फातिमा 96.4 प्रतिशत अंक लाकर द्वितीय स्थान पर व अनुष्का गुप्ता 96.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान पर रहीं। वही अनन्या सिंह 95.4 प्रतिशत, प्रखर श्रीवास्तव 94.8 प्रतिशत, प्रखर द्विवेदी 94.8 प्रतिशत व नुजहत फातिमा 94.8 प्रतिशत, अभिनव शुक्ला 93.8 प्रतिशत, आद्या 93.2 प्रतिशत वहीं वासु रस्तोगी ईपी में 100/100, अनुष्का गुप्ता जीव विज्ञान में 100/100, शबाहत फातिमा फिजिकल एजुकेशन में 100/100 अंक प्राप्त कर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। 90 प्रतिशत से अधिक अंक पाने वाले 24 छात्रों ने अपनी योग्यता का परिचय देते हुए विभिन्न विषयों में उत्कृष्टता हासिल की। विद्यालय के प्रधानाचार्य प्रमोद कुमार त्रिपाठी ने बताया कि इस परीक्षा में कुल 321 छात्र उपस्थित हुए थे। विद्यालय का परीक्षा परिणाम विगत वर्षो से बेहतर रहा। इस अवसर पर परिसर में अभिभावकों की भारी भीड़ रही, जिससे विद्यालय में खुशी का वातावरण रहा। अभिभावकों व प्रधानाचार्य ने बच्चों को मिष्ठान वितरण कर खुशी व्यक्त किया। विद्यालय के प्रधानाचार्य ने छात्रों अभिभावकों व शिक्षकों को बधाई दी और विद्यालय की सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि जो बच्चे अपेक्षित परिणाम नहीं पा सके उन्हें निराश होने की जरूरत नही है। इस परीक्षा से सीख लेकर उन्हें आगे बढ़ने के लिए सदैव प्रयत्नशील रहना चाहिए।

## ब्लाक पनवाड़ी के मॉडल स्कूल कनकुआ में हुई भारतीय भाषा समर कैंप की शुरुआत

**पनवाड़ी/महोबा, समृद्धि न्यूज।**




जनपद के राजकीय विद्यालयों में भारतीय भाषा समर कैंप की शुरुआत बुधवार से हो गई है इसी क्रम में पनवाड़ी ब्लॉक के पं दीनदयाल उपाध्याय राजकीय मॉडल इंटर कॉलेज कनकुआ में इस कैंप का उदघाटन संस्था की संस्कृत प्रवक्ता ऊषा देवी सरोज की उपस्थिति में हुआ। उन्होंने अपने सम्बोधन में कहा कि विद्यार्थियों को प्रारंभिक स्तर पर विभिन्न भारतीय भाषाओं से परिचित कराते हुए संवाद कौशल को बढ़ावा देना इस कैम्प का उद्देश्य है।

प्रथम सत्र में प्रवक्ता पूनम यादव ने छात्र छात्राओं को अरुणाचल प्रदेश की गालो भाषा का अभ्यास कराया तो द्वितीय सत्र में प्रवक्ता प्रीती कन्नौजिया ने पंजाबी और अवधी भाषा के बारे में जानकारी प्रदान की। ज्योति राजपूत ने अंग्रेजी भाषा से सम्बन्धित महत्वपूर्ण तथ्यों पर प्रकाश डाला। इस दौरान आस्था, अभिलाषा, उमाकांत, आनंद, रक्षा,फिजा, मनीषा समेत बड़ी संख्या में छात्र छात्राएं मौजूद रहे।

**13 से 20 मई तक प्रतिदिन 2 घण्टे चलेगा कैम्पः** संस्था के प्रभारी सतीश मिश्रा ने बताया कि जिला विद्यालय निरीक्षक प्रेमचन्द यादव के निर्देशन में 13 मई से प्रारम्भ हुए इस कैंप का समापन 20 मई को होगा।जिसमें राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुरूप विद्यार्थियों को प्रतिदिन 2 घण्टे भाषा एवं सांस्कृतिक विविधता के प्रति सम्मान विकसित करने, बहुभाषिकता को बढ़ावा देने, आत्मविश्वास एवं संप्रेषण कौशल को बढ़ाना देने के उद्देश्य से नई भाषाओं का ज्ञान प्रदान कर उनके प्रति रुचि जागृत की जाएगी।

### तन्मय नगरिया ने 92.2 फीसदी अंक पाकर किया विद्यालय में टाप




**कुलपहाड/महोबा, समृद्धि न्यूज।** सीबीएसई द्वारा बुधवार को घोषित सीनियर सेकेंडरी परीक्षा परिणाम वर्ष 2026 नगर कुलपहाड़ के रामरतन भुवनेश कुमार पब्लिक स्कूल के छात्र तन्मय नगरिया ने 92.2 फीसदी अंक अर्जित कर विद्यालय टाप किया है। विद्यालय के प्रिंसिपल अमित अग्रवाल के अनुसार 88.8 फीसदी अंकों के साथ अंश पाठक दूसरे , 88.2 फीसदी अंकों के साथ निष्ठा सोनी तीसरे व 87.4 फीसदी अंकों के साथ व्योम अग्रवाल एवं शुभ नगरिया चौथे स्थान पर रहा! अंकित यादव ने 86 अंक हासिल कर पांचवा व पलक सोनी ने 84 फीसदी अंक हासिल कर छठवें स्थान पर रही!

### सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे एलआईसी पॉलिसी संख्या 275411060 में मेरा नाम ननकाना देवी अंकित है, जबकि आधार कार्ड में बैंक पासबुक में सीता अंकित है। यह दोनों नाम मेरे ही है। इसलिए मेरे एलआईसी बीमा पॉलिसी में सीता अंकित किया जाए। **ननकाना देवी उर्फ सीता पत्नी रामदीन प्रसाद ग्राम हरदुहा पोस्ट चिलवरिया बहराइच, मो. 9919341214**

## स्वास्थ्य सेवाओं में हो सुधारः जिलाधिकारी

**जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक संपन्न**

**महोबा, समृद्धि न्यूज।**



जिलाधिकारी की अध्यक्षता में जिला स्वास्थ्य समिति की महत्वपूर्ण बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में संपन्न हुई। बैठक में विभिन्न स्वास्थ्य कार्यक्रमों की प्रगति, चिकित्सा सुविधाओं की उपलब्धता तथा आगामी कार्ययोजनाओं की विस्तार से समीक्षा की गई। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने कहा कि जनसामान्य को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने सभी चिकित्सा अधिकारियों को निर्देश दिए कि टीकाकरण, जननी सुरक्षा योजना,आयुष्मान कार्ड, मातृ-शिशु स्वास्थ्य, संक्रामक रोग नियंत्रण एवं राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन से जुड़े कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए। जिलाधिकारी ने अस्पतालों में साफ-सफाई, दवाओं की उपलब्धता, चिकित्सकों की उपस्थिति तथा मरीजों को मिलने वाली सुविधाओं की भी समीक्षा की। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि गंभीर मरीजों के उपचार और रेफरल व्यवस्था को सुचारू रूप से संचालित किया जाए, ताकि किसी भी मरीज को परेशानी का सामना न करना पड़े। डीएम ने सभी अधिकारियों से लक्ष्य के अनुरूप एवं समयबद्ध कार्यवाही सुनिश्चित करने तथा स्वास्थ्य योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए टीम भावना से कार्य करने का आग्रह किया। बैठक में सीएमओ डॉ रमाकांत चौरैया, एसीएमओ डा बीके चौहान सहित जिला स्वास्थ्य समिति के अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

## ‘मरीजों के उपचार में कोई लापरवाही न बरतें चिकित्सक’

**एसडीएम ने सीएचसी का औचक निरीक्षण कर मरीजों से जाना हाल व्यवस्थाएं दुरुस्त रखने के निर्देश**

**जालौन (उरई), समृद्धि न्यूज।**



उपजिलाधिकारी रिंकू सिंह राही ने मंगलवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) जालौन का औचक निरीक्षण कर स्वास्थ्य सेवाओं की जमीनी हकीकत परखी। अचानक हुए निरीक्षण से अस्पताल स्टाफ में हड़कंप मच गया। निरीक्षण के दौरान एसडीएम ने अस्पताल के विभिन्न विभागों का बारीकी से जायजा लेते हुए व्यवस्थाओं की जानकारी ली और अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने पंजीकरण कक्ष, ओपीडी, पैथोलॉजी लैब, महिला एवं पुरुष वार्ड, दवा वितरण केंद्र सहित अस्पताल परिसर का निरीक्षण किया। इस दौरान अस्पताल में भर्ती मरीजों और उनके तीमारदारों से सीधे बातचीत कर इलाज, दवाइयों की उपलब्धता तथा साफ-सफाई व्यवस्था की जानकारी प्राप्त की। उप जिलाधिकारी रिंकू सिंह राही ने अस्पताल प्रशासन को निर्देशित करते हुए कहा कि मरीजों को समय पर उपचार, पर्याप्त दवाएं और बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराना प्राथमिकता होनी चाहिए। उन्होंने साफ-सफाई व्यवस्था को और बेहतर बनाए रखने तथा अस्पताल में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरतने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान उन्होंने अस्पताल परिसर में स्वयं सहायता समूह द्वारा संचालित कैंटीन का भी निरीक्षण किया। कैंटीन संचालन व्यवस्था को लेकर संबंधित जिम्मेदारों को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए महिला कर्मी की नियमित उपस्थिति सुनिश्चित कराने को कहा। इस मौके पर चिकित्सा अधीक्षक डॉ. केडी गुप्ता सहित अस्पताल का समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

## ईको कार से भिड़ंत में दंपती गंभीर घायल

**जगम्मनपुर (जालौन)।** नगला गौड़ थाना बढ़पुरा जनपद इटावा निवासी रज्जन खां (36) पुत्र बाबू खां अपनी रिश्तेदार अमीना पत्नी सलीम खां (35) तथा चार वर्षीय जूली के साथ पैशन प्रो मोटरसाइकिल संख्या यूपी 75 एन 0980 से माधौगढ़ थाना क्षेत्र के ग्राम सिहारी जा रहे थे। सुबह करीब 9 बजे जैसे ही वे जगम्मनपुर-रामपुरा रोड पर सोनी मैरिज होम के पास पहुंचे, तभी सड़क किनारे झाड़ियों के बीच से अचानक ईको कार संख्या यूपी 93 बीआर 2987 सड़क पर आ गई। अचानक सामने आई कार से बाइक टकरा गई और बाइक सवार सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे में रज्जन खां के पैर समेत शरीर के कई हिस्सों में गंभीर चोटें आई, जबकि अमीना की आंख, हाथ और पैर में गंभीर चोटें आई हैं। चार वर्षीय जूली को भी मामूली चोटें आई। सूचना मिलते ही जगम्मनपुर पुलिस चौकी स्टाफ मौके पर पहुंच गया। स्थानीय लोगों की मदद से एंबुलेंस द्वारा घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रामपुरा भेजा गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर होने पर उरई रेफर कर दिया गया। पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त बाइक और ईको कार को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। हादसे के बाद कार चालक मौके से फरार हो गया।


## कार्यालय नगर पंचायत कम्पिल, जनपद-फर्रुखाबाद।

पत्रांकः 760/न0पं0 कम्पिल/रा0वि0आ0/ ई0नि0सू0/2026-27 दिनांक 13/05/ 2026

### अल्पकालीन निविदा सूचना

नगर पंचायत कम्पिल, फर्रुखाबाद को राज्य वित्त आयोग/नगर निधि के अन्तर्गत कार्यों को कराये जाने की स्वीकृति प्रदान की गई है। जिसके लिए अल्पकालीन निविदा नगर पंचायत कम्पिल में वित्तीय वर्ष 2026-27 में समस्त ठेकेदार/ आपूर्तिकर्ताओं हेतु निविदा पत्र के माध्यम से दिनांक 14/05/2026 को प्रातः 10:00 बजे से दिनांकः 22/05/2026 को अपरान्ह 03: 00 बजे तक आमंत्रित की जाती हैं एवं समस्त निविदायें दिनांक 22/05/2026 को ही अपरान्ह 04:00 बजे अधोहस्ताक्षरी के समक्ष/द्वारा खोली आयेंगी। निविदा सम्बन्धी अन्य समस्त जानकारी व नियम शर्तो हेतु किसी भी कार्यालय दिवस में कार्यालय समय में उपस्थित हो कर जानकारी प्राप्त की जा सकती है। बिना किसी कारण बताए किसी भी निविदा/समस्त निविदाओं को अस्वीकृत करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी को होगा।

| क्र | कार्य का नाम | आगणन धनराशि (with 18% GST) | जमानत धनराशि | निविदा शुल्क | अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नगर पंचायत कम्पिल कार्यालय के वेटिंग एरिया को एकाउंट एवं जन्म मृत्यु रुम के रुप में विकसित किये जाने का कार्य। | 3.09 लाख | 6180 | 300 | एक सप्ताह |
| 2 | नगर पंचायत कम्पिल में मा0 अध्यक्ष एवं मा0 सभासदों के बोर्ड लगवाये जाने का कार्य। | 7.27 लाख | 14600 | 700 | एक सप्ताह |

(अवनीश कुमार) अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत कम्पिल फर्रुखाबाद

(राजवती यादव) अध्यक्षा नगर पंचायत कम्पिल फर्रुखाबाद

## कार्यालय नगर पंचायत कम्पिल, जनपद-फर्रुखाबाद।

पत्रांकः 764/न0पं0 कम्पिल/रा0वि0-न0नि0/ ई0नि0सू0/2026-27 दिनांक 13/05/ 2026

### ई-निविदा सूचना

नगर पंचायत कम्पिल, फर्रुखाबाद को राज्य वित्त आयोग/नगर निधि के अन्तर्गत निम्नलिखित कार्य काये जाने की स्वीकृति प्रदान की गई है। जिसके लिए ई-निविदा नगर पंचायत कम्पिल में वित्तीय वर्ष 2026-27 में समस्त ठेकेदार/आपूर्तिकर्ताओं हेतु ई टेण्डर की वेबसाइट www.etender.up.nic.in के माध्यम से आमंत्रित की जाती हैं। बिना किसी कारण बताए किसी भी निविदा/समस्त निविदाओं को अस्वीकृत करने का कार अधोहस्ताक्षरी को होगा। निविदा डाउनलोड एवं अपलोड करने का विवरण निम्न प्रकार है-

**विस्तृत शर्ते विवरण एवं निविदा प्रपत्र वेबसाइट www.etender.up.nic.in पर उपलब्ध है।**

| E-Bid Referance | /न0पं0 कम्पिल/2026-27 |
|---|---|
| Publish Date And Time For E-Bids | 14.05.2026 10:00 A.M. |
| Start Date And Time For E-Bids | 14.05.2026 10:00 A.M. |
| Last Date & Time For Submission of E-Bids | 22.05.2026 03:00 P.M. |
| Date And Time of Opening E-Bids | 22.05.2026 04:00 P.M. |
| Palace Of Opening of E-Bids | Bid Opening Online at Executive Officer Office, Nagar Panchayat Kampil, Farrukhabad. |

(अवनीश कुमार) अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत कम्पिल, फर्रु0

(राजवती यादव) अध्यक्षा नगर पंचायत कम्पिल, फर्रु0

# कर्बला सिविल लाइंस की वक्फ भूमि पर कब्जे व अवैध निर्माण को लेकर कमेटी के लोगों को धमकी

- अवैध निर्माण रुकवाने पहुंचे करबला कमेटी के लोग, 112 डायल कर बुलानी पड़ी पुलिस
- सैकड़ों लोगों की भीड़ से तनावपूर्ण हुआ माहौल

**समृद्धि न्यूज़, बाराबंकी।** जनपद के सिविल लाइंस स्थित ऐतिहासिक एवं पंजीकृत वक्फ संपत्ति 'वक्फ करबला बड़ेल' की भूमि पर कथित अवैध कब्जे और निर्माण को लेकर बुधवार को विवाद खड़ा हो गया। मामला इतना गंभीर हो गया कि पुलिस को मौके पर पहुंचकर हस्तक्षेप करना पड़ा। कई घंटों तक इलाके में तनावपूर्ण स्थिति बनी रही और स्थानीय लोगों के अनुसार हालात फौजदारी तक पहुंचते-पहुंचते बच गए। पूरा मामला वक्फ संख्या 2556/53, पंजीकृत वक्फ संख्या 37, 'वक्फ करबला बड़ेल, सिविल लाइंस, बाराबंकी' से जुड़ा हुआ है। आरोप है कि वक्फ की सार्वजनिक भूमि पर कथित रूप से अवैध तरीके से मकान निर्माण कराया जा रहा था। यह भूमि मूल गाटा संख्या 513 से संबंधित बताई जा रही है, जो वर्तमान में गाटा संख्या 440, 441, 442, 443 एवं 444 में विभाजित है। विवादित स्थल गाटा संख्या 444/1Mi (भवन संख्या JP-1061) बताया जा रहा है।

**करोड़ों की वक्फ भूमि को कौड़ियों में बेचने का आरोप**

मामले में यह भी आरोप लगाया गया है कि उक्त वक्फ भूमि की कथित रूप से फर्जी बिक्री विलेख संख्या 28580 के माध्यम से 08 अक्टूबर 2025 को निष्पादित और 09 अक्टूबर 2025 को उप निबंधक नवाबगंज कार्यालय में पंजीकृत कराई गई। शिकायत के अनुसार जिस संपत्ति का बाजार मूल्य लगभग 39 लाख 5 हजार रुपये है, उसे मात्र 2 लाख 70 हजार रुपये में दर्शाकर रजिस्ट्री कर दी गई।

स्थानीय लोगों और करबला कमेटी से जुड़े व्यक्तियों का कहना है कि सार्वजनिक वक्फ संपत्ति की खरीद-बिक्री वक्फ अधिनियम 1995 (संशोधित 2025) के अंतर्गत पूर्णतः प्रतिबंधित है और इस प्रकार की रजिस्ट्री कानूनन शून्य मानी जाती है।

**अवैध निर्माण की सूचना पर मौके पर पहुंचे करबला कमेटी के लोग**

बुधवार को जब कथित रूप से विवादित भूमि पर तेजी से निर्माण कार्य शुरू हुआ तो इसकी जानकारी करबला कमेटी से जुड़े मंजर अब्बास, आसिफ हुसैन और अब्बास एडवोकेट को मिली। आरोप है कि मौके पर पहुंचने पर उन्होंने देखा कि भूमि पर निर्माण कार्य कराया जा रहा है, जिसके बाद उन्होंने इसका विरोध किया और निर्माण कार्य रोकने की मांग की। कमेटी के सदस्यों का कहना है कि यह भूमि सार्वजनिक धार्मिक वक्फ संपत्ति है और इस पर किसी भी प्रकार का निजी निर्माण, बिक्री या कब्जा वक्फ कानूनों का खुला उल्लंघन है। उनका आरोप है कि इस संबंध में पहले भी कई बार प्रशासन, पुलिस और वक्फ विभाग से शिकायतें की जा चुकी हैं, लेकिन अब तक प्रभावी कार्रवाई नहीं हुई।

**112 डायल कर बुलानी पड़ी पुलिस**

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार दोनों पक्षों के बीच पहले कहासुनी हुई, लेकिन देखते ही देखते विवाद बढ़ने लगा।

### फौजदारी जैसे हालात, पुलिस ने संभाला मोर्चा

स्थानीय नागरिकों के अनुसार दोनों पक्ष आमने-सामने आ गए थे और कई बार स्थिति हाथापाई तक पहुंचती दिखाई दी। आसपास के दुकानदार और निवासी अपने घरों और प्रतिष्ठानों से बाहर निकल आए। क्षेत्र में अफरा-तफरी जैसा माहौल हो गया था। मौके पर मौजूद लोगों का कहना है कि यदि पुलिस समय रहते हस्तक्षेप नहीं करती तो बड़ा विवाद हो सकता था। पुलिस ने दोनों पक्षों को समझाकर किसी तरह स्थिति को नियंत्रित किया और निर्माण स्थल के आसपास शांति व्यवस्था बनाए रखी।

### पूरे इलाके में दिनभर चर्चा का विषय बना रहा मामला

घटना के बाद सिविल लाइंस, करबला और आसपास के इलाकों में पूरे दिन इस विवाद की चर्चा होती रही। पुलिस ने एहतियात के तौर पर इलाके में नजर बनाए रखी और दोनों पक्षों को शांति बनाए रखने की चेतावनी दी। सूत्रों के अनुसार करबला कमेटी अब इस पूरे मामले को लेकर विस्तृत शिकायत के साथ वक्फ बोर्ड, जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक तथा अन्य संबंधित अधिकारियों से कठोर कानूनी कार्रवाई की मांग करने की तैयारी में है, ताकि सार्वजनिक वक्फ संपत्ति को कथित कब्जे और अवैध निर्माण से बचाया जा सके।

## डिप्थीरिया का रोगी मिलने से सतर्क हुआ स्वास्थ्य विभाग

**सिरौलीगौसपुर बाराबंकी।** मुश्काबाद गांव में डिप्थीरिया का एक मामला सामने आने के बाद स्वास्थ्य विभाग सतर्क हो गया है। बुधवार को स्वास्थ्य टीम ने गांव का दौरा किया और संक्रमित बच्चे का परीक्षण कर उन्हें दवाएं वितरित कीं। जानकारी के अनुसार, गांव के एक बच्चे को डिप्थीरिया से संक्रमित पाया गया है। इस सूचना के बाद क्षेत्र में स्वास्थ्य संबंधी चिंताएं बढ़ गई हैं।सूचना मिलने पर मेडिकल ऑफिसर डॉ. देव प्रताप सिंह के नेतृत्व में एक टीम गांव पहुंची। इस टीम में फार्मासिस्ट अमित दुआ, बीसीपीएम शैलेष रावत, संगिनी और आशा कार्यकत्री शामिल थीं। टीम ने सभी मरीजों का परीक्षण किया, आवश्यक दवाएं दीं और परिजनों को सावधानी बरतने की सलाह दी।डॉ. देव प्रताप सिंह ने बताया कि डिप्थीरिया एक गंभीर बैक्टीरियल संक्रमण है, जिसे 'गला घोंटू' बीमारी भी कहा जाता है। यह जीवाणु के कारण होने वाली एक संक्रामक बीमारी है। उन्होंने टीकाकरण, स्वच्छता और संक्रमण को फैलने से रोकने को मुख्य सावधानियां बताया।टीम ने गांव में जन जागरूकता अभियान भी चलाया और आशा-संगिनी को घर-घर जाकर नए मरीजों की पहचान करने के निर्देश दिए। सीएचसी सिरौलीगौसपुर ने गांव में निगरानी बढ़ा दी है। स्वास्थ्य विभाग ने गांव में दवा और ओआरएस के पैकेट भी वितरित किए हैं।डॉ. देव प्रताप सिंह ने लोगों से अपील की कि यदि किसी को गले में खराश, बुखार, गर्दन में सूजन या गले कोई असामान्य लक्षण दिखाई दें तो तुरंत आशा कार्यकत्री या नजदीकी सीएचसी से संपर्क करें।



# डीएम ने एसटीपी व एफएसटीपी का किया निरीक्षण



**रायबरेली समृद्धि न्यूज़।**

जिलाधिकारी सरनीत कौर ब्रोका ने नगर क्षेत्र में पीएसी के निकट स्थापित एसटीपी (सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट) एवं एफएसटीपी (फीकल स्लज ट्रीटमेंट प्लांट) का स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने प्लांट की कार्यप्रणाली, साफ-सफाई व्यवस्था तथा सीवेज एवं फीकल स्लज के निस्तारण संबंधी व्यवस्थाओं का जायजा लिया। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि एसटीपी एवं एफएसटीपी का संचालन निर्धारित मानकों एवं गुणवत्ता के अनुरूप सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने शोधन प्रक्रिया की नियमित मॉनिटरिंग करने तथा प्लांट परिसर में स्वच्छता एवं रखरखाव की व्यवस्था सुदृढ़ बनाए रखने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने उपचारित जल की गुणवत्ता, मशीनों के संचालन एवं सुरक्षा व्यवस्थाओं की भी जानकारी प्राप्त की।

उन्होंने कहा कि पर्यावरण संरक्षण एवं स्वच्छता को ध्यान में रखते हुए सभी व्यवस्थाएं प्रभावी ढंग से संचालित की जाएं। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी प्रशासन सिद्धार्थ, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका स्वर्ण सिंह सहित संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# सीबीएसई 12वीं परीक्षा परिणाम में एनएसपीएस का उत्कृष्ट प्रदर्शन

- शगुन यादव ने 96.60 प्रतिशत अंक प्राप्त कर जिले में किया स्कूल और परिवार का नाम रोशन



**समृद्धि न्यूज़, रायबरेली।** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड द्वारा घोषित कक्षा 12वीं परीक्षा परिणाम में न्यू स्टैंडर्ड पब्लिक स्कूल के छात्र-छात्राओं ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय एवं जनपद का नाम गौरवान्वित किया है। एनएसपीएस का परीक्षा परिणाम अपनी परम्परा के अनुसार सर्वोत्कृष्ट रहा। एनएसजीआई संस्थापक-प्रबंधक डॉ शशिकांत शर्मा ने सफल विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि यह परिणाम विद्यार्थियों की मेहनत, शिक्षकों के मार्गदर्शन एवं अभिभावकों के सहयोग का प्रतिफल है। उन्होंने सभी छात्रों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की और बताया कि एनएसजीआई सदैव गुणवत्तापूर्ण शिक्षा एवं अनुशासित शैक्षणिक वातावरण प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने सभी शिक्षकगण एवं अभिभावकों को भी शुभकामनाएं दीं।

**घोषित परीक्षा परिणामों के अंतर्गत मेधावी छात्र-छात्राओं में—**

प्रथम स्थान : शगुन यादव (एनएसपीएस लालगंज) 96.60 प्रतिशत

द्वितीय स्थान : स्मृति सिंह (एनएसपीएस सलोन) 94.40 प्रतिशत

तृतीय स्थान : एल्मा फातिमा (एनएसपीएस त्रिपुला) 93.20 प्रतिशत

तृतीय स्थान : वैष्णवी यादव (एनएसपीएस त्रिपुला) 93.20 प्रतिशत एनएसपीएस की अन्य वरीयता सूची में चतुर्थ स्थान पर श्रेया मिश्रा (एनएसपीएस त्रिपुला) 93.20 प्रतिशत , पांचवें स्थान पर अखंड प्रताप सिंह (एनएसपीएस त्रिपुला) 92.80 प्रतिशत , छंठवें स्थान पर अफ़ीफ़ा फातिमा और जीतिका पांडेय (एनएसपीएस त्रिपुला) 92.60 प्रतिशत , सातवें स्थान पर कृतिका यादव, अथर्व सिंह, ओम अवस्थी (एनएसपीएस त्रिपुला) और नैन्सी सिंह (एनएसपीएस सलोन) 92.40 प्रतिशत, आठवें स्थान पर पद्मिनी मौर्या, वासिफ़ा बानो और रौनक सिंह (एनएसपीएस त्रिपुला) 92.20 प्रतिशत , नौवें स्थान पर अभिनव शर्मा (एनएसपीएस त्रिपुला), अकांश यादव और अनन्या वर्मा (एनएसपीएस लालगंज) 91.40 प्रतिशत तथा दसवें स्थान पर मोयना सिंह (एनएसपीएस त्रिपुला) एवं पियूष मौर्या 91.20 प्रतिशत अंक अर्जित किये। अन्य विद्यार्थियों ने भी उत्कृष्ट अंक प्राप्त कर सफलता हासिल की। इस अवसर पर विद्यालय परिवार में हर्ष का वातावरण रहा तथा सफल विद्यार्थियों को मिठाई खिलाकर स्वागत किया गया। कार्यक्रम में प्रधानाचार्य शिव लखन प्रजापति (एनएसपीएस त्रिपुला), तारकेश्वर सिंह (एनएसबीवीएम), मो फैजान खान, शिवकरन पाल, संचिता त्रिवेदी, प्रशांत पांडेय, नितिन सिंह, अजय सिंह, संजय श्रीवास्तव, गिरीश श्रीवास्तव सहित शिक्षक/शिक्षिकाएं, विद्यार्थी, अभिभावकगण एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारी उपस्थित रहे।

## खबरें एक नजर में

# गुरुकुल आश्रम का भव्य शुभारंभ वैदिक मंत्रों से गूंजा परिसर



**समृद्धि न्यूज़, रामसनेहीघाट (बाराबंकी)।** आदिशक्ति श्री लक्ष्मी नारायण धाम में सोमवार, 12 मई 2026 को आध्यात्मिक एवं सांस्कृतिक चेतना का एक नया अध्याय जुड़ गया। यहां भव्य गुरुकुल आश्रम का शुभारंभ उत्तर प्रदेश सरकार के खाद एवं रसद तथा नागरिक आपूर्ति मंत्री सतीश चंद्र शर्मा ने नारियल फोड़कर एवं वैदिक मंत्रोच्चार के बीच विधिवत किया। इस दौरान पूरा परिसर वैदिक ध्वनियों, पुष्प वर्षा और आध्यात्मिक वातावरण से गुंजायमान रहा।

समारोह का शुभारंभ मंदिर के मुख्य पुजारी एवं गुरुकुल के प्रधानाचार्य पं. अनूप कुमार पांडे तथा गुरुकुल के छात्रों द्वारा किए गए स्वस्तिवाचन से हुआ। वैदिक ऋचाओं की गूंज ने उपस्थित लोगों को आध्यात्मिक अनुभूति से अभिभूत कर दिया।

इस अवसर पर लक्ष्मी नारायण धाम ट्रस्ट के प्रमुख डॉ. रमेश सिंह एवं श्रीमती राधा सिंह ने मंत्री का पुष्प मालाओं से स्वागत किया। समाजसेवी मोनू सिंह ने गुरुकुल शिक्षा पद्धति की महत्ता पर विचार रखते हुए कहा कि भारतीय संस्कृति की आत्मा गुरुकुल परंपरा में निहित है। वहीं राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के कार्यकर्ता राजेश सिंह ने कहा कि गुरुकुल परंपरा ही भारत को पुनः विश्व गुरु बनाने में सक्षम बना सकती है।

समारोह के दौरान यह भी जानकारी दी गई कि ट्रस्ट प्रमुख डॉ. रमेश सिंह की हाल ही में प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात हुई थी, जिसमें अकबरपुर का नाम बदलकर 'नारायण धाम' किए जाने को लेकर सकारात्मक आश्वासन मिला है। इस जानकारी से श्रद्धालुओं एवं क्षेत्रवासियों में उत्साह देखा गया।

अपने संबोधन में मंत्री सतीश चंद्र शर्मा ने कहा कि गुरुकुल शिक्षा प्रणाली भारत को पुनः विश्व गुरु बनाने का सामर्थ्य रखती है। यहां केवल शिक्षा ही नहीं, बल्कि संस्कार, आध्यात्मिकता और राष्ट्र चेतना का विकास होता है। उनके संबोधन का उपस्थित लोगों ने तालियों की गड़गड़ाहट से स्वागत किया। इस अवसर पर मंत्री को स्मृति चिन्ह भी भेंट किया गया।

कार्यक्रम में जिले के अनेक गणमान्य नागरिक, संत-महात्मा, शिक्षाविद एवं समाजसेवी मौजूद रहे। अंत में डॉ. रमेश सिंह ने सभी अतिथियों एवं श्रद्धालुओं के प्रति आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. सुनील त्रिपाठी ने प्रभावी एवं गरिमामयी ढंग से किया।

## हत्या के प्रयास में वांछित दो अभियुक्त गिरफ्तार

**अमेठी समृद्धि न्यूज़।** जनपद पुलिस अधीक्षक सरवणन टी. के निर्देशन एवं अपर पुलिस अधीक्षक ज्ञानेन्द्र कुमार सिंह के पर्यवेक्षण में अपराधियों के धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान में बुधवार को क्षेत्राधिकारी गौरीगंज अखिलेश वर्मा के नेतृत्व में मुंशीगंज पुलिस द्वारा क्षेत्र में चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु के दौरान मुखबिर की सूचना पर थाना मुंशीगंज में वांछित दो अभियुक्त अनिरुद्ध यादव पुत्र राजाराम यादव व बलराज यादव पुत्र श्रीपाल यादव निवासीगण ग्राम पूरे शुक्लन मजरे चिलबिली थाना मुंशीगंज को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तारी के संबन्ध में थाना मुंशीगंज पुलिस द्वारा अग्रिम वैधानिक कार्यवाही की जा रही है। गिरफ्तार करने वाली टीम में शिवाकान्त त्रिपाठी प्रभारी निरीक्षक थाना मुंशीगंज, उ.नि. आशीष कुमार वर्मा, का. फईम अली व का. शिवम सविता शामिल रहे।

## जिलाधिकारी ने की जनसुनवाई



**अमेठी समृद्धि न्यूज़।** कलेक्ट्रेट कार्यालय में आयोजित जनसुनवाई के दौरान जिलाधिकारी संजय चौहान ने आमजन की समस्याएं सुनीं और उनके त्वरित निस्तारण के संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। जनसुनवाई में जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए लोगों ने भूमि विवाद, राजस्व, विकास, चिकित्सा तथा अन्य विभागों से संबंधित शिकायतें जिलाधिकारी के समक्ष प्रस्तुत कीं। जिलाधिकारी ने प्रत्येक शिकायतकर्ता की समस्या को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्राप्त शिकायतों का निस्तारण निर्धारित समय सीमा के भीतर गुणवत्तापूर्ण एवं पारदर्शी ढंग से सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि शासन की मंशा है कि आमजन की समस्याओं का त्वरित समाधान हो, इसलिए सभी अधिकारी जनसुनवाई में प्राप्त प्रार्थना पत्रों को प्राथमिकता के आधार पर निस्तारित करें। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि किसी भी शिकायत के निस्तारण में लापरवाही या अनावश्यक विलंब पाए जाने पर संबंधित अधिकारी की जिम्मेदारी तय की जाएगी। साथ ही अधिकारियों से कहा कि शिकायतकर्ता को निस्तारण की जानकारी भी उपलब्ध कराई जाए, ताकि लोगों का प्रशासन पर विश्वास और मजबूत हो।

# कांग्रेस कार्यालय पर आयोजित हुई पार्टी कार्यकर्ताओं की बैठक



**अमेठी समृद्धि न्यूज़।** अमेठी सांसद किशोरी लाल शर्मा के निर्देशन पर कांग्रेस संगठन को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से मंगलवार को राजीव गांधी सभागार, गौरीगंज में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष प्रदीप सिंघल ने की। जिसमें एसआईआर एवं संगठन प्रभारी के साथ सभी ब्लॉक अध्यक्षगण उपस्थित रहे। बैठक में संगठन की जमीनी मजबूती पर विशेष जोर दिया गया। जिलाध्यक्ष ने कहा कि न्याय पंचायत स्तर तक संगठन को मजबूत बनाना समय की आवश्यकता है। इसके लिए पुनरीक्षण कार्यक्रम न्याय पंचायत कमेटियों का, वरिष्ठ कार्यकर्ताओं की सक्रिय भागीदारी तथा ग्राम सभा अध्यक्षों और बूथ कमेटियों को सशक्त करने पर विस्तृत चर्चा की गई। संगठन प्रभारी ने कार्यकर्ताओं को निर्देशित करते हुए कहा कि प्रत्येक बूथ पर सक्रिय टीम तैयार की जाए, ताकि पार्टी की नीतियों और विचारों को जन-जन तक प्रभावी ढंग से पहुंचाया जा सके। साथ ही आगामी कार्यक्रमों और अभियानों को लेकर भी आगे की रणनीति तय की गई। बैठक में सभी ब्लॉक अध्यक्षों ने अपने-अपने क्षेत्र की संगठनात्मक स्थिति की जानकारी दी और उसे और मजबूत करने का संकल्प लिया। अंत में जिलाध्यक्ष ने सभी कार्यकर्ताओं से एकजुट होकर पार्टी को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने का आह्वान किया।

# क्रूरता की हदें पार, बैल के ऊपर चढ़कर बनाई रील



**अमेठी समृद्धि न्यूज़।** जिले में गौ रक्षा को लेकर एक बार फिर सवाल खड़े हो गए हैं। जिले में सोशल मीडिया पर वायरल हो रही एक रील ने लोगों में भारी नाराजगी पैदा कर दी है। बताया जा रहा है कि मोहनगंज थाना क्षेत्र के पूरे लक्षणसिंह गांव में कुछ अराजक तत्वों ने एक बैल को मारकर गिरा दिया और फिर उसके ऊपर चढ़कर वीडियो बनाते हुए रील तैयार की। हालांकि समृद्धि न्यूज़ वायरल वीडियो की पुष्टि नहीं करता। वीडियो वायरल होने के बाद इलाके में गुस्से का माहौल बना हुआ है। स्थानीय लोगों ने आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। वहीं पुलिस मामले की जांच में जुट गई है और वायरल वीडियो के आधार पर युवकों की पहचान करने का प्रयास किया जा रहा है। गौवंश के साथ क्रूरता और सोशल मीडिया पर वायरल होने की होड़ को लेकर लोग लगातार सवाल उठा रहे हैं।

फिलहाल प्रशासन ने कहा है कि दोषियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी और मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है।

# मोटरसाइकिल और ई-रिक्शा की भिड़ंत में दो घायल

**अमेठी समृद्धि न्यूज़।**



मंगलवार को देर शाम कोतवाली क्षेत्र गौरीगंज के काजी पट्टी के पास एक मोटरसाइकिल और ई-रिक्शा के बीच हुई जोरदार भिड़ंत में दोनों वाहन चालक घायल हो गए। हादसे के बाद मौके पर आसपास के लोगों की भारी भीड़ जमा हो गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को तत्काल जिला अस्पताल भिजवाया गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार शाम के समय सड़क पर यातायात सामान्य रूप से चल रहा था। इसी दौरान अचानक मोटरसाइकिल और ई-रिक्शा आमने-सामने आ गए। बताया जा रहा है कि किसी एक वाहन का संतुलन बिगड़ने के कारण यह दुर्घटना हुई है। टक्कर के बाद ई-रिक्शा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया और मोटरसाइकिल भी सड़क पर गिरकर क्षतिग्रस्त हो गई। हादसे के तुरंत बाद स्थानीय लोगों ने राहत कार्य शुरू किया और घायलों को सड़क से हटाकर सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया। इसी बीच सूचना पाकर थाना प्रभारी रवि सिंह पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने तत्परता दिखाते हुए दोनों घायलों को एंबुलेंस की मदद से जिला अस्पताल भेजवाया, जहां डॉक्टरों द्वारा उनका उपचार किया जा रहा है। स्थानीय लोगों ने थाना प्रभारी रवि सिंह ने की त्वरित कार्रवाई और मानवीय व्यवहार की सराहना की।

पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त वाहनों को सड़क किनारे हटवाकर यातायात सामान्य कराया। थाना प्रभारी रवि सिंह ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है और दुर्घटना के कारणों का पता लगाया जा रहा है।

## सचिव द्वारा प्रधान प्रतिनिधि और प्रधान पर लग रहा भुगतानः सूत्र



**सीतापुर।** जनपद सीतापुर के विकास खण्ड गोंदलामऊ की ग्राम पंचायत इस्माइलगंज में वित्तीय अनियमितताओं का मामला सामने आया है। आरोप है कि ग्राम पंचायत में तैनात सचिव द्वारा वित्तीय वर्ष 2024-25 एवं 2025-26 में 15वें एवं 5वें वित्त आयोग की धनराशि से नियमों को दरकिनार करते हुए संदिग्ध भुगतान किए गए हैं। सूत्रों के अनुसार ग्राम पंचायत इस्माइलगंज में गौशाला केयरटेकर के नाम पर भी भुगतान किया गया, जबकि शासनादेश के अनुसार इस प्रकार का भुगतान सीधे ग्राम प्रधान के खाते में नहीं किया जा सकता। इसके बावजूद ग्राम प्रधान मुन्नी देवी के खाते में 56,880 रुपये का भुगतान दर्ज किया गया है, जिससे पूरे मामले पर सवाल खड़े हो गए हैं। वहीं दूसरी ओर एक ही व्यक्ति अशोक कुमार सिंह के खाते में अलग-अलग किस्तों में भारी भरकम भुगतान किया गया है। बताया जा रहा है कि सचिव द्वारा विभिन्न तिथियों पर 60,970, 10,010, 28,210, 47,320, 47,320, 24,570, 46,200, 36,960, 47,960, 47,700, 42,930, 42,930 रुपये का भुगतान लगाया गया, जिसकी कुल राशि 4,50,080 रुपये होती है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि पंचायत में विकास कार्यों के नाम पर सरकारी धन का दुरुपयोग किया जा रहा है और एक ही व्यक्ति के खाते में लाखों रुपये भेजे गए हैं। जबकि सरकार और जिला प्रशासन लगातार ग्राम पंचायतों में पारदर्शिता और विकास कार्यों को बढ़ावा देने की बात कर रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराई जाए तो पंचायत में हुए कई और फर्जी भुगतान सामने आ सकते हैं। अब देखने वाली बात यह होगी कि विकास खण्ड गोंदलामऊ के अधिकारी और जिला प्रशासन इस मामले को कितनी गंभीरता से लेते हैं और दोषियों के खिलाफ क्या कार्रवाई की जाती है।

## डीएम ने विकास खण्ड रामपुरमथुरा का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाएं देखीं

**समृद्धि न्यूज़, सीतापुर।**



जिलाधिकारी डा0 राजागणपति आर0 ने विकास खण्ड रामपुरमथुरा का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाएं देखीं। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने खण्ड विकास अधिकारी प्रतिभा जायसवाल के जनसुनवाई रजिस्टर का अवलोकन करते हुये शिकायतकर्ताओं से दूरभाष के माध्यम से वार्ता की एवं उनका फीडबैक लिया। खण्ड विकास अधिकारी को निर्देश दिये कि शिकायकर्ताओं की शिकायत का जल्द से जल्द एवं गुणवत्तापरक निस्तारण सुनिश्चित किया जाये तथा डिस्पैच रजिस्टर का भी गहनतापूर्वक अवलोकन किया। इसके पश्चात मुख्यमंत्री आवास पटल पहुंचकर जिलाधिकारी ने पात्र लाभार्थियों को आवंटित किये गये आवासों की जानकारी लेते हुये संबंधित को निर्देश दिये जिन पात्रों के आवास हेतु आवेदन प्राप्त हो गये हैं, उनको आवास दिलाये जाने की कार्यवाही की जाये। खण्ड विकास अधिकारी को निर्देश दिये कि शासन की मंशानुरूप कार्यो को प्राथमिकता के आधार निस्तारित किया जाये। जिलाधिकारी ने आवंटित हुये आवास के लाभार्थियों से दूरभाष के माध्यम से वार्ता करते हुये फीडबैक लेते हुये किश्त के बारे में जानकारी ली। आवास की पत्रावलियों का रैण्डम अवलोकन करते हुये कमियां मिलने पर खण्ड विकास अधिकारी को नोटिस जारी करने एवं पटल बाबू का अग्रिम आदेशों तक वेतन रोकने के निर्देश संबंधित अधिकारी को दिये। मनरेगा पटल पहुंचकर जिलाधिकारी ने एफ0टी0ओ0 पेमेंट रजिस्टर, निर्माणाधीन आंगनबाड़ी केन्द्र की पत्रावलियों का अवलोकन किया तथा कराये जा रहे कार्यो की फोटोग्राफ का अवलोकन किया। अन्नपूर्णा भवन की पत्रावलियों का भी अवलोकन करते हुये उसमें गम्भीर त्रुटि मिलने पर ए0पी0ओ0 विनय कुमार का स्पष्टीकरण जारी करने एवं खण्ड विकास अधिकारी पर कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुये मानीटरिंग किये जाने हेतु निर्देशित किया। लेखाकार कक्ष पहुंचकर ग्रांट-1, 2 व 3 के रजिस्टर का अवलोकन करते हुये क्षेत्र पंचायत की बैठक के बारे में जानकारी ली, जिसमें क्षेत्र पंचायत की बैठक का रजिस्टर अद्यतन न होने पर खण्ड विकास अधिकारी को कठोर चेतावनी पत्र जारी करने के निर्देश संबंधित अधिकारी को दिये।

## रामसनेहीघाट क्षेत्र के अकांक्षा चिल्ड्रेन एकेडमी भिटरिया का सीबीएसई रिजल्ट शानदार

**रामसनेहीघाट बाराबंकी।** अकांक्षा चिल्ड्रेन एकेडमी, भिटरिया के सीबीएसई बोर्ड परीक्षा परिणाम में छात्रों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए विद्यालय का नाम रोशन किया है। मेधावी छात्र-छात्राओं ने उत्कृष्ट अंक हासिल कर सफलता का परचम लहराया। विद्यालय के छात्र प्रशुख जैन ने 97.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया। वहीं शालनी और दीपिका ने 92-92 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। शुभी जैसवाल ने 91 प्रतिशत, अमन सिंह ने 90 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। इसके अलावा अंशिका सिंह और अद्विक उपाध्याय ने 86-86 प्रतिशत अंक हासिल कर विद्यालय का गौरव बढ़ाया।

परिणाम घोषित होते ही विद्यालय परिसर में खुशी का माहौल छा गया।

# पशु चिकित्सालय की जर्जर इमारत बनीं हादसे का कारण

- पूर्व सभासद ने बड़ा हादसा होने की जताई आशंका
- उच्च अधिकारियों को संज्ञान लेने की उठाई मांग

**गुरसहायगंज,कन्नौज समृद्धि न्यूज।**





नगर के मोहल्ला गांधीनगर स्थित पशु चिकित्सालय की पुरानी इमारत इन दिनों लोगों के लिए चिंता का विषय बनी हुई है। वर्षों पुरानी यह भवन पूरी तरह जर्जर हो चुकी है और कभी भी बड़ा हादसा होने की आशंका बनी हुई है। पूर्व सभासद में जिलाधिकारी सहित पशु विभाग के उच्च अधिकारियों से समस्या के निर्धारण की मांग उठाई है। स्थानीय लोगों का कहना है कि चिकित्सालय की नई बिल्डिंग बनकर चालू हो चुकी है, लेकिन पुरानी खंडहरनुमा इमारत अब भी उसी हालत में खड़ी है। सबसे बड़ी समस्या यह है कि चिकित्सालय परिसर में बाउंड्रीवाल नहीं होने के कारण मोहल्ले के छोटे-छोटे बच्चे खेलते हुए पुरानी इमारत तक पहुंच जाते हैं। जर्जर दीवारों और टूटे हिस्सों के कारण किसी भी समय दुर्घटना हो सकती है। स्थानीय नागरिकों मोहम्मद नफीस ,सर्वेश , ओमनारायण कुशवाह , अंकित गुप्ता , विकाश शुक्ला , विनय यादव, लालू गुप्ता , आशिफ मंसूरी , शेखर चौहान,मुकेश कुमार, ओम शरण प्रजापति आदि ने बताया कि कई बार बच्चों को वहां खेलने से रोका गया, लेकिन खुला परिसर होने के कारण खतरा लगातार बना हुआ है।

मोहल्लेवासियों ने प्रशासन से मांग की है कि पशु चिकित्सालय परिसर की जल्द से जल्द बाउंड्रीवाल बनवाई जाए तथा पुरानी इमारत को गिराकर उसका मलबा हटाया जाए। लोगों का कहना है कि समय रहते कार्रवाई नहीं हुई तो भविष्य में कोई बड़ी अनहोनी घटना हो सकती है, जिसकी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी। पूर्व सभासद मोहम्मद नफीस खान का कहना है कि जर्जर पशु चिकित्सालय भवन मोहल्ले वासियों के लिए खतरा बना हुआ है किसी भी दिन बड़ा हादसा हो सकता है लगातार मांग के बाद भी कोई सुनवाई नहीं की जा रही है। उन्होंने जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री एवं पशु विभाग के उच्च अधिकारियों से पत्र भेज कर समस्या के निस्तारण की मांग उठाई है। उनका कहना पुराना पशु चिकित्सालय वर्षों पूर्व बनाया गया था जो जर्जर है किसी भी दिन गिर सकता है इसकी रोकथाम के लिए प्रशासन उचित कदम उठाए।

# भारतीय समाज सशक्तिकरण संगठन में नई जिम्मेदारियां

**छिबरामऊ,कन्नौज समृद्धि न्यूज।**



भारतीय समाज सशक्तिकरण संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व सभासद नरेंद्र शर्मा ने मोहल्ला बिरतिया निवासी दीपांक दुबे को प्रदेश उपाध्यक्ष मनोनीत किया है।

इसके साथ ही औरैया निवासी अनुज द्विवेदी को कानपुर मंडल सचिव तथा सूरज गुप्ता को औरैया जिलाध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई। राष्ट्रीय अध्यक्ष नरेंद्र शर्मा ने सभी नव मनोनीत पदाधिकारियों को नियुक्ति पत्र सौंपते हुए संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत बनाने के निर्देश दिए। नरेंद्र शर्मा ने कहा संगठन का लक्ष्य समाज के हर वर्ग को सशक्त बनाना है। नए पदाधिकारियों के साथ हमारी टीम और अधिक ऊर्जावान हो गई है। हम विकास, शिक्षा और सामाजिक न्याय के मुद्दों पर लगातार कार्य करेंगे। राष्ट्रीय प्रमुख महासचिव कुलदीप यादव ने कहा ये नियुक्तियां संगठन के विस्तार की दिशा में महत्वपूर्ण कदम हैं। सभी साथी मिलकर जन-जन तक पहुंचें और समाज के उत्थान के लिए निरंतर प्रयास करें। इस अवसर पर राष्ट्रीय महासचिव संदीप शर्मा सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

## कार्यक्रम में खाना बनाने जा रहे दो युवक बाईकों की भिड़ंत में घायल

**तिर्वा/कन्नौज।** बाईकों की भिड़ंत में दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। उपचार हेतु घायलों को तिर्वा मेडिकल कॉलेज भेजा गया है। जानकारी के मुताबिक इंदरगढ़ थाना क्षेत्र के गुंदारा गांव निवासी 25 वर्षीय श्यामबाबू पुत्र प्रेमचंद्र और 20 वर्षीय मुनेश चंद्र पुत्र सतीश छतेनपुर गांव में आयोजित एक कार्यक्रम में खाना बनाने के उद्देश्य से अपनी बाइक से रवाना हुए थे। बुधवार की दोपहर जैसे ही बाइक सवार दोनों युवक महपुरा गांव के निकट स्थित मां काली मंदिर के निकट पहुंचे इसी दौरान आगे जा रहे बाइक सवार युवक द्वारा अचानक बाइक सड़क पर मोड दिए जाने से पीछे आ रही बाइक सवारों की बाइक असंतुलित हो गई। दुर्घटना में उपरोक्त दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हुए। मामले की सूचना थाना पुलिस को दी गई। जिसके बाद ददोनों घायलों को उपचार हेतु तिर्वा मेडिकल कॉलेज भेजा गया।

# वीरेंद्र पब्लिक स्कूल ने एक बार फिर दिया शैक्षणिक उत्कृष्टता का परिचय

**छिबरामऊ,कन्नौज समृद्धि न्यूज।**



वीरेंद्र पब्लिक स्कूल ने एक बार फिर शैक्षणिक उत्कृष्टता का परिचय देते हुए केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) कक्षा 12वीं बोर्ड परीक्षा 2026 में 100 प्रतिशत परिणाम प्राप्त किया है।

सभी छात्र-छात्राओं ने सफलता प्राप्त कर विद्यालय, अभिभावकों एवं शिक्षकों का नाम गौरवान्वित किया। विद्यार्थियों ने विभिन्न विषयों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए अपनी मेहनत, अनुशासन और समर्पण का परिचय दिया। शीर्ष 10 मेधावी छात्र-छात्राओं में वेदांत दुबे ने 85.6, इल्मा ने 85.2, स्वेतांक शाक्य ने 84.8, रुद्र प्रताप सिंह ने 83.2, प्रबल प्रकाश श्रीवास्तव ने 82.4, विधि शुक्ला ने 81.4, सनी कुमार ने 81.0, सौम्या यादव ने 80.2, वैश्वी दुबे ने 79.0 और याशिका गुप्ता ने 76.8 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। प्रधानाचार्य ने सभी सफल विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा यह उत्कृष्ट परिणाम उनकी कठिन मेहनत, शिक्षकों के समर्पण और अभिभावकों के सहयोग का प्रतिफल है। हमें अपने विद्यार्थियों पर गर्व है और हम उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हैं।विद्यालय के प्रबंधक विमलेश दुबे ने अपने संदेश में कहा वीरेंद्र पब्लिक स्कूल सदैव गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, संस्कार और अनुशासन को सर्वोच्च प्राथमिकता देता है। विद्यार्थियों की यह सफलता उनके उज्ज्वल भविष्य की मजबूत नींव है। मैं सभी छात्र-छात्राओं, शिक्षकों एवं अभिभावकों को इस गौरवपूर्ण उपलब्धि के लिए हार्दिक बधाई देता हूँ और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करता हूं।

## सेंट पॉल स्कूल में सीबीएसई 12वीं में श्रेया भदौरिया टॉपर



**छिबरामऊ, कन्नौज।** नगर के प्रतिष्ठित सेंट पॉल सीनियर सेकेंडरी स्कूल, लालकपुर में केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) कक्षा 12वीं की परीक्षा के परिणाम घोषित होने पर हर्ष का माहौल है। नगर की प्रतिभावान छात्रा श्रेया भदौरिया ने सर्वोच्च 94.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर टॉप किया है। इसके अलावा अनुष्का ने 93.2 प्रतिशत, शैना दुबे ने 90.8 प्रतिशत और देव द्विवेदी ने 89.4 प्रतिशत अंक हासिल किए। प्रधानाचार्य संतोष सेलेस्टिन ने छात्रों की उपलब्धि पर बधाई देते हुए कहा सभी मेधावी छात्रों ने कड़ी मेहनत, अनुशासन और शिक्षकों के मार्गदर्शन से यह शानदार परिणाम प्राप्त किया है। यह स्कूल के लिए गौरव का क्षण है। मैं पूरे स्टाफ और अभिभावकों को भी धन्यवाद देता हूं, जिन्होंने बच्चों को प्रोत्साहित किया। भविष्य में भी ऐसे ही उज्ज्वल परिणाम की उम्मीद है। छात्रों को सलाह है कि वे अपनी पढ़ाई जारी रखें और समाज के प्रति जिम्मेदार नागरिक बनें।

# मानवता के मसीहा थे बाबा हरदेव सिंह: महात्मा डॉ. सुशील राजपूत

- निरंकारी सत्संग भवन में मनाया गया समर्पण दिवस

**छिबरामऊ,कन्नौज समृद्धि न्यूज।**





नगर के पूर्वी बाईपास स्थित संत निरंकारी सत्संग भवन में समर्पण दिवस के अवसर पर कानपुर से पधारे परम पूज्य महात्मा डॉ सुशील राजपूत जी ने अपने अनमोल वचनों में कहा बाबा हरदेव सिंह जी मानवता के मसीहा थे।

उन्होंने कहा उनके हृदय में मानव मात्र के लिए अपार प्यार था। वे दानव को मानव और मानव को देवता बनते देखना चाहते थे। बाबा जी कहते थे आज मानवता कमजोर होती जा रही है अतः मानवता को मजबूत करके ही मानव को मजबूत किया जा सकता है। समस्त अवतारी महापुरुषों ने मिलजुल कर रहने का ही संदेश दिया। बाबा हरदेव सिंह जी महाराज ने अपना सारा जीवन मानव की भलाई के खातिर समर्पण कर दिया था और जीवन भर मानव को एक ही संदेश दिया करते थे कि एक दूसरे के हितैषी बनकर जिएं और इंसानियत के रास्ते पर चलते जाएं ताकि धरती पर स्वर्ग का वातावरण बनता जाए और विश्व भर में सुंदरता स्थापित हो। बाबा हरदेव सिंह जी महाराज का जन्म 23 फरवरी 1954 में पिता बाबा गुरुवचन सिंह जी एवं माता कुलवंत कौर जी के घर में हुआ था। दादा युगपुरुष बाबा अवतार सिंह जी व दादी जगत माता बुद्धवंती जी के लाडले थे। उन्हीं से मार्गदर्शन मिला। उनके व्यवहार व आचरण का बहुत सुंदर प्रभाव पड़ा और सेवा सिमरन सत्संग में तन मन धन से लगन लगाई। 14 नवंबर 1975 को पूज्य माता सविंदर कौर जी जैसा सुंदर जीवनसाथी मिला।

कदम से कदम मिलाकर संत निरंकारी मिशन को बखूबी आगे बढ़ाने में साथ दिया और भक्ति के साथ-साथ मर्यादित गृहस्थ के रुप में भी उन्होंने अपनी भूमिका का बखूबी निर्वहन किया। बाबा हरदेव सिंह जी महाराज द्वारा मानवता की सेवा हुई इसीलिए वह मानवता के मसीहा कहलाए और उन्होंने 62 वर्ष की उम्र में 13 मई 2016 को नश्वर शरीर का त्याग कर ब्रह्मलीन होने से पूर्व तक जितने महान कार्य किए उसका उल्लेख करना आसान नहीं है। उनके बताए पद चिन्हों पर चलकर आज भी लाखों भक्त अपना जीवन सफल कर रहे हैं। महात्मा हरिश्चंद्र के संचालन में हुए कार्यक्रम में अन्य महात्माओं ने भी अपने भजनों व प्रवचन से संगत को निहाल किया।

# 50 कुंतल भूसा गोशालाओं के लिए रवाना, एसडीएम ने दिखाई हरी झंडी

**कन्नौज समृद्धि न्यूज।**



तहसील परिसर से मंगलवार को ज्वॉइन्ट मजिस्ट्रेट एवं उपजिलाधिकारी कन्नौज वैशाली ने भूसा दान गाड़ियों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। जिला पूर्ति विभाग के सहयोग से करीब 50 कुंतल भूसा विकासखंड कन्नौज की शाहजहांपुर और पनवारा गोशालाओं के लिए भेजा गया।

उपजिलाधिकारी ने कहा कि गौसेवा भारतीय संस्कृति का महत्वपूर्ण हिस्सा है। निराश्रित गोवंशों के संरक्षण और उनके भरण-पोषण के लिए सभी को आगे आना चाहिए। उन्होंने किसानों, व्यापारियों और सामाजिक संगठनों से अभियान में बढ़-चढ़कर सहयोग करने की अपील की। मुख्य पशु चिकित्साधिकारी ने बताया कि जिले में अब तक लगभग 6 हजार कुंतल भूसा दान किया जा चुका है। विभिन्न संस्थाओं, किसानों और समाजसेवियों के सहयोग से अभियान लगातार जारी है। प्रशासन ने कहा कि गोशालाओं की जरूरत के अनुसार आगे भी भूसे की व्यवस्था कराई जाती रहेगी।

# शाम्भवी दीक्षित ने 97.8 प्रतिशत अंक पाकर बढ़ाया मान

- आई सर्जन बनना चाहती है मेधावी शाम्भवी दीक्षित
- नगर में हुआ बिटिया का भव्य स्वागत

**गुरसहायगंज, कन्नौज समृद्धि न्यूज।**



सीबीएसई बोर्ड इंटरमीडिएट परीक्षा में जागरण पब्लिक स्कूल कन्नौज की छात्रा शाम्भवी दीक्षित एवं डॉ. सुधीर दीक्षित की पुत्री ने 97.8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय और जिले का नाम रोशन किया है।

परीक्षा परिणाम घोषित होते ही परिवार और विद्यालय में खुशी का माहौल छा गया। छात्रा की इस उपलब्धि पर माता-पिता ने मिठाई खिलाकर उसका स्वागत किया और उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। छात्रा के पिता दीक्षित नेत्र चिकित्सालय के डायरेक्टर प्रमुख समाजसेवी डॉ. सुधीर दीक्षित तथा माता, जो स्वयं भी चिकित्सक हैं, ने बताया कि बेटी शुरू से ही पढ़ाई के प्रति गंभीर और मेहनती रही है। परिवार के सहयोग और शिक्षकों के मार्गदर्शन से उसने यह सफलता हासिल की। छात्रा का एक छोटा भाई भी है, जो इस वर्ष हाईस्कूल में अध्ययनरत है।

> छात्रा शाम्भागी दीक्षित ने बताया कि वह आगे चलकर आई सर्जन बनना चाहती है और चिकित्सा क्षेत्र में लोगों की सेवा करना उसका सपना है। आई सर्जन बनकर लोग की सेवा करना चाहती हूं और अपने पिता डॉक्टर सुधीर दिक्षित के पद चिन्हो पर चलकर उनका नाम रोशन करूंगी।

छात्रा ने अपनी सफलता का श्रेय माता-पिता और शिक्षकों को देते हुए कहा, मैं बहुत खुश हूं। मेरे माता-पिता ने हमेशा मेरा प्रोत्साहन किया और हर कदम पर मेरा सहयोग किया। मैं सभी विद्यार्थियों से कहना चाहूंगी कि दूसरों से प्रतिस्पर्धा करने की बजाय खुद को बेहतर बनाने की कोशिश करें और लगातार मेहनत करते रहें।

## फर्रूखाबाद ग्रीन फील्ड लिंक एक्सप्रेसवे परियोजना में भूमि क्रय प्रक्रिया को मिली गति

- मई माह के भीतर भूमि क्रय की समस्त कार्यवाही पूर्ण कर ली जाए: डीएम
- लगभग 5 हेक्टेयर कृषि भूमि क्रय की जा चुकी है

**छिबरामऊ, कन्नौज समृद्धि न्यूज।** तहसील छिबरामऊ के ग्राम डडौना में प्रस्तावित फर्रूखाबाद प्रवेश नियंत्रित (ग्रीन फील्ड) लिंक एक्सप्रेसवे परियोजना हेतु भूमि क्रय प्रक्रिया तीव्र गति से संचालित की जा रही है। जिलाधिकारी के निर्देशानुसार प्रशासनिक अधिकारियों एवं संबंधित विभागों की टीम द्वारा प्रभावित कृषकों से लगातार संवाद स्थापित कर पारदर्शी एवं सुगम तरीके से बैनामे की कार्यवाही कराई जा रही है। 12 मई तक कुल 21 बैनामे संपन्न कर लगभग 5 हेक्टेयर कृषि भूमि क्रय की जा चुकी है। परियोजना को समयबद्ध रूप से पूर्ण कराने के उद्देश्य से जिला प्रशासन द्वारा प्रतिदिन बैनामा प्रक्रिया की निगरानी की जा रही है, जिससे कार्य में निरंतर प्रगति सुनिश्चित हो सके। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया है कि मई माह के भीतर भूमि क्रय की समस्त कार्यवाही पूर्ण कर ली जाए, ताकि परियोजना के निर्माण कार्य को शीघ्र प्रारंभ कराया जा सके। उन्होंने यह भी निर्देश दिए हैं कि जिन कृषकों के बैनामे पूर्ण हो चुके हैं, उनके मुआवज़े के भुगतान की प्रक्रिया में किसी प्रकार की देरी न हो। प्रशासन द्वारा प्रभावित किसानों को त्वरित राहत प्रदान करने हेतु मुआवज़ा भुगतान की कार्यवाही भी प्रारंभ कर दी गई है। शीघ्र ही संबंधित कृषकों के बैंक खातों में भुगतान की धनराशि अंतरित कर दी जाएगी। जिला प्रशासन ने आश्वस्त किया है कि पूरी प्रक्रिया निष्पक्ष, पारदर्शी एवं कृषक हितों को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए संपन्न कराई जा रही है।

# अजनबी युवक को पकड़कर पुलिस को सौंपा

- डायल 112 पुलिस को दी मामले की सूचना
- शुरुआती जांच में मानसिक रूप से ग्रसित नजर आ रहा था युवक

**ठठिया/कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**



मुस्लिम समाज के एक वैवाहिक कार्यकम में घुसे अजनबी युवक को पहचाने जाने के बाद मौके पर मौजूद लोगों ने उसको पकड़ने के बाद पुलिस को सौंप दिया गया।

जानकारी के मुताबिक थाना ठठिया क्षेत्र के गांव रूरा में एक मुस्लिम समाज के ग्रामीण मदल्ले के यहां विवाह समारोह का कार्यक्रम आयोजित किया गया था। रात दस बजे के करीब जब वैवाहिक कार्यक्रम चल रहा था इसी दौरान हंगामे के शोर ने हर किसी का ध्यान अपनी ओर खींच लिया। जानकारी करने पर पता चला कि वैवाहिक कार्यकम में एक अजनबी युवक जिसको पकड़ा गया है। मौके पर मौजूद लोगों ने जब इस युवक से पूंछताँछ की तो वह भाग निकला। इस बीच लोगों ने इस पकड़े गए युवक को भागने के दौरान पकड़ लिया। मामले की सूचना डायल 112 पुलिस को दी गई। जिसके बाद मौके पर पहुंची पुलिस को वैवाहिक कार्यक्रम में मौजूद लोगों ने पकड़े गए युवक को सौंप दिया। पकड़ा गया युवक जहां मुस्लिम समाज का नहीं था वहीं पुलिस की पूंछताँछ में युवक ने अपना नाम सुरेश बताया है। युवक कहां का रहने वाला है इस वारे में वह सही पता नहीं बता पा रहा था। पुलिस के मुताबिक शुरुआती जांच में युवक मानसिक रूप से ग्रसित नजर आ रहा था, और शायद भटक कर गांव उपरोक्त कार्यक्रम में पहुंच गया।

थाना प्रभारी संजीव कुमार ने बताया कि पकड़े गए युवक से जानकारी की जा रही है, जिसके बाद ही सही तस्वीर सामने आ सकेगी।

# यातायात नियमों का पढ़ाया पाठ, छात्रों को किया जागरूक

- टीएसआई आफाक खान ने डेमो देकर समझाए सड़क सुरक्षा के नियम

**तिर्वा/कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

तिर्वा कस्बे के आर एस इंटर कॉलेज में यातायात जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। क्षेत्राधिकारी डॉ. प्रियंका बाजपेई के पर्यवेक्षण एवं यातायात निरीक्षक रवि शंकर त्रिपाठी के नेतृत्व में टीएसआई आफाक खान ने छात्र-छात्राओं को यातायात नियमों की जानकारी दी।

कार्यक्रम में सड़क पार करने के नियम, जेब्रा क्रॉसिंग, हेलमेट और सीट बेल्ट का महत्व, स्कूल वाहनों में सुरक्षा उपकरण तथा सड़क दुर्घटना में घायलों की मदद जैसे विषयों पर जानकारी दी गई। टीएसआई ने साइकिल चलाकर बच्चों को दाएं-बाएं मुड़ने के संकेतों का डेमो भी दिया। वहीं छोटे बच्चों के साथ सड़क पर सुरक्षित चलने के तरीके भी समझाए गए। कार्यक्रम के दौरान छात्र-छात्राओं से यातायात नियमों से जुड़े सवाल पूछे गए। सही जवाब देने पर नताशा, शोभा यादव, आराध्या यादव, नैंसी और अर्पित को उपहार देकर सम्मानित किया गया। प्रधानाचार्य अनिल यादव एवं शिक्षकों ने यातायात पुलिस की पहल की सराहना की। कार्यक्रम में आरक्षी दीपक यादव भी मौजूद रहे।

# प्रेमी से शादी की जिद में हाईटेंशन टावर पर चढ़ी किशोरी

**छिबरामऊ,कन्नौज समृद्धि न्यूज।**





कोतवाली क्षेत्र के अकबरपुर गांव अंतर्गत खुडावा के पास उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब एक किशोरी प्रेमी से शादी की जिद में करीब 100 फुट ऊंचे हाईटेंशन लाइन के टावर पर चढ़ गई। देखते ही देखते मौके पर ग्रामीणों की भारी भीड़ जमा हो गई और लोग मोबाइल से वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल करने लगे। जानकारी के अनुसार 16 वर्षीय किशोरी का गांव के ही एक युवक से प्रेम प्रसंग चल रहा था। दोनों अलग-अलग जातियों से होने के कारण शादी में परिवारों की सहमति नहीं बन पा रही थी। इसी बात से नाराज होकर किशोरी खेत में लगे हाईटेंशन टावर पर चढ़ गई और ऊपर बैठकर हंगामा करने लगी। घटना की सूचना मिलते ही कोतवाली पुलिस, सिकंदरपुर चौकी पुलिस, फायर ब्रिगेड और एंबुलेंस मौके पर पहुंच गई। करीब साढ़े तीन घंटे तक चले इस हाईवोल्टेज ड्रामे के दौरान पुलिस और परिजन लगातार किशोरी को समझाने का प्रयास करते रहे। सुरक्षा के मद्देनजर टावर के नीचे त्रिपाल भी तान दी गई थी। मौके पर पहुंचे सीओ सुरेश कुमार ने हालात संभाले। आखिरकार प्रेमी और परिजनों के समझाने पर किशोरी टावर से नीचे उतर आई, जिसके बाद पुलिस किशोरी और उसके प्रेमी को अपने साथ कोतवाली ले गई।

### अत्यंत खतरनाक है टावर पर चढ़ना

छिबरामऊ। 220 केवी बिजली घर के जेई अनिल कुमार ने बताया टावर पर चढ़ना अत्यंत खतरनाक है। यह लाइन 220 केवी बिजली घर से 132 केवी बिजली घर तालग्राम के लिए जाती है और इसमें 1 लाख 32 हजार वोल्ट का करंट बहता है।

# साहब! एमआरएफ सेन्टर की बजाय मेन सड़क किनारे डाला जा रहा कूड़ा

- सड़क किनारे लगे वन विभाग के पौधे हो रहें हैं नष्ट
- वन विभाग के अधिकारी बेख़बर

**समधन, समृद्धि न्यूज।**



वन विभाग के लाखों रूपए के हरे-भरे पौधे नष्ट हो रहें हैं। एमआरएफ सेंटर के बावजूद समधन नगर की मेन सड़क किनारे पश्चिमी स्वागत द्वार गेट के नजदीक नगर पंचायत समधन के मोहल्लें से निकलने बाला कूड़ा सड़क किनारे लगें पौधों के ऊपर डाला जा रहा है। स्वच्छ भारत अभियान की पोल खुलती जा रही है। एक ओर सरकार वृक्षारोपण के नाम पर लाखों-करोड़ों रुपए पानी की तरह बहा रही है, वहीं दूसरी ओर नगर पंचायत समधन की लापरवाही इन सरकारी प्रयासों को कचरे के ढेर में दफन कर रही है। इस तरफ वन विभाग के अधिकारियों को भनक भी नहीं लगी है जिससे पौधों को बचाया जा सके। एमआरएफ सेंटर होने के बावजूद सड़क किनारे कूड़ा फैला यह कूड़ा प्रशासन के दावों की पोल खोल रहा है।

समधन नगर की मुख्य सड़क पर इन दिनों विकास नहीं, बल्कि बदहाली का अंबार लगा है। वन विभाग ने लाखों रुपए खर्च कर सड़क के किनारे जो पौधे लगाए थे, ताकि पर्यावरण शुद्ध हो सके, आज वही पौधे नगर पंचायत की अनदेखी के कारण कचरे के नीचे दम तोड़ रहे हैं।

हैरानी की बात यह है कि नगर पंचायत समधन में कचरा निस्तारण के लिए बाकायदा एमआरएफ मटेरियल रिकवरी फैसिलिटी सेंटर बना हुआ है। इसके बावजूद, सफाई कर्मी कचरा लेकर सेंटर जाने के बजाय उसे मुख्य सड़क और पौधों के पास ही डंप कर रहे हैं। इससे न केवल जहरीली दुर्गंध फैल रही है, बल्कि राहगीरों का वहां से गुजरना मुहाल हो गया है।

?सड़क किनारे फैला यह कचरा न केवल बीमारी को दावत दे रहा है, बल्कि स्वच्छ भारत मिशन के दावों की धज्जियां भी उड़ा रहा है। जब इलाके में एमआरएफ सेंटर मौजूद है, तो फिर सड़क पर कूड़ा फेंकने की अनुमति किसने दी क्या अधिकारी केवल कागजों पर वृक्षारोपण कर अपनी जिम्मेदारी पूरी समझ लेते हैं अब देखना यह होगा कि इस रिपोर्ट के बाद क्या प्रशासन जागता है या ये पौधे कूड़े के ढेर में ही दफन हो जाएंगे।

# स्वजनगणना: प्रशासन ने की सहयोग की अपील

**गुरसहायगंज, कन्नौज समृद्धि न्यूज।**



नगर के गाँधी नगर स्थित मदन मोहन मालवीय इंटर कॉलेज मे जनगणना के साथ-साथ स्वगणना को लेकर भी लोगों में उत्साह और जागरूकता देखने को मिलीं है। विभिन्न सामाजिक संगठनों एवं जागरूक नागरिकों द्वारा परिवार एवं समाज से जुड़े आंकड़ों को सुरक्षित और व्यवस्थित रूप से संकलित करने का कार्य किया जा रहा है। स्वगणना से परिवारों को अपने वंश, सदस्यों की जानकारी, शिक्षा, रोजगार, मकान की स्थिति,एवं सामाजिक स्थिति सहित 30 सवालों का सही रिकॉर्ड रखने में सहायता मिलती है। इसके माध्यम से आने वाली पीढ़ियों को भी पारिवारिक इतिहास और सामाजिक पहचान से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त हो सकेगी। यह जानकारी फील्ड ट्रेनर सुनील सिंह ने दी। नगर पालिका परिषद प्रशासन एवं अधिशासी अधिकारी अनिल कुमार ने लोगों से अपील की है कि वह स्वजनगणना के दौरान सही एवं प्रमाणित जानकारी उपलब्ध कराएं, ताकि तैयार किया गया विवरण भविष्य में उपयोगी सिद्ध हो सके। साथ ही लोगों को यह भी बताया जा रहा है कि किसी भी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान न दें और आधिकारिक दिशा-निर्देशों का पालन करें। ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में कई स्थानों पर जागरूकता अभियान चलाकर लोगों को स्वजनगणना के महत्व के बारे में जानकारी दी जा रही है। सामाजिक कार्यकर्ताओं का मानना है कि यह पहल समाज को संगठित और जागरूक बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। बुधवार को जहाँ फील्ड ट्रेनर सुनील ने सहायक अध्यापक करतार सिंह यादव,अमीर हमजा,दुर्विजय, शिव सिंह यादव, विजय शंकर पाठक,रमेश चंद्र कुशवाहा,आलोक कुमार के अलावा कई लोग मौजूद रहे फील्ड ट्रेनर सुनील सिंह ने स्वजनगणना कैसे करें इस पर पूरी जानकारी दी और आसपास के लोगों को स्वगणना करने के टिप्स दिए।

## ई-लाटरी से किसानों का चयन, बीज व मिनीकिट वितरण प्रक्रिया पूरी

**कन्नौज।** वित्तीय वर्ष 2026-27 में कृषि विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत प्रमाणित एवं संकर बीज वितरण तथा नि:शुल्क मिनीकिट योजना के लाभार्थियों का चयन ई-लाटरी के माध्यम से किया गया। कलेक्ट्रेट गांधी सभागार में आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता अपर जिलाधिकारी (वि./रा.) देवेन्द्र सिंह ने की। ई-लाटरी प्रक्रिया के तहत संकर मक्का, बाजरा, ज्वार, मूंग, उड़द, अरहर, सामान्य धान, संकर धान, बासमती धान एवं ऊंचा धान समेत विभिन्न फसलों के बीजों के लिए लाभार्थियों का चयन किया गया। वहीं नि:शुल्क मिनीकिट योजना में मूंग, उड़द, अरहर, मूंगफली और तिल के बीज वितरण के लिए भी किसानों का चयन हुआ। उप कृषि निदेशक सन्तोष कुमार ने बताया कि जिन विकासखंडों में आवेदन संख्या लक्ष्य से अधिक रही।

# आर्मी पब्लिक स्कूल इंटरमीडिएट परीक्षा में छात्राओं ने मारी बाजी



आर्मी स्कूल की मेधावी छात्रायें आर्याअत्री व सुनिधि विद्यालय स्टाफ

### शत-प्रतिशत परिणाम के साथ विद्यालय के सभी विद्यार्थी हुए उत्तीर्ण

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

आर्मी पब्लिक स्कूल सीबीएसई बोर्ड इंटर मीडिएट का परीक्षा परिणाम उत्कृष्ट रहा। छात्र-छात्राओं ने अपना अच्छा प्रदर्शन किया। विद्यालय में आर्या अत्री ने 97.4 प्रतिशत अंक पाकर विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं सुनिधि सिंह ने 95.2 प्रतिशत अंक पाकर द्वितीय स्थान पर रही। काजल भदौरिया ने 94.4 प्रतिशत अंक के साथ तृतीय स्थान पर रही। सामाज्ञा शुक्ला 93.4 प्रतिशत अंक के साथ चौथे स्थान पर रही। दीपिका 93.8 प्रतिशत अंक के साथ पांचवां स्थान प्राप्त किया। उतपाल सिंह ने 93.2 प्रतिशत अंक के साथ छठा स्थान प्राप्त किया। सांतवें स्थान पर 92.2 प्रतिशत अंक के साथ अनन्या रही। वहीं विद्यालय की साक्षी शुक्ला ने 91.8 प्रतिशत अंक पाकर आठवां स्थान प्राप्त किया। साथ ही केएम एंजिल ने 91.4 प्रतिशत के साथ नवां स्थान प्राप्त किया। दसवें स्थान पर विद्यालय की पलक ने 91.2 प्रतिशत अंक प्राप्त किये। 11वें स्थान पर 91 प्रतिशत अंक के साथ अक्षिता रही। अक्षय कुमार ने 91 प्रतिशत अंक पाकर विद्यालय में 11वां स्थान प्राप्त किया। विद्यालय के प्रताप सिंह ने 90.8 प्रतिशत अंक व समृद्धि सिंह ने 90 प्रतिशत अंक प्राप्त किये। प्रधानाचार्य व सभी शिक्षकों ने मेधावी विद्यार्थियों को उत्तीर्ण होने पर बधाई दी। परिजनों ने भी मिठाई खिलाकर शुभकामनायें दी।

### विजय यादव की पुत्री ने विद्यालय में प्रथम व जिले में पाया दूसरा स्थान

**फर्रुखाबाद।** आर्मी पब्लिक स्कूल 12वीं की छात्रा ने विद्यालय में प्रथम व जनपद में दूसरा स्थान प्राप्त कर परिजनों व विद्यालय का नाम रोशन करने वाली छात्रा को परिजनों के अलावा इष्ट मित्रों ने शुभकामनायें दी। बताते चले कि समाजवादी पार्टी के पूर्व महानगर अध्यक्ष विजय यादव की पुत्री आर्याअत्री जो की आर्मी पब्लिक स्कूल की 12वीं की परीक्षा में 97.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान व जिले में द्वितीय स्थान प्राप्त किया है। इस पर विद्यालय ने छात्रा के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए बधाई दी। वहीं पुत्री की सफलता पर पिता विजय यादव व शिक्षा विभाग में कार्यरत मां ऋचा यादव ने हर्ष व्यक्त किया।

# बीडीओ ने सचिवों के साथ बैठककर की विकास कार्यों की समीक्षा

### कार्य पूर्ण न होने पर वेतन रोकने की दी चेतावनी

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।**

विकासखंड अधिकारी ने ग्राम पंचायत के सचिवों के साथ बैठक कर विकास कार्यों की समीक्षा की। समीक्षा के दौरान सरकारी कार्य पूर्ण न करने पर वेतन रोकने की चेतावनी दी।

विकासखंड कार्यालय के परिसर में विकास खंड अधिकारी अमरेश चौहान ने ग्राम पंचायत के सचिवों की बैठक बुलाई। जिसमें सभी कर्मचारियों से अपने-अपने क्षेत्र में रहकर विकास कार्यों के गति देने की बात कही। जिसमें फैमिली आईडी, फार्मर रजिस्ट्री पर अधिक जोर दिया गया। विकास खंड अधिकारी अमरेश चौहान ने बताया कि जिन कर्मचारियों के क्षेत्र में फार्मर रजिस्ट्री की गति मिलेगी, उनका वेतन रोकने की कार्यवाही की जाएगी। बीडीओ के सख्त तेवर देख कर्मचारियों में हड़कंप मच गया। उन्होंने कूड़ा कलेक्शन शुल्क समय पर जमा करवाने के निर्देश दिए। सामुदायिक शौचालय, गांव में सफाई व्यवस्था आदि पर विचार विमर्श किया। वहीं मुख्यमंत्री व प्रधानमंत्री आवास योगजना को गति देने की बात कही। ग्राम पंचायत में लाभार्थियों के जॉब कार्ड बनवाने के लिए एपीओ मनरेगा गौरव दिवाकर को निर्देश दिए। इस मौके पर विकासखंड अधिकारी अमरेश चौहान, एडीओ पंचायत किशन पाल सिंह, एडीओ समाज कल्याण अंकुश कटियार, ग्राम विकास अधिकारी पंचायत सचिव प्रमोद शुक्ला, अनुपम बाजपेई, बृजेश कुमार, अरविंद कुमार, प्रवीण कुमार, कामता प्रसाद पटेल, वेद प्रकाश, सुनील कुमार, आकांक्षा सक्सेना, मोतीलाल यादव, कुलदीप राजपूत मौजूद रहे।



बैठक लेते बीडीओ

# पुलिस ने अभियान चलाकर 350 वाहनों का किया चालान



टेंपो की सीटे कटवाती यातायात पुलिस

### नौ वाहन सीज, टेंपो व थ्री-व्हीलर की कटवायी अवैध सीटें

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में जनपद यातायात प्रभारी द्वारा नगर में वाहन चेंकिग अभियान के दौरान अवैध रूप से मॉडिफाई किए गए और क्षमता से अधिक सवारी ढोने वाले थ्री-व्हीलर टेंपो में लगाई गई अतिरिक्त सीटों को कटवाकर अलग करवाया गया तथा अवैध बदलाव करने वाले और ओवरलोडिंग करने वाले टेंपो/ऑटो चालकों को सख्त चेतावनी देकर निर्धारित सीटों के अनुसार ही सवारी बैठाने की हिदायत दी गई।

अभियान के दौरान 350 वाहनों का चालान किया गया और 9 वाहनों को सीज किया गया।



मौके पर मौजूद भीड़

## संदिग्ध परिस्थितियों में लटका मिला महिला का शव

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** संदिग्ध परिस्थितियों में महिला ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। परिजनों ने पुलिस को सूचना दिये बगैर ही शव का अंतिम संस्कार कर दिया। जानकारी के अनुसार कोतवाली क्षेत्र के ग्राम दत्तू नगला निवासी तारावती उम्र 35 वर्षीय पत्नी वीरपाल का शव घर के अन्दर लेन्टर के कुन्डे पर लटका मिला। जिससे परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना पर मायके पक्ष के लोग भी पहुंच गये और दोनों पक्षों की सहमति पर ही बिना पुलिस को सूचना दिये शव का अंतिम संस्कार कर दिया गया। मृतका तारावती का विवाह लगभग 15 वर्ष पूर्व हुआ था। मृतका अपने पीछे दो बच्चे श्रद्धा उम्र 12 वर्ष, रचित 7 वर्ष को छोड़ गई। प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार शुक्ला ने बताया कि उन्हें इस संदर्भ में कोई जानकारी नहीं है।

# भागवत कथा में श्रोताओं ने श्रीकृष्ण रुक्मिणी विवाह की सुनीं कथा

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।**

नगर पंचायत क्षेत्र के वार्ड नंबर 16 के गांव में चल रही श्रीमद् भागवत कथा के आखिरी दिन रुक्मिणी विवाह के प्रसंग की लीला का वर्णन हुआ। शिकोहाबाद से आयी शास्त्री नीलम यादव ने रुक्मिणी विवाह के प्रसंग की लीला सुनाई। ग्राम नगला बारग में विनोद यादव के आवास पर सामूहिक रूप से श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन चल रहा है।

शास्त्री नीलम यादव ने कहा कि रुक्मिणी विवाह भगवान श्रीकृष्ण की सबसे सुंदर और मधुर लीलाओं में से एक है, जो प्रेम और समर्पण की विजय का प्रतीक है। विदर्भ की राजकुमारी रुक्मिणी श्रीकृष्ण से अनन्य प्रेम करती थीं, लेकिन उनके भाई रुक्मी ने शिशुपाल से उनका विवाह तय कर दिया। रुक्मिणी ने श्रीकृष्ण को एक प्रेम पत्र संदेश भिजवाया। जिसके बाद द्वारकाधीश ने युद्ध में शिशुपाल व जरासंध को हराकर रुक्मिणी का हरण किया और विधिपूर्वक विवाह किया। रुक्मिणी विवाह की कथा सुन श्रोता झूम उठे। परीक्षित विनोद कुमार यादव व परीक्षित स्नेह लता यादव के रुप में मौजूद रही। जिसमें क्षेत्र के ग्राम जाफर नगर, नगला जोधा, जोगापुर, जानकीपुर, दुर्गा नगला, बरतल सहित कई गांव के भक्तगण मौजूद रहे। इस दौरान विनोद कुमार यादव, स्नेह लता यादव, साधो सिंह यादव, उदयवीर यादव, जयवीर यादव, पंकज यादव, राजेश कुमार, रिशिपाल यादव, जयपाल यादव, जगराम सिंह यादव, चंद्रपाल सिंह यादव, नाहर सिंह यादव, अमर सिंह यादव, जितेंद्र यादव, अनिल कुमार आदि मौजूद रहे।



कथाव्यास को कृष्ण राधा का चित्र देते भक्त

# एक चमचा दूध व दो रोटी ज्यादा मांगने पर की छात्र की पिटाई

### प्रधानाध्यापक पर लगाये गंभीर आरोप, बीएसए ने जांच के दिये आदेश

**फर्रुखाबाद/अमृतपुर, समृद्धि न्यूज।**

थाना क्षेत्र के गांव आसमपुर स्थित प्राथमिक विद्यालय में मानवता को शर्मसार करने वाला मामला सामने आया है। विद्यालय में पढ़ने वाले कक्षा 3 के अनाथ छात्र कृष्ण के साथ कथित मारपीट और अभद्र व्यवहार को लेकर ग्रामीणों में भारी आक्रोश व्याप्त है। आरोप है कि भूख अधिक लगने पर छात्र ने मिड.-डे मील के दौरान एक चमचा दूध और दो रोटी अतिरिक्त मांग ली। जिससे नाराज प्रधानाध्यापक नीलम ने उसकी पिटाई कर दी। ग्रामीणों के अनुसार विद्यालय में करीब 70 बच्चों के लिए मात्र लगभग 2 लीटर दूध तैयार किया गया था। इसी दौरान भूख से परेशान अनाथ छात्र कृष्ण ने मासूमियत से थोड़ा और दूध देने की बात कही। आरोप है कि इसी बात पर प्रधानाध्यापक भड़क गई और छात्र को डांटते हुए उसके साथ मारपीट की गई। घटना के बाद बच्चा सहम गया और रोते हुए घर पहुंचा। मामले की जानकारी मिलने पर एआरपी मयंक दुबे भी विद्यालय पहुंचे। आरोप है कि उन्होंने पीड़ित बच्चे की दादी को ही फटकार लगा दी और प्रधानाध्यापक से कहा कि विद्यालय के गेट पर ताला डालकर रखा जाए तथा किसी भी बच्चे को बाहर न जाने दिया जाए। ग्रामीणों का आरोप है कि पूरे मामले को दबाने का प्रयास किया गया। सबसे गंभीर आरोप यह भी है कि पीड़ित छात्र को विद्यालय में भोजन तक नहीं दिया गया, जबकि वह अनाथ और बेहद गरीब परिवार से है। घटना के बाद गांव में शिक्षा व्यवस्था और मिड-डे मील की गुणवत्ता को लेकर लोगों में भारी नाराजगी है। ग्रामीणों का कहना है कि सरकार बच्चों को पौष्टिक आहार और बेहतर शिक्षा देने के बड़े-बड़े दावे करती है, लेकिन जमीनी स्तर पर मिड-डे मील में भ्रष्टाचार और लापरवाही का खेल जारी है। पीड़ित पक्ष ने थाना अमृतपुर पहुंचकर मामले में तहरीर दी है। थाना अध्यक्ष इन्द्रजीत सिंह ने बताया कि तहरीर प्राप्त हो गई है और मामले में आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। वहीं जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी विश्वनाथ प्रताप सिंह ने बताया कि मामला संज्ञान में आया है। खंड शिक्षा अधिकारी को मौके पर भेजकर पूरे प्रकरण की जांच कराई जाएगी। यदि जांच में आरोप सही पाए जाते हैं तो संबंधित के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। घटना के बाद गांव में रोष का माहौल बना हुआ है। ग्रामीणों का कहना है कि जिस विद्यालय में बच्चों को ममता, शिक्षा और संस्कार मिलने चाहिए, वहां एक भूखे अनाथ बच्चे के साथ इस तरह का व्यवहार बेहद दुर्भाग्यपूर्ण और अमानवीय है।



जानकारी देती पीड़ित छात्र की दादी

# समय पर भी नहीं खुलता विद्यालय, बच्चे बाहर बैठकर करते इंतजार

### ग्रामीणों ने रोष जताकर कार्यवाही की मांग

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।**

शिक्षा विभाग के शिक्षकगण अब अपनी मन मर्जी पर उतारु हो गये है। जिससे शिक्षा व्यवस्था चौपट सी हो गयी है। बुधवार को छोटे-छोटे बच्चे स्कूल पहुंच गये, लेकिन विद्यालय का गेट तक नहीं खुला। मास्टर साहब अपने समय से पहुंचते ही नहीं है, जिससे बच्चों को काफी देर तक इंतजार करना पड़ता है।

विकास खंड क्षेत्र में शिक्षा व्यवस्था बेपटरी हो गयी है। जब से बेसिक शिक्षा अधिकारी ने फरमान जारी किया है कि कोई भी पत्रकार बिना अनुमति के विद्यालय में नहीं जा सकता है, तब से शिक्षा व्यवस्था और भी बेलगाम हो गई। जिसका जीता जागता उदाहरण नगर पंचायत क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय नगला हीरा सिंह में देखने को मिला। जहां शिक्षा व्यवस्था के फरमान में पढ़ाई अब 7 बजे से 12:30 बजे तक होती है। वहीं 8:30 बजे तक विद्यालय में कोई भी शिक्षक नहीं आया और बच्चे बाहर गेट पर बैठकर अपने शिक्षकों का इंतजार कर रहे थे। जिस पर नगला हीरा सिंह निवासी डॉ0 नरवीर सहित अन्य ग्रामीणों ने काफी रोष व्यक्त किया और शिक्षा व्यवस्था पर चिंता जताई।



स्कूल के बाहर बैठे बच्चे

## इंटरमीडिएट में राजपूताना पब्लिक स्कूल का शानदार रहा प्रदर्शन

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** सीबीएसई कक्षा 12 बोर्ड परीक्षा परिणाम घोषित होते ही जिले में खुशी की लहर दौड़ गई। जहानगंज रोड, बघार स्थित राजपूताना पब्लिक स्कूल ने इस वर्ष उत्कृष्ट परिणाम प्राप्त कर जिले में अपनी अलग पहचान बनाई है। विद्यालय के छात्र कनिष्क चौहान ने 97.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर जनपद में तीसरा स्थान हासिल किया। छात्र की इस उपलब्धि से विद्यालय परिवार एवं अभिभावकों में हर्ष का माहौल है। विद्यालय से इस वर्ष कक्षा 12 बोर्ड परीक्षा में कुल 98 छात्र-छात्राएं सम्मिलित हुए थे। सभी विद्यार्थियों ने संतोषजनक एवं उत्कृष्ट अंक प्राप्त कर विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया। विद्यालय प्रबंधन के अनुसार अधिकांश विद्यार्थियों ने अच्छे प्रतिशत के साथ परीक्षा उत्तीर्ण की है। विद्यालय के प्रबंधक संदीप सिंह राठौर एवं प्रधानाचार्य हिरदेश कुमार सिंह एवं शिक्षकों ने विद्यार्थियों की सफलता का श्रेय उनकी मेहनत, अभिभावकों के सहयोग तथा शिक्षकों के मार्गदर्शन को दिया। इस अवसर पर विद्यालय परिसर में मिठाई वितरित कर विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दी गईं। विद्यालय प्रबंधन ने कहा कि भविष्य में भी छात्रों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा एवं बेहतर मार्गदर्शन प्रदान किया जाता रहेगा, जिससे वे शिक्षा के क्षेत्र में नई ऊंचाइयों को प्राप्त कर सकें।

## दो ब्लॉक मिशन मैनेजर की सेवा समाप्ति का पत्र आते ही मचा हड़कंप

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** बीते दिनों जिला विकास अधिकारी ने विकास खण्ड का निरीक्षण किया था। निरीक्षण के दौरान कई पटलों की स्थिति सही नहीं पायी गई थी। सूत्रों की माने तो दो संविदा कर्मचारियों की सेवा समाप्ति का पत्र विकास खण्ड कार्यालय को प्राप्त हो गया है। जिससे कर्मचारियों में हड़कंप मच गया।
विकासखंड कार्यालय का बीते 1 सप्ताह पूर्व जिला विकास अधिकारी श्याम कुमार तिवारी ने निरीक्षण किया था। लगभग दो घंटे तक चल निरीक्षण की कार्रवाई में सभी के अलग-अलग पटल पर जाकर निरीक्षण कर कार्यों के प्रगति के बारे में जानकारी की थी। विकास कार्यों में कई पटल पर विकासखंड कार्यालय की स्थिति सही नहीं पाई गई थी और एनआरएलएम विभाग में बहुत बड़ी खामियां मिली थी। जिस पर जिला विकास अधिकारी श्याम कुमार तिवारी ने उसी दिन कर्मचारियों के कार्य प्रगति पर सवालिया निशान लगा दिए थे। जिसमें एनआरएलएम के तीन ऑन ब्लॉक मिशन मैनेजर से गहरी नाराजगी जताई थी और सेवा समाप्त करने की बात कही थी। एनआरएलएम की समीक्षा बैठक में जिला विकास अधिकारी ने जब समीक्षा की तो समूह जोड़ने के लिए 15000 का लक्ष्य दिया गया था, लेकिन तीनों ब्लॉक मिशन मैनेजर 50-50 लक्ष्य जोड़ने की ही कार्य प्रगति के बारे में बताया था। जिस पर जिला विकास अधिकारी का पारा चढ़ गया था और तीनों ब्लॉक मिशन मैनेजर को खरी खोटी सुनाई थी। उन्होंने उच्च अधिकारियों को रिपोर्ट भेज कर करवाई की बात कही थी। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार दो ब्लॉक मिशन मैनेजर की सेवा समाप्ति का पत्र विकासखंड कार्यालय को प्राप्त हो गया। जिससे विकासखंड कार्यालय पर हलचल मच गई।

# माता जीवन की प्रथम गुरु एवं संस्कारों की आधारशिला होती: डीएम

### सीपी इंटरनेशनल स्कूल में मातृ दिवस समारोह का हुआ आयोजन

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

सीपी इंटरनेशनल स्कूल में मातृ दिवस पर सांस्कृतिक एवं भावनात्मक समारोह का आयोजन किया गया। विद्यार्थियों की मनोहारी एवं भावपूर्ण प्रस्तुतियों ने उपस्थित अभिभावकों एवं अतिथियों को भावविभोर कर दिया। विद्यालय परिसर मातृत्व, प्रेम, सम्मान एवं स्नेह की भावनाओं से अनुप्राणित दिखाई दिया। शुभारंभ मुख्य अतिथि जिलाधिकारी डॉ. अंकुर लाठर एवं विद्यालय प्रबंधन द्वारा दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ। विद्यालय परिवार ने मुख्य अतिथि का पुष्पगुच्छ एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर स्वागत किया। सरस्वती वंदना नृत्य ने वातावरण को भक्तिमय बना दिया। वहीं लिटिल स्टार के नन्हे विद्यार्थियों की माताओं को समर्पित प्रस्तुति ने सभी का हृदय जीत लिया। हमारी दूसरी माताओं को समर्पित प्रस्तुति के माध्यम से शिक्षिकाओं के प्रति सम्मान व्यक्त किया गया।

डीएम ने कहा कि माता जीवन की प्रथम गुरु एवं संस्कारों की आधारशिला होती हैं। ऐसे आयोजन भारतीय संस्कृति एवं पारिवारिक मूल्यों को सुदृढ़ करते हैं। निदेशक डॉ. मिथिलेश अग्रवाल ने मातृ शक्ति को समाज एवं परिवार की आत्मा बताते हुए विद्यालय द्वारा नैतिक एवं सांस्कृतिक मूल्यों के संवर्धन के लिए किए जा रहे प्रयासों पर प्रकाश डाला। मैनेजिंग डायरेक्टर ज्योत्सना अग्रवाल ने कहा कि मां का प्रेम संसार का सबसे पवित्र एवं निस्वार्थ उपहार है।

निदेशक अंजू राजे ने विद्यालय में संस्कार एवं मानवीय मूल्यों को सर्वोच्च प्राथमिकता दिए जाने की बात कही। प्रधानाचार्य डॉ. पी. रथ ने विद्यार्थियों की प्रस्तुतियों की सराहना करते हुए मां के त्याग एवं समर्पण को अतुलनीय बताया। उपप्रधानाचार्य नवीन शाक्य ने सांस्कृतिक गतिविधियों को व्यक्तित्व विकास एवं भारतीय संस्कृति से जुड़ाव का महत्वपूर्ण माध्यम बताया।



कार्यक्रम को संबोधित करती डीएम

## जिला पूर्ति अधिकारी ने रस्टोरेंट पर मारा छापा, दो सिलेंडर बरामद



रेस्टोरेंट पर छापेमारी करते अधिकारी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** जिला पूर्ति अधिकारी के निर्देश पर फतेहगढ़ एलआईसी तिराहा स्थित देव रस्टोरेंट का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान रस्टोरेंट किचन में व्यवसायिक सिलेंडर खाली व घरेलू सिलेंडर उपयोग में पाया गया। जिससे रस्टोरेंट में खाना, नाश्ता का कार्य किया जा रहा था। रस्टोरेंट कर्मचारी सुबोध कुमार द्वारा सिलेंडर से संबंधित कोई पासबुक उपलब्ध नहीं करायी गई। कर्मचारी द्वारा बताया गया कि 15-20 लोगों के खाने का आर्डर है। जिसके कारण मैंने घर का सिलेंडर निकालकर आर्डर पर खाना तैयार कर रहा था। इस दौरान घर का भी निरीक्षण किया गया। जहां मौके पर एक सिलेंडर कमरे में रखा पाया गया। प्रबंधक/संचालक द्वारा घरेलू गैस सिलेंडर का उपयोग व्यवसाय के लिए किया जा रहा था। अधिकारी ने दोनों गैस सिलेंडरों को कब्जे में ले लिया।

# श्रीमद्भागवत कथा ने पाया विराम, भंडारे में उमड़े श्रद्धालु

**कंपिल, समृद्धि न्यूज।**

नगर कंपिल के प्राचीन एवं ऐतिहासिक कालेश्वर नाथ मंदिर में आयोजित सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा का बुधवार को श्रद्धा, भक्ति और वैदिक रीति-रिवाजों के साथ विराम हो गया। कथा के अंतिम दिन मंदिर परिसर पूरी तरह भक्तिमय वातावरण में डूबा नजर आया। सुबह से ही श्रद्धालुओं की भारी भीड़ मंदिर पहुंचने लगी थी। समापन अवसर पर विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें नगर एवं आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से हजारों श्रद्धालुओं ने पहुंचकर प्रसाद ग्रहण किया। कार्यक्रम की शुरुआत बुधवार प्रातः हवन.पूजन से हुई। विद्वान आचार्यों द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के बीच विधि विधान से धार्मिक अनुष्ठान संपन्न कराए गए। हवन में मौजूद श्रद्धालुओं ने आहुति देकर परिवार की सुख-समृद्धि एवं क्षेत्र में शांति की कामना की। मंत्रोच्चार और शंखध्वनि से पूरा मंदिर परिसर भक्तिमय हो उठा।

इसके बाद दोपहर में विशाल भंडारे का शुभारंभ किया गया। परंपरा के अनुसार सबसे पहले क्षेत्र एवं आसपास के मंदिरों से पहुंचे पुजारियों, संत-महात्माओं तथा गांव की कन्याओं को श्रद्धापूर्वक प्रसाद ग्रहण कराया गया। आयोजकों द्वारा उन्हें दक्षिणा एवं सम्मान भी प्रदान किया गया। इसके उपरांत श्रद्धालुओं के लिए भंडारा शुरू हुआ। जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने पंक्तिबद्ध होकर प्रसाद ग्रहण किया। देर शाम तक भंडारे का सिलसिला चलता रहा। सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन कालेश्वर नाथ मंदिर के महंत सत्यगिरी महाराज के सानिध्य में संपन्न कराया गया। कथा में परीक्षित के रूप में महा नन्द महाराज उपस्थित रहे, जबकि कथा वाचन आचार्य प्रभात त्रिपाठी जी महाराज द्वारा किया गया। कथा के दौरान भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं, गोवर्धन पूजा, रासलीला एवं धर्म और भक्ति से जुड़े प्रसंगों का सुंदर वर्णन किया गया, जिसे सुन श्रद्धालु भाव-विभोर हो उठे। कथा के अंतिम दिन श्रद्धालुओं ने भगवान की आरती कर क्षेत्र की खुशहाली की कामना की। आयोजन समिति के सदस्यों एवं ग्रामवासियों ने पूरे कार्यक्रम को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

मंदिर परिसर को आकर्षक ढंग से सजाया गया था और पूरे आयोजन के दौरान भक्तों में विशेष उत्साह देखने को मिला। इस अवसर पर सुमित श्रीवास्तव, अनिल सैनी, श्यामा शाक्य, सुरेंद्र सैनी, राम प्रकाश शाक्य, हलवाई वीरेंद्र श्रीवास्तव, करू श्रीवास्तव, सौरभ मिश्रा, डब्बू गुप्ता, विकास शाक्य, चन्दन सैनी, पुनीत, देवेंद्र शर्मा, सुरेंद्र सैनी, दुर्वेश शाक्य आदि लोग सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु, क्षेत्रवासी एवं धर्मप्रेमी मौजूद रहे।



भण्डारे में प्रसाद ग्रहण करते भक्तगण

## शादी में विवाद होने पर युवक का संदिग्ध अवस्था में लटका मिला शव

**मोहम्मदाबाद, समृद्धि न्यूज।**

कोतवाली क्षेत्र के ग्राम कन्हू पट्टिया में बुधवार को एक 32 वर्षीय युवक का शव संदिग्ध परिस्थितियों में मकान के बाहरी कमरे में फांसी के फंदे पर लटका मिलने से गांव में सनसनी फैल गई। सूचना पर पीआरबी, थाना पुलिस, फॉरेंसिक टीम तथा क्षेत्राधिकारी मौके पर पहुंचे। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

जानकारी के अनुसार ग्राम कन्हू पट्टिया निवासी स्वर्गीय जवाहरलाल के पुत्र सुरजीत 32 की रिश्तेदारी में मंगलवार को आई बारात की विदाई के दौरान विवाद हो गया। बताया गया कि जनपद मैनपुरी के भोगांव थाना क्षेत्र के ग्राम नगला लाहुक से दिनेश राजपूत की पुत्री प्रिया उर्फसपना की बारात गांव आई थी। बुधवार सुबह विदाई के बाद लोडर वाहन से दहेज का सामान भेजा जा रहा था। इसी दौरान रिश्तेदारों द्वारा रंग लगाने की बात कही गई।आरोप है कि सुरजीत ने घर में रखा काला मोबिल ऑयल बारातियों की ओर फेंक दिया, जिससे कुछ तेल सामान व कुछ लोगों पर गिर गया। इसी बात को लेकर विवाद हो गया। परिजनों का आरोप है कि विवाद की सूचना पर कुछ लोग एक राय होकर पहुंचे और घर में घुसकर सुरजीत के साथ मारपीट की। साथ ही महिलाओं के साथ भी अभद्रता एवं मारपीट की गई। आरोप है कि इसके बाद घर का गेट बाहर से बंद कर दिया गया। मामले की सूचना पर पहुंची डायल 112 पुलिस के साथ भी कथित रूप से अभद्रता की गई। जिसके बाद अतिरिक्त पुलिस बल मौके पर पहुंचा। पुलिस द्वारा गेट खुलवाए जाने पर सुरजीत का शव कमरे में छत के कुंडे से अंगोछे के सहारे लटका मिला। घटना की जानकारी मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। मौके पर पहुंचे क्षेत्राधिकारी अजय वर्मा ने फॉरेंसिक टीम को बुलाकर घटनास्थल से साक्ष्य एकत्र कराए। मृतक तीन भाइयों में सबसे बड़ा बताया गया है। वह अपने पीछे पत्नी नारायणी देवी, दो पुत्र लव 6 वर्ष, कुश 4 वर्ष तथा पुत्री अनन्या 2 वर्ष को छोड़ गया है। घटना के बाद माता रानी देवी समेत परिवार के लोगों का रो-रोकर बुरा हाल है। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक मदन मोहन चतुर्वेदी ने बताया कि शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। अभी तक परिजनों की ओर से कोई तहरीर प्राप्त नहीं हुई है। तहरीर मिलने पर विधिक कार्रवाई की जाएगी।

# सीपी इंटरनेशनल स्कूल के शुभ गंगवार ने जनपद में पाया प्रथम स्थान

**कक्षा 12 के परीक्षा परिणाम में विद्यालय ने रचा सफलता का नया इतिहास**



जिला टॉपर शुभ गंगवार अपने माता-पिता के साथ



विद्यालय में शिक्षकों के साथ मेधावी विद्यार्थी

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) द्वारा घोषित कक्षा 12 के परीक्षा परिणाम में सीपी इंटरनेशनल स्कूल के विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया। विद्यालय का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा। जिससे विद्यालय परिसर में हर्ष, उल्लास एवं उत्सव का वातावरण व्याप्त हो गया।

विद्यालय के मेधावी छात्र शुभ गंगवार सुपुत्र अमित गंगवार ने 98.40 प्रतिशत अंक प्राप्त कर जनपद में प्रथम स्थान अर्जित किया। शुभ की इस ऐतिहासिक उपलब्धि से विद्यालय परिवार, अभिभावकों एवं क्षेत्रवासियों में अत्यंत हर्ष एवं गौरव का वातावरण है। उनकी इस असाधारण सफलता ने विद्यालय को जिले में नई पहचान दिलाई है। विद्यालय प्रबंधन ने शुभ गंगवार को मिठाई खिलाकर एवं पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मानित किया। सहपाठियों एवं शिक्षकों ने भी उनकी इस शानदार उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ दीं। अन्य विद्यार्थियों ने भी उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विद्यालय का नाम रोशन किया। उत्कृष्ट अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों में शुभ गंगवार 98.40 प्रतिशत के साथ प्रथम स्थान पर रहे। श्रेया मुखर्जी 97.00 प्रतिशत, अनन्या यादव 95.00 प्रतिशत, चिराग दुबे 94.40 प्रतिशत, अनन्या पांडेय 93.00 प्रतिशत, कुनाल गुप्ता 92.00 प्रतिशत, मोहम्मद रज़ा खान 91.80 प्रतिशत, छवि सिंह 90.80 प्रतिशत, अनुष्का शाक्य 90.80 प्रतिशत, नीलाक्षी गंगवार 90.20 प्रतिशत, अविचल गोयल 89.00 प्रतिशत, आयुष मिश्रा 88.60 प्रतिशत, शिवी राजपूत 88.40 प्रतिशत, आरुष यादव 88.40 प्रतिशत, सलोनी यादव 88.20 प्रतिशत, कौशिकी रस्तोगी 87.80 प्रतिशत, यश कुमार 86.40 प्रतिशत, रौनक भट्ट 86.20 प्रतिशत, मोहम्मद सहीम खान 86.00 प्रतिशत, आराध्या 85.60 प्रतिशत, ईशा शुक्ला 85.60 प्रतिशत के नाम शामिल रहे। इसके अतिरिक्त 47 विद्यार्थियों ने 80 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त कर विद्यालय का गौरव बढ़ाया। निर्देशिका मिथलेश अग्रवाल, उपनिदेशिका अंजू राजे, प्रबंध निदेशक ज्योत्सना अग्रवाल, प्रधानाचार्य डॉ. पी. रथ, उपप्रधानाचार्य नवीन शाक्य ने शुभ गंगवार सहित सभी मेधावी छात्र-छात्राओं के उत्तीर्ण होने पर बधाई दी। इस मौके पर विद्यालय के शिक्षक नरेश कुमार, अतुल श्रीवास्तव, पूरन श्रीवास्तव, शिवानी मिश्रा, सीके कटियार, जयशंकर सोनी, उत्तम कुमार, शैला खालिद, शिवा सिंह, ज्योति प्रधान, संगीता सारस्वत, संजीव द्विवेदी, देवानंद राजपूत ने भी बधाई दी।

## अग्निशमन तथा आपात सेवा हेतु सप्ताहिक मार्कड्रिल का हुआ आयोजन



मार्कड्रिल करते कर्मी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** अग्निशमन तथा आपात सेवा हेतु सप्ताहिक मॉकड्रिल का आयोजन किया गया। जिसमें आपदा से घबरायें नहीं, तैयार रहे, सुरक्षित रहे की जानकारियां दी गई। महानिदेशक यूपीएफ/ईएस के आदेशानुसार एवं सीएफओ एवं एफएसएसओ प्रांशु अवस्थी के निर्देशन में अग्निशमन केंद्र फतेहगढ़ पर साप्ताहिक फायर ड्रिल के क्रम में फायर टेन्डर में रखे उपकरणों की जानकारी एवं साफ-सफाई तथा पम्प चलाने की जानकारी दी गयी। साथ ही आग लगने की स्थिति में सुरक्षा उपाय, अग्निशमन यंत्रों के सही उपयोग तथा साफ-सफाई पंप को चलाने और उसके संचालन की विधि के बारे में व्यावहारिक प्रशिक्षण भी प्रदान किया गया।

# सर्किल रेट बढ़ना किसानों की बड़ी जीतः अजय कटियार

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।



प्रदर्शन के दौरान मौजूद किसान नेता

भारतीय किसान यूनियन टिकैत संगठन के जिलाध्यक्ष सहित पदाधिकारियों ने जिला अधिकारी से मुलाकात कर छः सूत्रीय मांग पत्र सौंपा। जिला अधिकारी ने सभी मांगो को जल्द ही पूरा करने का आश्वासन दिया।

जिलाध्यक्ष अजय कटियार ने कहा कि किसी भी योजना में सर्किल रेट बढ़ना किसानों के लिए हित में होता है, लिंक एक्सप्रेसवे में जा रही जमीनों के सर्किल रेट बढ़ना किसानों की ऐतिहासिक जीत है। किसानों का लगभग 3 से 4 सौ करोड़ तक रूपये बढ़ाए गए। लिंक एक्सप्रेसवे में जा रही जमीनों के लिए पिछले एक वर्ष से संगठन ने लगभग 190 बैठके की। जिसमें हथियापुर की महापंचायत में राष्ट्रीय प्रवक्ता चौ0 राकेश टिकैत सहित जिले से बीस हजार के लगभग किसान पहुंचे थे। लिंक एक्सप्रेसवे की लड़ाई में राष्ट्रीय महासचिव राजवीर सिंह जादौन, प्रदेश अध्यक्ष राजपाल शर्मा, पश्चिमी उत्तर प्रदेश अध्यक्ष बिजेंद्र सिंह यादव, प्रदेश उपाध्यक्ष शमीम सिद्दीकी, बुंदेलखंड जोनल अध्यक्ष बैजनाथ अवस्थी, कानपुर मंडल अध्यक्ष रवी प्रताप सिंह सहित आस पास के जनपदों के जिला अध्यक्षों ने भी मददत की। उन्होंने कहा कि बराकेशव की चकबंदी किसानों के साथ समन्वय एवं वोटिंग के आधार पर ही होगी। प्रशासन वोटिंग प्रतिशत देख ले और चकबंदी ना चाहने वालों की जीत हुई थी। उसी आधार पर चकबंदी नहीं होगी। इस अवसर पर प्रदेश उपाध्यक्ष अरविंद शाक्य, कृष्ण गोपाल मिश्रा, ब्रजेश गंगवार, संजीव सोमवंशी, अभय यादव, अरविंद गंगवार, सुशील दीक्षित, बिजनेश यादव, गुड्डू यादव, मुकेश शर्मा, अजीत सोमवंशी किसान उपस्थित रहे।

# शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न हुई डी.एल.एड. द्वितीय सेमेस्टर की परीक्षा

**सघन तलाशी व सीसीटीवी के निगरानी में परीक्षार्थियों ने दी परीक्षा**



अभ्यर्थियों के प्रवेश पत्र चेक करते प्रधानाचार्य

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

डी.एल.एड. द्वितीय सेमेस्टर की होने वाली परीक्षा म्युनिसिपल इंटर कॉलेज फतेहगढ़ में शुरू हुयी। अभ्यर्थियों के प्रवेश पत्रों की चेकिंग विश्व प्रकाश, रामेश्वर दयाल, पुष्पा जायसवाल के साथ प्रधानाचार्य ने स्वयं की। परीक्षा की शुरुआत सघन तलाशी तथा प्रवेश पत्र की बारीकी से चेक करने के साथ शुरू हुई। द्वितीय सेमेस्टर की परीक्षा के प्रथम मीटिंग 10:00 बजे से 12:00 तक तथा सायं मीटिंग में 1:30 बजे से 3:30 तक परीक्षा का संपादित हुई। 14 मई को तीन पालियों में परीक्षा संपादित होगी। प्रधानाचार्य कैप्टन गिरिजा शंकर ने बताया की केंद्र पर नकल विहीन परीक्षा सम्पादित कराने के लिए कटिबद्ध हैं, परीक्षा की पहली पाली में 2024 बैच के 246 में 11 अभ्यर्थी तथा 2023 बीच के 89 में 06 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे। जबकि द्वितीय पाली में 2024 बैच के 246 में 11 अभ्यर्थी तथा 2023 बीच के 46 में 06 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे। उन्होंने बताया विद्यालय में अनुभवी परीक्षा प्रभारी मयंक रस्तोगी तथा अरविंद कुमार अपनी जिम्मेदारी बखूभी निभाते हुए अच्छा कार्य करते हैं।

## प्रतियोगिता के विजेताओं को प्रभारी अग्निशमन अधिकारी ने किया सम्मानित




प्रमाण पत्र दिखाते विजेता छात्र

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** अग्निशमन सेवा सप्ताह के दौरान विद्यालय में आयोजित कला एवं पेंटिंग प्रतियोगिता के विजेता छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। प्रभारी अग्निशमन अधिकारी फतेहगढ़ प्रांशु अवस्थी ने विद्यालय पहुँचकर और बच्चों को उनकी उत्कृष्ट प्रतिभा के लिए प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम के दौरान शहर के शकुंतला देवी शिक्षण संस्थान कायमगंज पहुँचकर प्रतियोगिता में स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को सर्टिफिकेट एवं मेडल प्रदान किए गए। इसके साथ ही अन्य प्रतिभागियों को भी प्रोत्साहन पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। जिससे बच्चों में उत्साह और आत्मविश्वास बढ़ा। अधिकारियों ने अपने संबोधन में बच्चों को अग्नि सुरक्षा के महत्व के बारे में बताया और उन्हें आग से बचाव के उपायों की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिताएँ न केवल बच्चों की रचनात्मकता को निखारती हैं, बल्कि उन्हें समाज के प्रति जागरूक भी बनाती हैं।

विद्यालय के प्रधानाचार्य एवं शिक्षकों ने अग्निशमन विभाग का धन्यवाद व्यक्त किया और कहा कि इस तरह के कार्यक्रम विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। सभी विजेताओं को भविष्य की शुभकामनाएँ देते हुए कार्यक्रम का समापन किया गया।

# गुरुकुल वर्ल्ड स्कूल इंटरमीडिएट का परिणाम रहा शत-प्रतिशत

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।




उत्तीर्ण विद्यार्थी व मौजूद विद्यालय स्टाफ

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सी.बी.एस.सी.) द्वारा इंटरमीडिएट का परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। इस वर्ष गुरुकुल वर्ल्ड स्कूल के 85 छात्र परीक्षा में सम्मलित हुए थे। परिणाम घोषित होते ही विद्यार्थियों एवं अभिभावकों में उत्साह और प्रसन्नता का वातावरण देखा गया। विद्यार्थियों ने इस वर्ष उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। विद्यालय का परिणाम शत-प्रतिशत रहा। सभी छात्र प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण हुए। अधिकअंक प्राप्त करने वाले मेधावी छात्र-छात्राओं में श्रेया द्विवेदी 91.8 प्रतिशत, अनुष्का अग्निहोत्री 86.2 प्रतिशत, नंदनी शुक्ला 82.2 प्रतिशत, प्रतीक्षा शुक्ला 81.8 प्रतिशत, तान्या मिश्रा 81 प्रतिशत, शौर्य दुबे 81 प्रतिशत, संस्कृति दीक्षित 80.4 प्रतिशत रही। प्रधानाचार्य डॉ. लकी चावला ने विद्यार्थियों की सफलता पर बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। प्रबंधक प्रमोद अग्रवाल तथा निदेशक राजीव मोहन पाण्डेय ने छात्रों का उत्साहवर्धन किया। उपप्रधानाचार्या डॉ. अंजू सिंह ने छात्रों को मिष्ठान खिलाकर खुशी व्यक्त की।

# जीजीआईसी में अभिभावक शिक्षक संघ की बैठक सम्पन्न

**अध्यक्ष अभिभावक मनोज प्रकाश व उपाध्यक्ष प्रधानाचार्या दीपिका राजपूत नामित**

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।



बैठक में मौजूद अभिभावकगण

पीएमश्री महादेवी वर्मा राजकीय बालिका इंटर कॉलेज फतेहगढ़ में अभिभावक-शिक्षक संघ की छात्रा नामांकन वृद्धि हेतु बैठक का आयोजन किया गया। नवीन सत्र 2026-27 हेतु कार्यकारिणी का भी गठन किया गया। सर्वसम्मति से अध्यक्ष मनोज प्रकाश अभिभावक, उपाध्यक्ष दीपिका राजपूत प्रधानाचार्या एवं मंत्री निर्मला सिंह सहायक अध्यापिका, उपमंत्री ऋचा तिवारी प्रवक्ता तथा कोषाध्यक्ष सुरेन्द्र कुमार अभिभावक निर्विरोध चयनित किए गए। अभिभावक सदस्यों में पूनम राजपूत, अमन कुमार, पवन राजपूत, पूनम शुक्ला, राजबाला, रमेशचन्द्र कश्यप, देवेन्द्र कुमार आदि का चयन किया गया तथा शिक्षक सदस्यों में शैलजा मौर्य, अर्चना गुप्ता, आरती यादव एवं दीप्ति सिंह को सम्मिलित किया गया। प्रधानाचार्या दीपिका राजपूत ने विद्यालय में संचालित विभिन्न योजनाओं की जानकारी देते हुए छात्राओं को राज्य आय एवं योग्यता आधारित छात्रवृत्ति, कन्या सुमंगला योजना, इंस्पार अवार्ड ख़ान एकेडमी स्वयं पोर्टल आदि के विषय में जागरूक किया। उन्होंने कहा कि बच्चों के उज्ज्वल भविष्य के लिए शिक्षा अत्यंत आवश्यक है समाज में एक भी छात्रा पढ़ाई से वंचित न रहे सभी प्रतिशत नामांकन कराई जाएं। आर्थिक स्थिति में कमज़ोर परिवार की मेधावी छात्राओं की पढ़ाई में शासन द्वारा संचालित योजनाएं सहायक सिद्ध हो रही हैं। पी.टी.ए. प्रभारी निर्मला सिंह ने विद्यालय के आय-व्यय का ब्यौरा प्रस्तुत किया तथा नई आवश्यक योजनाओं एवं बजट के संबंध में जानकारी दी।

शिक्षिका शैलजा मौर्य ने वर्ष 2026 के परीक्षा परिणामों के विषय में बताया। प्रवक्ता ऋचा तिवारी ने विद्यार्थी जीवन में समय के महत्व एवं अनुशासन पर अपने विचार व्यक्त किए। बैठक में अभिभावकों की विभिन्न समस्याओं एवं सुझावों पर चर्चा कर उनके समाधान का आश्वासन दिया गया। कार्यक्रम में विद्यालय परिवार एवं अभिभावकों की सक्रिय सहभागिता रही। बैठक में लगभग 150 अभिभावक उपस्थित रहे।

# केंद्रीय व जिला कारागार में लीगल हेल्प डेस्क का न्यायिक अधिकारी ने किया उद्घाटन

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।



उद्घाटन करती सचिव बिंदिया भटनागर

राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशन में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष/जनपद न्यायाधीश नीरज कुमार के मार्गदर्शन में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव/न्यायाधीश बिंदिया भटनागर द्वारा केंद्रीय कारागार फतेहगढ़ तथा जिला कारागार फतेहगढ़ में निरुद्ध बंदीगण से मिलने आने वाले उनके परिवारीजनों व रिश्तेदारों की सहायता हेतु तथा बंदीगण के लंबित प्रकरणों की विधिक जानकारी प्रदान करने हेतु लीगल हेल्प डेस्क का उद्घाटन किया गया। केंद्रीय कारागार लीगल हेल्प डेस्क पर परा विधिक स्वयं सेवक/अधिकार मित्र देवराज सिंह व अनुज कुमार कार्य करने के लिए नियुक्ति की गई व जिला कारागार फतेहगढ़ में अंजली व प्रियम कुमार की नियुक्ति की गई है।

सभी तैनात स्वयंसेवक/अधिकार मित्र निर्धारित तैनाती रोस्टर के अनुसार लोगो को जागरूक करेगें। तथा बंदियों के परिजनों की सहायता करेगें।

इस नई व्यवस्था से बंदियों के परिजनों को जेल परिसर में ही प्रभावी कानूनी मदद मिल सकेगी। सचिव न्यायाधीश बिंदिया भटनागर ने वहां उपस्थित बंदीगण व उनके रिश्तेदारों, परिवार वालों को लीगल हेल्प डेस्क की स्थापना के बारे में विस्तार से बात कर जागरूक किया।

लीगल एड डिफेंस काउंसिल डिप्टी चीफ़ सुरेन्द्र कुमार राणा ने बंदीगण से मुलाकात कर उनके लंबित मामलों की जानकारी लेकर विधिक राय प्रदान कर जागरूक किया। सचिव बिंदिया भटनागर ने बताया कि इस हेल्प डेस्क की स्थापना का मुख्य उद्देश्य कारागार में निरुद्ध बंदियों के परिजनों को मुलाकाती स्थल पर ही त्वरित विधिक सहायता, कानूनी परामर्श और जागरूकता उपलब्ध कराना है। हेल्प डेस्क का संचालनः कारागारों के बाहर स्थापित इन हेल्प डेस्क के सुचारू संचालन हेतु 04 परा विधिक स्वयंसेवकों की ड्यूटी लगाई गई है, ताकि बंदियों और उनके परिजनों को विधिवत सहायता प्राप्त हो सके। विधिक सहयोगः इस पूरी प्रक्रिया में नामिका अधिवक्ता और जेल विजिटर उपस्थित रहकर विधिक सेवा संबंधी उचित सहयोग प्रदान करेंगे।

इस अवसर पर केंद्रीय कारागार फतेहगढ़ के अधीक्षक आशीष तिवारी तथा जिला कारागार फतेहगढ़ के अधीक्षक अरविंद कुमार श्रीवास्तव, जेलर करुणेन्द्र यादव, रविंद्र सिंह, वैभव कुशवाहा, कृष्ण कुमार, दीपक जयंत तथा लीगल एड डिफेंस काउंसिल चीफ़ शिव नरेश सिंह, डिप्टी चीफ़ सुरेंद्र कुमार राणा, प्रशांत गुप्ता, सीता सिंह, जेल विजिटर श्यामवीर सोमवंशी, अत्ताउलहक उपस्थित रहे।

# स्काउट्स और गाइड्स ने दूसरे दिन भी रेलवे स्टेशन पर यात्रियों को पिलाया पानी

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।



लोगों को पानी पिलाते स्काउट गाइड के कैडेट्स

बुधवार को भारत स्काउट गाइड जिला के सौजन्य से दूसरे दिन रेलवे स्टेशन फर्रुखाबाद पर निःशुल्क जल सेवा शिविर का आयोजन किया गया।

मुख्य अतिथि मनोज कुमार स्टेशन अधीक्षक ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया। शिविर में रेलवे स्टेशन प्रबंधन में सीसीएस राजेश कुमार, कमर्शियल इंस्पेक्टर आशुतोष कुमार, ट्रैफिक इंस्पेक्टर राजा बाबू, आईपीएफ ओपी मीणा, एसआई नरेश कुमार का योगदान रहा।

शिविर का संचालन जिला संस्था के मुख्य आयुक्त दिनेश कुमार वर्मा, महेश चंद्र राजपूत, संतोष कुमार त्रिपाठी, गजेंद्र सिंह चौहान, चमन शुक्ला जिला संगठन कमिश्नर गाइड ने किया। जल शिविर का संचालन पुष्पेंद्र कुमार शर्मा ने किया। डॉ. यशवंत सिंह राठौड़ के साथ विभिन्न विद्यालयों की स्काउट और गाइड कुंज कसरे, रामजी, आराध्या शुक्ला, प्रतीक गुप्ता, सृष्टि राजपूत, मांडवी तिवारी, कुशाग्र दीक्षित, गोविंद चौधरी, आयुष कुमार आदि ने तपती धूप में प्यास से राहगीर बच्चों, महिलाओं, को जल पिलाकर प्यास से निज़ाकत दिलाई।

# सेंट एंथोनी स्कूल के विद्यार्थियों ने स्कूल का नाम किया रोशन

**उत्तीर्ण इंटर मीडिएट के विद्यार्थियों को किया जायेगा सम्मानित**




इंटरमीडिएट के मेधावी विद्यार्थी

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सी.बी.एस.सी.) द्वारा इंटरमीडिएट का परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। इस वर्ष सेंट एंथोनी सीरनियर सेंकेडरी स्कूल फतेहगढ़ का रिजल्ट शत-प्रतिशत रहा। परिणाम घोषित होते ही विद्यार्थियों एवं अभिभावकों में उत्साह और प्रसन्नता का वातावरण देखा गया। विद्यार्थियों ने इस वर्ष उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। प्रधानाचार्य ने सभी उत्तीर्ण मेधावी विद्यार्थियों को बधाई दी। शरवानी अग्रवाल ने 500 में से 476 अंक पाकर 95.2 प्रतिशत के साथ प्रथम स्थान पाया। द्वितीय स्थान पर श्रेया राठौर ने 93.4 प्रतिशत अंक के साथ 500 में से 467 अंक प्राप्त किये। तृतीय स्थान पर अखिलेश चन्द्र पाण्डेय ने 91.2 प्रतिशत के साथ 500 में से 456 अंक प्राप्त किये। चौथे नंबर पर सर्वज्ञ सिंह परिहार ने 90.6 प्रतिशत के साथ 500 में से 453 अंक प्राप्त किये। पांचवां स्थान शुभ गुप्ता ने प्राप्त कर 90.4 प्रतिशत के साथ 500 में से 452 अंक प्राप्त किये। छठे स्थान पर प्रतीप वर्मा रहे, 90.2 प्रतिशत के साथ 500 में से 451 अंक प्राप्त किये। विद्यालय के 6 विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत से ज्यादा अंक प्राप्त कर विद्यालय एवं परिवार का नाम रोशन किया है। प्रधानाचार्य फादर जोबी जोसेफ ने सभी को बधाई दी। विद्यालय के छात्र-छात्रायें ज्यादातर फस्ट पोजीशन से उत्तीर्ण हुए।

# शिक्षकों ने समस्याओं को लेकर बीएसए को सौंपा ज्ञापन

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।



बैठक के दौरान मौजूद शिक्षक

शिक्षक समस्याओं को लेकर उत्तर प्रदेश की जूनियर हाई स्कूल (पूर्व माध्यमिक) शिक्षक संघ के पदाधिकारीयों ने जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी से भेंट की तथा जिले में चल रही समायोजन प्रक्रिया के संबंध विकास क्षेत्र बार जारी की गई सूची में पाई गई विसंगतियों के संबंध में अवगत कराया। जिसमें निम्न बिंदुओं पर मुख्य रूप से चर्चा की गई। सूची में छात्र संख्या को आधार बनाया जाए, प्राथमिक विद्यालय के प्रधानाध्यापक को भी उसमें जोड़ा जाए। उच्च प्राथमिक स्तर भी विषय की जगह छात्र संख्या को आधार बनाया जाए।

जो विद्यालय कंपोजिट है उनमें प्राथमिक के प्रधानाध्यापक को जूनियर का सहायक माना गया था, उनकी नवीन जोइनिंग तिथि मानव संपदा पर दर्ज भी है फिर भी कुछ ब्लाकों द्वारा उन्हें प्राथमिक का प्रधानाध्यापक मानते हुए सर प्लस दिखा दिया गया जो की उचित प्रतीत नहीं होता। इन सभी बिंदुओं पर बीएसए द्वारा सहानुभूतिपूर्वक विचार किया तथा यह कहा कि सभी शिक्षक अपनी आपत्तियां विकासखंड कार्यालय पर दर्ज करा दे। वहीं से हमें प्राप्त हो जाएंगी एवं उनमें सुधार करने के उपरांत ही समायोजन प्रक्रिया पूरी की जाएगी। इस मौके पर संगठन के जिला अध्यक्ष अभिनेश मिश्रा, महामंत्री डॉ0 वीरेंद्र त्रिवेदी, जिला उपाध्यक्ष अरविंद राजपूत, राजीव यादव, जिला संयुक्त मंत्री संदीप शुक्ला, राजीव कुमार, जिला लेखाकार प्रमोद कुमार मिश्रा, आय व्यय निरीक्षक पवन गुप्ता, जिला कार्य योजना समिति आदित्य कुमार सिंह, संजीव पाठक, राजीव अग्निहोत्री, संतोष गुप्ता, संगीता गुप्ता, कुलदीप यादव, अवनीश त्रिपाठी, विनोद पाठक, गोविन्द चौरसिया आदि लोग उपस्थित रहे।

## डीएम अंजनी कुमार सिंह का औचक निरीक्षण

# एआरटीओ दफ्तर से लेकर एडीटीसी तक खंगाली हकीकत, दिए निर्देश

- काउंटर, अभिलेख और आवेदन की डीएम ने खुद की जांच, सेंसर ट्रैक व सिम्युलेटर सिस्टम का लिया जायजा, अफसरों को जनता-केंद्रित व्यवस्था के सख्त निर्देश

**समृद्धि न्यूज़, लखीमपुर खीरी।**



जिले में प्रशासनिक कार्यप्रणाली को पारदर्शी और प्रभावी बनाने के अभियान के तहत डीएम अंजनी कुमार सिंह ने बुधवार को एआरटीओ कार्यालय और प्रत्यायन चालन प्रशिक्षण केंद्र छाउछ का औचक निरीक्षण कर पूरी व्यवस्था की गहन पड़ताल की। डीएम के अचानक पहुंचने से कार्यालय में अफसरों और कर्मचारियों में हड़कंप मच गया। निरीक्षण के दौरान डीएम स्वयं एक-एक काउंटर पर पहुंचे और वहां मौजूद अभिलेखों को बारीकी से देखा। उन्होंने आवेदकों से जुड़े दस्तावेजों की जांच करते हुए मौके पर मौजूद कार्मिकों से उनके कार्य दायित्वों की जानकारी ली। डीएम ने कार्यालय के तीनों तल का विस्तृत निरीक्षण कर व्यवस्थाओं की स्थिति परखी और संबंधित अधिकारियों को जरूरी सुधारात्मक निर्देश दिए। एआरटीओ शांति भूषण पांडे से डीएम ने कार्यालय की कार्यप्रणाली की विस्तृत जानकारी ली। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि अधिकारी नियमित रूप से राउंड करें और कार्यालय में आने वाले आवेदकों से सीधे संवाद कर यह सुनिश्चित करें कि किसी भी स्तर पर अनावश्यक परेशानी न हो। निरीक्षण के दौरान डीएम ने परिसर में मौजूद लोगों से भी बातचीत की और उनके आवेदन एवं दस्तावेजों की जांच कर कार्य प्रगति की पुष्टि की। साथ ही उन्होंने जिले में ड्राइविंग टेस्ट एवं प्रशिक्षण हेतु संचालित प्रत्यायन चालन प्रशिक्षण केंद्र की व्यवस्था के बारे में विस्तार से जानकारी ली। इसके बाद डीएम अंजनी कुमार सिंह सीधे प्रत्यायन चालन प्रशिक्षण केंद्र छाउछ पहुंचे, जहां उन्होंने व्यवस्थाओं का गहन निरीक्षण किया। डीएम ने सेंसर बेस्ड ट्रैक, सिम्युलेटर मशीनों और ऑटोमेटेड टेस्टिंग सिस्टम का बारीकी से अवलोकन करते हुए प्रशिक्षक दीपक शुक्ला से केंद्र की कार्यप्रणाली की विस्तृत जानकारी ली। इस दौरान रंजीत कुमार पुत्र सुरेश का ऑटोमेटेड टेस्टिंग सिस्टम के माध्यम से ड्राइविंग कौशल का मूल्यांकन किया जा रहा था। रंजीत ने डीएम के समक्ष निर्धारित प्रक्रिया का पालन करते हुए कार्ड स्कैन कर अपनी टेस्ट प्रकिया पूरी की। डीएम ने पूरी प्रक्रिया को करीब से देखा और प्रशिक्षक से केंद्र के संचालन एवं तकनीकी व्यवस्था के बारे में विस्तार से जानकारी ली। इसके बाद डीएम ने सिम्युलेटर कक्ष एवं प्रशिक्षण कक्ष का भी निरीक्षण किया और व्यवस्था को और अधिक प्रभावी एवं सुदृढ़ बनाए जाने के निर्देश दिए।

## 94.6 प्रतिशत अंक हासिल कर रिदम वत्स ने किया स्कूल टॉप



**समृद्धि न्यूज़, लखीमपुर खीरी।** सीबीएसई बोर्ड द्वारा घोषित कक्षा 12वीं के परीक्षा परिणाम में एस.बी.एस पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल, रेहरिया (खीरी) के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय एवं क्षेत्र का नाम रोशन किया। परीक्षा परिणाम घोषित होते ही विद्यालय परिसर में खुशी का माहौल देखने को मिला। छात्र-छात्राओं, अभिभावकों तथा शिक्षकों ने एक-दूसरे को शुभकामनाएं देकर प्रसन्नता व्यक्त की। विद्यालय की छात्रा रिदम वत्स ने 473 अंक प्राप्त कर 94.6 प्रतिशत के साथ विद्यालय में प्रथम स्थान हासिल किया। वहीं अराधना अवस्थी ने 418 अंक प्राप्त कर 83.6 प्रतिशत के साथ द्वितीय तथा सर्वजोत सिंह ने 414 अंक प्राप्त कर 82.8 प्रतिशत अंकों के साथ तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसके अलावा कवलजोत कौर ने 79.6 प्रतिशत, ऐशप्रीत कौर ने 79.2 प्रतिशत, सोनाली नाज ने 77.4 प्रतिशत तथा हिमांशु गुप्ता ने 77 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय के श्रेष्ठ विद्यार्थियों में स्थान बनाया। विद्यार्थियों की इस उपलब्धि से अभिभावकों में भी हर्ष का माहौल बना रहा। विद्यालय प्रबंधन ने सभी सफल छात्र-छात्राओं को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। शिक्षकों ने कहा कि विद्यार्थियों की मेहनत, अनुशासन और नियमित अध्ययन का ही यह परिणाम है। विद्यालय परिवार ने उम्मीद जताई कि आने वाले वर्षों में भी छात्र-छात्राएं इसी प्रकार उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय का नाम रोशन करेंगे।

## खबरें एक नजर में

### डॉ. सविता मेमोरियल में आकांक्षा सिंह ने किया टॉप

**समृद्धि न्यूज़, चुनार (मिर्जापुर)।** डॉ सविता मेमोरियल ग्लोबल एकेडमी का परीक्षा परिणाम सराहनीय रहा। सी बी एस ई द्वारा जारी इंटरमीडिएट की परीक्षा में आकांक्षा सिंह ने सर्वाधिक 93.2 प्रतिशत अंक हासिल कर प्रथम स्थान प्राप्त किया आकांक्षा ने शारीरिक शिक्षा में 98,गणित में 97,रसायन विज्ञान में 95 अंक प्राप्त किया। वही दूसरे स्थान पर 89 प्रतिशत अंक के साथ शिवांगी सिंह व ईशान सिंह संयुक्त रूप से रहे । ईशान ने गणित में 97,अंग्रेजी में 95 अंक प्राप्त किया । तृतीय स्थान पर रूपम सिंह ने 87.6 प्रतिशत अंक के साथ जगह बनायी चौथे स्थान पर चारु सिंह ने 86 प्रतिशत अंक प्राप्त किया वही पांचवे स्थान पर निधि सिंह ने 85.6 अंक प्राप्त कर विद्यालय का मान बढ़ाया । विद्यालय के प्रधानाचार्या डॉ वेद प्रकाश ने शत प्रतिशत परीक्षा परिणाम आने पर खुशी जाहिर की साथ ही इस सफलता का श्रेय छात्रों अभिभावकों व अध्यापकों के त्रिकोणीय सामंजस्य को बताया उन्होंने छात्रों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की ।

### एनसीआरपी पोर्टल के माध्यम से आवेदक का 85000 रूपये कराया वापस

**समृद्धि न्यूज़, हलिया (मिर्जापुर)।** एनसीआरपी पोर्टल के माध्यम से साइबर पुलिस ने बुधवार को आवेदक के 85000 रूपये को वापस कराया है थाना क्षेत्र के फुलियारी गांव निवासी बृजेश पाल का ऑनलाइन यूपीआई के माध्यम से कुल 85000 रूपये फ्राड हो गया था थाना स्थानीय पर 16 मार्च को एनसीआरपी पोर्टल हेल्पलाइन नंबर 1930 के माध्यम से ऑनलाइन शिकायत दर्ज कराये पोर्टल पर शिकायत दर्ज हुआ जिस पर शिकायत को संज्ञान लेते हुए साइबर पुलिस त्वरित कार्रवाई करते हुए आवेदक के धनराशि को वापस कराया है आवेदक का पैसा वापस कराने वाली टीम में थानाध्यक्ष राजीव कुमार श्रीवास्तव व कांस्टेबल विश्वनाथ रहे।

### हलिया ब्लॉक में 30 मई को विशेष लोक अदालत ग्राम प्रधानों की बैठक 19 मई को

**समृद्धि न्यूज़, हलिया (मिर्जापुर)।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा हलिया ब्लॉक में 30 मई 2026 को विशेष लोक अदालत का आयोजन किया है । इससे पहले 19 मई को हलिया विकास खंड के 79 ग्राम पंचायतों के ग्राम प्रधानों के साथ बैठक बुलाई गई है।सिविल जज (सी0डि0)/प्रभारी सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, मीरजापुर द्वारा खंड विकास अधिकारी हलिया विजय शंकर त्रिपाठी को पत्र भेजकर अवगत कराया है । जनपद न्यायाधीश मीरजापुर के आदेशानुसार 30 मई को हलिया ब्लॉक में विशेष लोक अदालत लगाई जाएगी। इसमें वन अधिनियम से संबंधित मामले और लघु अपराध से संबंधित मामलों का निस्तारण किया जाएगा। विशेष लोक अदालत की तैयारियों के लिए 19 मई को दोपहर 12रू00 बजे हलिया विकास खंड के 79 ग्राम पंचायतों के ग्राम प्रधानों के साथ जनपद न्यायाधीश के साथ बैठक बुलाई गई है। खंड विकास अधिकारी को निर्देशित किया गया है कि वे उक्त बैठक में समस्त ग्राम प्रधानों की समय से प्रतिभागिता सुनिश्चित कराएं।

### ट्रामा सेंटर में उपचार के दौरान घायल व्यक्ति की मौत

**समृद्धि न्यूज़, हलिया (मिर्जापुर)।** लालगंज थाना क्षेत्र में मंगलवार देर शाम बोलेरो और बाइक की टक्कर हो गई। यह हादसा दुबार कलां चौकी अंतर्गत पतार कलां के पास लालगंज-कलवारी रोड पर हुआ। इस दुर्घटना में बाइक सवार दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना मिलने पर पुलिस और ग्रामीणों ने घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लालगंज पहुंचाया। वहां प्राथमिक उपचार के बाद दोनों को बेहतर इलाज के लिए ट्रामा सेंटर मिर्जापुर रेफर कर दिया गया। ट्रामा सेंटर में उपचार के दौरान देर रात एक घायल की मौत हो गई, जबकि दूसरे घायल को ट्रामा सेंटर वाराणसी भेजा गया। मृतक की पहचान लालगंज के मेढ़रा गांव निवासी 65 वर्षीय अवधेश पुत्र बलनाथ के रूप में हुई है। उनके साथ घायल हुए दूसरे व्यक्ति 25 वर्षीय पंकज पुत्र कमलेश भी मेढ़रा गांव के ही निवासी हैं। जानकारी के अनुसार, दोनों रिश्तेदारी से बनकी बारात में जा रहे थे, तभी यह हादसा हुआ। लालगंज थाने की पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त बोलेरो और बाइक को भी जब्त कर दुबार कलां चौकी पर खड़ा कराया है।

### पिता के गुम होने पर पुत्र ने गुमशुदगी दर्ज कराया

**समृद्धि न्यूज़, हलिया (मिर्जापुर)।** स्थानीय थाना क्षेत्र के फुलियारी गांव निवासी सभाजीत पाल ने बुधवार को थाने में तहरीर देकर पिता के गुम होने पर गुमसुदगी दर्ज कराया है पुलिस गुमसुदगी दर्ज कर मामले की जांच में जुट गई है दी गई तहरीर में बताया है की गत दस मई को पत्नी से कहासूनी के बाद पिता गुलाब पाल सुबह 7 बजे से निकल गए और वापस लौटकर नहीं आये काफी खोजबीन के बाद भी कंही पता नहीं चलने पर सूचना देकर गुमसुदगी दर्ज कराया है इस संबंध में थानाध्यक्ष राजीव कुमार श्रीवास्तव ने बताया की पुत्र ने पिता के गुम होने पर गुमसुदगी दर्ज कराया है गुमसुदगी दर्ज कर मामले की जांच पड़ताल किया जा रहा है।

## बांकेगंज में वाहन चेकिंग अभियान से मचा हड़कंप, 52 बाइकों के कटे चालान

**समृद्धि न्यूज़, बाँकेगंज खीरी।**



थाना मैलानी क्षेत्र के अंतर्गत पुलिस चौकी बांकेगंज में बुधवार को पुलिस ने अवैध वाहनों और यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ एक बड़ा अभियान चलाया। चौकी प्रभारी अंकुर कुमार के नेतृत्व में चलाए गए इस औचक चेकिंग अभियान से पूरे क्षेत्र में वाहन चालकों के बीच हड़कंप मच गया। कार्रवाई के दौरान पुलिस ने नियमों की धज्जी उड़ाने वाले 52 वाहनों के चालान काटे। बांकेगंज पुलिस चौकी के रेलवे क्रासिंग से पहले जैसे ही पुलिस बल ने चेकिंग शुरू की, वैसे ही मुख्य मार्ग पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया। बिना हेलमेट, बिना तीन सवारी और बिना जरूरी कागजात के घूम रहे बाइक चालक पुलिस को देखकर इधर-उधर भागते नजर आए। कई लोग पुलिस से बचने के लिए गलियों में घुस गए तो कुछ ने अपनी गाड़ियों को रास्ते में ही रोककर वापस मोड़ लिया। चौकी प्रभारी अंकुर कुमार ने पूरी टीम के साथ मुस्तैदी से हर आने-जाने वाले वाहन की बारीकी से जांच की।

## स्वगणना को लेकर जिले में दिखा जबरदस्त उत्साह, केंद्रीय कर्मियों ने बढ़-चढ़कर निभाई जिम्मेदारी

- एडीएम नरेंद्र बहादुर सिंह ने किया जागरूक, बैंक, डाक, आयकर व सुरक्षा बलों ने भी अभियान में दिखाई सक्रिय भागीदारी

**समृद्धि न्यूज, लखीमपुर खीरी।**




जिले में बुधवार को स्वगणना अभियान को लेकर जबरदस्त उत्साह देखने को मिला। केंद्रीय कर्मचारियों, कोषागार कर्मियों और पेंशनर्स ने न सिर्फ अपनी स्वगणना पूरी की, बल्कि सेल्फी लेकर सोशल मीडिया पर साझा करते हुए अन्य लोगों को भी इस राष्ट्रीय अभियान से जुड़ने के लिए प्रेरित किया। जिला जनगणना अधिकारी/एडीएम नरेंद्र बहादुर सिंह के आव्हान पर बड़ी संख्या में लोगों ने स्वगणना में सक्रिय भागीदारी दर्ज कराई। बैंक कर्मियों, आयकर विभाग, डाक विभाग और एसएसबी जवानों ने भी अभियान में उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया। जिला प्रशासन द्वारा इस दिन को विशेष रूप से केंद्रीय कार्मिकों के लिए समर्पित किया गया था। एडीएम ने बताया कि स्वगणना अभियान के प्रथम चरण में नागरिकों को मकान गणना एवं सूचीकरण करना होगा। पोर्टल पर 34 प्रश्नों के उत्तर देकर कोई भी व्यक्ति अपनी स्व-गणना पूरी कर सकता है। फाइनल सबमिट के बाद एक यूनिक आईडी जनरेट होगी, जिसे सुरक्षित रखना आवश्यक है। 22 मई से 22 जून तक प्रगणक घर-घर जाकर विवरण का सत्यापन करेंगे, जिसमें नागरिक अपनी जनरेटेड आईडी के माध्यम से डेटा की पुष्टि करा सकेंगे। एडीएम नरेंद्र बहादुर सिंह ने जनपदवासियों से अपील की कि 15 दिवसीय इस अभियान में अधिक से अधिक भागीदारी सुनिश्चित करें और इसे सफल बनाने में सहयोग दें। **जिला जज ने की स्वगणना, न्यायिक अफसरों ने भी निभाई जिम्मेदारी-**

स्वगणना अभियान की गूंज अब न्यायालय परिसर तक पहुंच गई है। जिला न्यायालय में जनपद न्यायाधीश शिव कुमार सिंह ने स्वयं स्वगणना प्रक्रिया पूरी कर अभियान को मजबूती दी। तहसीलदार सदर मुकेश कुमार ने न्यायालय पहुंचकर न्यायिक अधिकारियों को स्वगणना की प्रक्रिया समझाई और ऑनलाइन प्रक्रिया पूर्ण कराई।

## छतौनिया की अंशिका बनी प्रेरणा



गोला गोकर्णनाथ क्षेत्र के छतौनिया गांव निवासी छात्रा अंशिका वर्मा ने 500 में से 469 अंक प्राप्त कर क्षेत्र में नया इतिहास रच दिया। बांकेगंज रोड स्थित चिल्ड्रेन्स एकेडमी की छात्रा अंशिका की सफलता से पूरे क्षेत्र में खुशी की लहर दौड़ गई। स्कूल प्रबंधन, शिक्षकों और अभिभावकों ने अंशिका की उपलब्धि पर गर्व जताया। सबसे खास बात यह रही कि अंशिका ने बिना किसी कोचिंग या ट्यूशन के केवल सेल्फ स्टडी के दम पर यह मुकाम हासिल किया। अंशिका ने अपनी सफलता का श्रेय माता-पिता और शिक्षकों को दिया। उन्होंने बताया कि नियमित अभ्यास, अनुशासन और आत्मविश्वास उनकी सफलता की सबसे बड़ी ताकत रहे। अंशिका की मां नीरज वर्मा बेसिक शिक्षा विभाग में शिक्षिका हैं, जबकि पिता धनंजय वर्मा किसान हैं। बेटी की उपलब्धि पर दोनों ने खुशी जताते हुए कहा कि अंशिका शुरू से ही पढ़ाई को लेकर गंभीर रही है और उसकी मेहनत का ही यह परिणाम है। अंशिका ने बताया कि वह भविष्य में यूपीएससी की तैयारी कर आईपीएस अधिकारी बनना चाहती हैं।

## सीबीएसई इंटरमीडिएट में खीरी के मेधावियों का जलवा, हर्षित रहे जिला टॉपर

**समृद्धि न्यूज़, लखीमपुर खीरी।**




सीबीएसई बोर्ड द्वारा घोषित इंटरमीडिएट परीक्षा परिणाम में जिले के छात्र-छात्राओं ने शानदार प्रदर्शन करते हुए सफलता के नए कीर्तिमान स्थापित किए हैं। जिले के विभिन्न विद्यालयों के मेधावियों ने उत्कृष्ट अंक हासिल कर अपने विद्यालय, परिवार और जनपद का नाम रोशन किया है। परीक्षा परिणाम आते ही विद्यालय परिसरों में खुशी का माहौल रहा और छात्र-छात्राओं को बधाई देने वालों का तांता लग गया।

जिले की ओवरऑल रैंकिंग में आजमानी पब्लिक स्कूल के छात्र हर्षित सिंह राणा ने 97.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर पहला स्थान हासिल किया। वहीं चिल्ड्रेन्स एकेडमी के तनिष्क रस्तोगी ने 97 प्रतिशत अंक प्राप्त कर दूसरा स्थान बनाया। दून पब्लिक स्कूल मोहम्मदी के अलंकृत मिश्रा ने 96.6 प्रतिशत अंक हासिल किए। चिल्ड्रेन्स एकेडमी की अन्वेशा ठाकुर ने 96.2 प्रतिशत, ला मटीना स्कूल के अथर्व मिश्रा एवं चिल्ड्रेन्स एकेडमी की प्रियंशी गुप्ता ने 95.8 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। पंडित दीनदयाल सीबीएसई स्कूल के शिवांश मिश्रा ने 95.4 प्रतिशत तथा अजमानी इंटरनेशनल स्कूल की आद्या सचदेवा ने 95.2 प्रतिशत अंक हासिल कर जिले की मेधा सूची में स्थान बनाया।

### सेंट जॉन्स स्कूल का परिणाम भी रहा शानदार



गोला गोकर्णनाथ स्थित सेंट जॉन्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल के विद्यार्थियों ने भी परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। विद्यालय के छात्र ऋषभ श्रीवास्तव ने 88 प्रतिशत अंक प्राप्त कर कॉलेज टॉप किया। वत्सल पाठक ने 86.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर दूसरा तथा तनिषा अग्रवाल ने 84.4 प्रतिशत अंक हासिल कर तीसरा स्थान प्राप्त किया। इसके अलावा जानवी पांडेय ने 83.8 प्रतिशत, अरुष पटेल एवं सीतेश कुमार ने 83.6 प्रतिशत, हर्ष पटेल ने 83.4 प्रतिशत, आदित्य सूरी ने 82.4 प्रतिशत, दुर्गेश वर्मा ने 81.2 प्रतिशत, अतीफा खानम ने 81 प्रतिशत तथा शाश्वत पटेल ने 79.2 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। विद्यालय के प्रधानाचार्य फादर अनूप टिर्की ने कहा कि विद्यार्थियों की मेहनत, शिक्षकों के मार्गदर्शन एवं अभिभावकों के सहयोग से यह शानदार परिणाम संभव हो सका है।

## संयुक्त अधिवक्ता संघ के चुनाव में राजेशचंद्र तिवारी अध्यक्ष व शिवरंजन यादव महामंत्री हुए निर्वाचित

**समृद्धि न्यूज, प्रतापगढ़।**



संयुक्त अधिवक्ता संघ लालगंज के चुनाव में राजेश तिवारी अध्यक्ष तथा शिवरंजन यादव महामंत्री निर्वाचित हुए हैं। मंगलवार को देर रात तक चली मतगणना में समिति के अध्यक्ष ज्ञानप्रकाश शुक्ल ने चुनाव परिणामो की घोषणा की। वही चुनाव समिति ने निर्वाचित पदाधिकारियों को जीत का प्रमाण पत्र सौंपा। अध्यक्ष पद पर पांच उम्मीदवार मैदान में थे। सर्वाधिक मत राजेशचंद्र तिवारी को 259 मत मिले। उन्होने अपने निकटतम प्रतिद्वंदी संघ के पूर्व अध्यक्ष संदीप सिंह को तीस मतों से करारी शिकस्त दी।प्रमाण पत्र वितरण के समय एल्डर कमेटी के अध्यक्ष राजेन्द्र मिश्र, चुनाव समिति के महामंत्री वीरेन्द्र सिंह अगई, राम मोहन सिंह, देवी प्रसाद मिश्र, शिवाकांत उपाध्याय, राम लगन यादव, संतोष पाण्डेय, शैलेन्द्र चतुर्वेदी मौजूद रहे। बार सभी पदों पर चुनाव होने के कारण मतगणना देर रात सम्पन्न हो सकी। मतगणना देर रात तक जारी रहने के कारण लालगंज कोतवाल आलोक कुमार तथा सांगीपुर एसओ गौरव त्रिवेदी भारी फोर्स के साथ मतगणना स्थल पर एहतियातन तैनात दिखे।

## बीज विक्रेताओं के लिए साथी पोर्टल पर पंजीकरण अनिवार्य

**समृद्धि न्यूज, प्रतापगढ़।** जिला कृषि अधिकारी ने सूचित किया है कि बीज व्यवसाय को अधिक पारदर्शी, विश्वसनीय और डिजिटल बनाने के उद्देश्य से शासन ने यह नई व्यवस्था लागू की है। उन्होने बताया है कि जनपद के समस्त बीज उत्पादक, अधिकृत विक्रेता, डीलर, डिस्ट्रीब्यूटर एवं संबंधित संस्थाओं को साथी पोर्टल पर तत्काल पंजीकरण कराना अनिवार्य है। बीज के भंडारण स्टॉक की स्थिति, स्थानांतरण एवं विक्रय की समस्त कार्यवाही केवल पोर्टल के माध्यम से ही की जाएगी। बिना पोर्टल प्रविष्टि के बीज का क्रय-विक्रय और स्टॉक संचालन पूर्णतः अमान्य होगा। इस व्यवस्था का मुख्य उद्देश्य बीजों की ट्रेसिबिलिटी सुनिश्चित करना है, ताकि किसानों को केवल प्रमाणित और उच्च गुणवत्ता वाले बीज ही प्राप्त हों। उन्होने स्पष्ट किया है कि शासन की मंशा के अनुरूप इस प्रक्रिया में किसी भी प्रकार की शिथिलता क्षम्य नहीं होगी। यदि कोई बीज विक्रेता बिना पोर्टल पंजीकरण के व्यवसाय करते हुए पाया जाता है या स्टॉक विवरण में विसंगति मिलती है, तो उसके विरुद्ध बीज नियंत्रण आदेश 1983 एवं आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 की सुसंगत धाराओं के अंतर्गत कठोर दंडात्मक कार्यवाही की जाएगी।

**उल्लंघन पर होगी सख्त कार्रवाई**

### खेत से बोरिंग पंखा व बेंड चोरी, हजारों का नुकसान

**समृद्धि न्यूज़, निघासन-खीरी।** तिकुनिया कोतवाली क्षेत्र की बेलरायां पुलिस चौकी अंतर्गत ग्राम पंचायत कड़िया स्थित फरेंदा फार्म में खेत से बोरिंग का सामान चोरी होने का मामला सामने आया है। अज्ञात चोर रात के अंधेरे में बोरिंग पंखा, बेंड समेत हजारों रुपये का सामान चोरी कर ले गए। जानकारी के अनुसार सिंगाही थाना क्षेत्र के ग्राम हरद्वाही निवासी जोगेंद्र कौर पत्नी स्वर्गीय सुरजीत सिंह का खेत बेलरायां चौकी क्षेत्र के फरेंदा फार्म में स्थित है। पीड़िता ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि खेत में सिंचाई के लिए बोरिंग लगी हुई थी। रोज की तरह वह खेत की देखरेख कर घर चली गई थीं। इसी दौरान रात में अज्ञात चोर खेत में पहुंचे और बोरिंग पंखा, बेंड सहित अन्य सामान चोरी कर ले गए।

## उपजिलाधिकारी के स्थानांतरण की मांग को लेकर अधिवक्ताओं का धरना तीसरे दिन भी जारी

- रेवन्यू बार एसोसिएशन को सिविल कोर्ट बार एसोसिएशन का मिला समर्थन



**समृद्धि न्यूज, महराजगंज।** अधिवक्ताओं ने लगातार तीसरे दिन भी उपजिलाधिकारी फरेंदा के मनमानेपन, तानाशाही रवैया एवं भ्रष्टाचार का आरोप लगाकर विरोध प्रदर्शन कर नारेबाजी की। आंदोलन के तीसरे दिन अधिवक्ताओं ने न्यायलयों के बहिष्कार के साथ ही उपनिबंधक कार्यालय में बैनामा दस्तावेज का पंजीकरण भी ठप करा दिया। वहीं स्टांप वेंडर द्वारा स्टांप की बिक्री भी नहीं होने से लोग परेशान रहे। बाद में अधिवक्ताओं ने उपजिलाधिकारी कार्यालय के सामने अनिश्चित कालीन धरना जारी रखा। धरना प्रदर्शन को संबोधित करते हुए अध्यक्ष जितेंद्र सैनी व मंत्री सतीश चंद्र दुबे ने कहा कि फरेंदा के एसडीएम, एसओसी व नायब तहसीलदार के न्यायालय का बहिष्कार कुछ दिनों से चल रहा है। जिम्मेदारों द्वारा मनमानी व विधिक प्रक्रिया के विरूद्ध जाकर मुकदमों में आदेश पारित किया जा रहा है। जिससे अधिवक्ताओं व वादकारियों में आक्रोश व्याप्त है। उन्होंने कहा कि उपजिलाधिकारी फरेंदा के मनमानेपन, तानाशाही पूर्ण रवैया एवं भ्रष्टाचार के विरुद्ध उनका धरना उपजिलाधिकारी के स्थानांतरण तक जारी रहेगा। आंदोलन को सिविल कोर्ट बार एसोसिएशन फरेंदा के मंत्री अजीत मणि त्रिपाठी ने बार के तरफ से समर्थन पत्र दिया गया।इस दौरान वरिष्ठ उपाध्यक्ष सेराज अहमद खां, परमात्मा सिंह, व उमाकांत विश्वकर्मा सहित भारी संख्या में अधिवक्ता मौजूद रहे।

## प्रधानमंत्री की जनता से की गई अपील की कांग्रेसियों ने निंदा की

**समृद्धि न्यूज़, महराजगंज।**




प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा चुनाव के बाद देशवासियों से सोना कम खरीदने, पेट्रोलियम पदार्थों एवं खाद्य तेल के उपयोग में कटौती करने तथा विदेश यात्राएं कम करने की अपील को लेकर कांग्रेस नेताओं ने तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। कांग्रेस कार्यालय महराजगंज में जिलाध्यक्ष विजय सिंह एडवोकेट की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में पार्टी नेताओं ने प्रधानमंत्री के बयान की कड़ी निंदा करते हुए इसे जनता पर आर्थिक बोझ डालने वाला और वास्तविक मुद्दों से ध्यान भटकाने वाला बताया। बैठक को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष विजय सिंह एडवोकेट ने कहा कि प्रधानमंत्री द्वारा जनता को विदेशी मुद्रा बचाने और खर्चों में कटौती करने की सलाह देना तब सवालों के घेरे में आ जाता है, जब हाल ही में हुए विधानसभा चुनावों के दौरान भारतीय जनता पार्टी ने असम, पश्चिम बंगाल, तमिलनाडु और पांडिचेरी जैसे राज्यों में बड़े पैमाने पर हेलीकॉप्टरों, विशाल रोड शो और हजारों वाहनों के काफिलों का इस्तेमाल किया। उन्होंने सवाल उठाया कि उस समय सरकारी संसाधनों और भारी खर्च को लेकर प्रधानमंत्री को मितव्ययिता की याद क्यों नहीं आई। पूर्व प्रदेश महासचिव त्रिभुवन नारायण मिश्रा ने भी प्रधानमंत्री के बयान पर निशाना साधते हुए कहा कि देश की वर्तमान आर्थिक परिस्थितियां एक दिन में पैदा नहीं हुई हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार लगातार अर्थव्यवस्था को मजबूत बताकर जनता को भ्रमित करती रही, जबकि आज हालात ऐसे बन गए हैं कि आम लोगों से ही त्याग और बचत की अपील की जा रही है। उन्होंने कहा कि यदि विदेशी मुद्रा भंडार और आर्थिक स्थिति को लेकर चिंता है तो इसके लिए केंद्र सरकार की नीतियां जिम्मेदार हैं। बैठक में मौजूद नेताओं ने कहा कि महंगाई, बेरोजगारी और बढ़ती आर्थिक परेशानियों से पहले ही आम जनता त्रस्त है। ऐसे समय में सरकार को राहत देने वाले कदम उठाने चाहिए, न कि लोगों की रोजमर्रा की जरूरतों पर रोक लगाने जैसी अपील करनी चाहिए। कांग्रेस नेताओं ने आरोप लगाया कि सरकार अपनी नीतिगत विफलताओं का बोझ जनता पर डाल रही है।

इस अवसर पर जिला कोषाध्यक्ष कपिलदेव शुक्ला, जिला उपाध्यक्ष संगठन विनोद सिंह, जिला महासचिव अम्बरीष शाही, ब्लॉक अध्यक्ष शंकर वर्मा, अध्यक्ष अजय सिंह, युवा नेता आयुष सिंह, मुरारी प्रसाद, जमील अहमद सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।